सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,758 |
| निफ्टी | 24,968 |
| सोना | 98,243 |
| चांदी | 1,12,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



एम्स बठिंडा उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्रः अनुराग ठाकुर

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 21 जुलाई 2025 | 6 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 203, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी 23 व 24 को ब्रिटेन के दौरे पर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23-24 जुलाई को ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन की चौथी आधिकारिक यात्रा होगी। ब्रिटेन के बाद पीएम मोदी मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जो 25-26 जुलाई, 2025 तक होगी। प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मोइज्जु के आमंत्रण पर मालदीव जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की यह मालदीव की तीसरी यात्रा होगी। (अनंत ज्ञान)

### रूस के प्रशांत तट पर लगे भूकंप के झटके

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस के प्रशांत तट के पास रविवार को समुद्र में दो शक्तिशाली भूकंप दर्ज किए गए। जिनमें से एक की तीव्रता 7.4 रही। इसके बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने क्षेत्र के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। जानकारी के मुताबिक, 7.4 तीव्रता का भूकंप 20 किलोमीटर की गहराई में आया और इसका केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की शहर से 144 किलोमीटर पूर्व में स्थित था। इस शहर की आबादी करीब 1.8 लाख है। इससे कुछ मिनट पहले उसी क्षेत्र में 6.7 तीव्रता का एक अन्य भूकंप भी दर्ज किया गया था। इन दो शक्तिशाली भूकंपों के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। (अनंत ज्ञान)

### पहली वफादारी देश से पार्टी बाद में : थरूर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने कहा कि किसी भी नेता की पहली वफादारी देश के प्रति होनी चाहिए, पार्टी के प्रति नहीं। थरूर कोच्चि में 'शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय विकास' पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। थरूर ने कहा कि पार्टियां सिर्फ एक रास्ता हैं, देश को बेहतर बनाने का जरिया हैं। उन्होंने कहा कि अगर देश ही नहीं बचेगा, तो पार्टियों का क्या फायदा? इसलिए जब देश की सुरक्षा का सवाल हो, तब सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ज्वाइंट एक्शन कमेटी प्रबंधन को देगी 21 दिन का नोटिस -पेज 2
- हिमाचल में राजस्व विभाग के डिजिटल कायाकल्प की शुरुआत -पेज 3
- शिव भक्ति के रंग में रंगेगा बैजनाथ मंदिर, सावन मेले आज से -पेज 5
- सराज क्षेत्र में ही एक हजार करोड़ का नुकसान -पेज 9
- 7 वर्षों से अधर में लटका राजगढ़ में पार्किंग का निर्माण कार्य -पेज 12


### संसद का मानसून सत्र आज से, केंद्रीय मंत्री रिजिजू बोले-विपक्ष के हर सवाल का जवाब देगी सरकार

# ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई यानी आज से शुरू हो रहा है। यह एक महीना यानी 21 अगस्त तक चलेगा। पिछली बार संसद की कार्यवाही बजट सत्र के दौरान मार्च और अप्रैल में हुई थी। इसके बाद बीते 108 दिन में पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर से लेकर एअर इंडिया प्लेन क्रैश तक काफी कुछ घटा है। मानसून सत्र में इन्हीं मुद्दों पर हंगामा होना तय है। विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में काफी गहमागहमी होने के आसार हैं। वहीं, संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार-विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए। हम मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावों के मुद्दे पर सरकार संसद में उचित जवाब देगी। कई मुद्दे ऐसे हैं, जिन पर पार्टियों ने कहा है कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। हम खुले दिल से चर्चा के लिए तैयार हैं। हम नियमों और परंपराओं के अनुसार काम करते हैं और इनका बहुत महत्व रखते हैं। हमने सभी से अनुरोध किया है कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चले, इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को अच्छे समन्वय के साथ मिलकर काम करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)



संसद भवन की फाइल फोटो

### सदन में सभी को मिलेगा बोलने का पर्याप्त समय



**संसदीय** कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि छोटे राजनीतिक दलों, खासकर जिनके 1-2 सांसद हैं, को बोलने के लिए कम समय मिलता है, क्योंकि समय उनकी संख्या के अनुसार आवंटित किया जाता है। हम छोटे दलों को पर्याप्त समय आवंटित करने पर सहमत हुए हैं। हम इसे लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष रखेंगे।

### सदन में इन मुद्दों को उठाएगा विपक्ष

**संसद** का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को इंडी गठबंधन की ऑनलाइन मीटिंग हुई। इसमें 24 दलों के नेता शामिल हुए। नेताओं ने तय किया कि संसद में वे एकजुट रहेंगे और सरकार से तीखे सवाल पूछेंगे। नेताओं ने एकमत होकर 8 प्रमुख मुद्दे तय किए हैं। इनमें पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, डोनाल्ड ट्रंप का सीजफायर करवाने का बयान, बिहार में वोटर लिस्ट संशोधन, विदेश नीति (पाकिस्तान, चीन, गाजा), डिलिमिटेशन का सवाल और दलित, आदिवासी, पिछड़े, महिला व अल्पसंख्यक वर्गों पर हो रहे अत्याचार शामिल हैं। इसके अलावा विपक्ष अहमदाबाद प्लेन हादसे जैसे अन्य मामलों पर भी सरकार से जवाब मांगेगा। बैठक में नेताओं ने कहा था कि वे चाहते हैं संसद सुचारु रूप से चले, लेकिन मोदी सरकार को इन विषयों पर जवाब देना ही होगा।

### जस्टिस वर्मा पर महाभियोग चलाने पर भी होगी चर्चा

**केंद्रीय** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए 100 से ज्यादा सांसदों ने दस्तखत किए हैं। जस्टिस वर्मा अपने घर पर जली हुई नकदी मिलने के बाद से मुश्किल में हैं। मानसून सत्र में इस मुद्दे पर सरकार विचार करेगी या नहीं, इस पर रिजिजू बोले कि यह प्रक्रिया सभी दल मिलकर करेंगे। यह अकेले सरकार का काम नहीं है।

### मानसून सत्र में आठ विधेयक पेश करेगी मोदी सरकार

**केंद्र** सरकार मानसून सत्र में 8 विधेयक (बिल) पेश करने जा रही है। इनमें देश की भू-विरासत और पुराने अवशेषों की सुरक्षा से जुड़ा एक अहम बिल भी शामिल है। जो विधेयक लाए जाएंगे, उनमें राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक प्रमुख हैं।

## हिमाचल में कुदरती कहर को लेकर केंद्र सरकार गंभीर



- शाह ने बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम बनाने के दिए निर्देश
- टीम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ रही प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में भविष्य की आपदाओं से निपटने और नुकसान का आकलन करने के लिए एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम के गठन का निर्देश दिया है। यह फैसला हाल ही में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद आया है, जिसमें हिमाचल में बादल फटने, अचानक बाढ़, भूस्खलन और मूसलाधार बारिश से बड़े पैमाने पर जान-माल के नुकसान और बुनियादी ढांचे को पहुंची क्षति पर विस्तृत चर्चा हुई। गृह मंत्री के निर्देशानुसार, इस केंद्रीय टीम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे, एक भूविज्ञानी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह टीम आपदाओं के मूल कारणों का अध्ययन करने और भविष्य के लिए प्रभावी रणनीतियां तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गौर रहे कि हिमाचल में कुछ सालों से मानसून के दौरान भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रदेश को हर साल हजारों करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।

# केंद्रीय दल ने मंडी में देखे तबाही के निशान

### आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर भी रहे साथ

**अनंत ज्ञान, गोहर**

मंडी जिले में बरसात के मौसम में बादल फटने, बाढ़ एवं भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन करने पहुंचे केंद्रीय दल ने रविवार को थुनाग उपमंडल के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के उपसचिव कंदर्प वी. पटेल के नेतृत्व में 7 सदस्यीय दल ने बगस्याड व साथ लगते शरण गांव में लोगों के घरों व अन्य संपत्ति को हुए नुकसान का जायजा लिया।

इस दौरान दल ने यहां स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा अन्य क्षतिग्रस्त ढांचों का निरीक्षण भी किया। ग्राम पंचायत मुरहाग के फनयार में भारी भूस्खलन से हुए नुकसान तथा ढांगु धार में छड़ी खड्ड पर बनी पेयजल योजना को हुई क्षति की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत केंद्रीय दल ने थुनाग बाजार में घरों, दुकानों व विभिन्न संस्थानों को हुए नुकसान का जायजा लिया। साथ ही भारी बाढ़ से थुनाग बाजार एवं यहां की आर्थिकी पर पड़े प्रभावों की जानकारी भी प्राप्त की। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने केंद्रीय दल को इन क्षेत्रों में हुए व्यापक नुकसान के बारे में अवगत करवाया। साथ ही यहां चलाए जा रहे बहाली कार्यों की जानकारी भी प्रदान की। इस दौरान स्थानीय विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी केंद्रीय दल के साथ मौजूद रहे और क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी साझा की।



थुनाग व जंजैहली में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायजा लेते केंद्रीय दल के सदस्य।

# फोरलेन प्रभावित परिवारों को मिलेगी राहत

### प्रदेश सरकार ने प्रत्येक प्रभावित जिले में बनाई एक-एक उच्च स्तरीय समिति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश फोरलेन निर्माण से उपजे गंभीर संकट का सामना कर रहा है। विकास की ये परियोजनाएं, जो कभी प्रगति का प्रतीक थीं, अब हजारों परिवारों के लिए चिंता का सबब बन गई हैं। अनियंत्रित खुदाई, बेतरतीब ब्लास्टिंग, और अपर्याप्त सुरक्षा उपायों के कारण कई घरों में दरारें पड़ गई हैं, जमीनें खिसक रही हैं और जीवनयापन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस बढ़ते जन आक्रोश और संपत्ति को हुए व्यापक नुकसान के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम उठाया है। राज्य ने प्रत्येक प्रभावित जिले में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य भूमि अधिग्रहण मुआवजे से संबंधित विवादों को तेजी से सुलझाना और नागरिकों की शिकायतों का समाधान करना है। यह पहल उन लोगों के लिए उम्मीद की एक नई किरण है जो लंबे समय से न्याय का इंतजार कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, हर जिले में नवगठित समिति की कमान संबंधित जिले के उपायुक्त के हाथों में होगी। अन्य प्रमुख सदस्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग के अधिशाषी अभियंता, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक, ठेकेदार के प्रतिनिधि, और उपमंडल मजिस्ट्रेट या भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे, जो संयोजक की भूमिका निभाएंगे।



**प्रभावितों को न्याय दिलाने की दिशा में निर्णायक कदम**

### सुलझेंगे मुआवजे से संबंधित मुद्दे

**समिति** को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वह मुआवजे से संबंधित सभी विवादों को सुलझाए और उनके शीघ्र समाधान के लिए एनएचएआई अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों के साथ मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करे। यह मासिक बैठकें सुनिश्चित करेंगी कि लंबित मामलों पर नियमित रूप से ध्यान दिया जाए और उनका त्वरित निपटान हो।

# जम्मू के किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इलाके में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और ऑपरेशन जारी है। इस कार्रवाई में जम्मू-कश्मीर पुलिस, 2 पैरा स्पेशल फोर्स और 17 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) की टीमें शामिल हैं। दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

**इलाके में दो से तीन आतंकी छिपे होने की आशंका**

इलाके में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार के नुकसान या हताहत की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

## डिजिटल भुगतान में भारत पूरी दुनिया में सबसे आगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत अब तेज डिजिटल भुगतान के मामले में पूरी दुनिया में सबसे आगे निकल गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की नई रिपोर्ट 'खुदरा डिजिटल भुगतान का बढ़ता चलन: इंटरऑपरेबिलिटी का महत्व' के अनुसार, भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इस क्रांति का मुख्य आधार है। 2016 में नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की तरफ से शुरू किया गया यूपीआई आज भारत में पैसे भेजने और पाने का सबसे तेज, आसान और भरोसेमंद तरीका बन चुका है। यूपीआई के जरिए एक ही मोबाइल ऐप से कई बैंक खातों को जोड़ा जा सकता है। फिर चाहे किसी को पैसे भेजने हों, दुकान में भुगतान करना हो या दोस्तों को पैसे ट्रांसफर करने हों, सब कुछ एक ही क्लिक में हो जाता है। भारत में आज हर महीने 18 अरब से ज्यादा लेन-देन यूपीआई के जरिए हो रहा है। जून 2025 में ही यूपीआई ने 18.39 अरब लेनदेन के जरिए 24.03 लाख करोड़ रुपए का भुगतान संसाधित किया। वहीं, यूपीआई से 491 मिलियन यानी 49.1 करोड़ लोग और 65 लाख व्यापारी जुड़े हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



- हर महीने हो रहा 18 अरब रुपए का लेन-देन

# प्रदेश में फिर जमकर बरसेंगे बादल

### किन्नौर, लाहौल-स्पीति को छोड़कर बाकी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल की शांत वादियां एक बार फिर प्रकृति के प्रचंड आवेग का सामना करने का संकेत दे रही हैं। यह सिर्फ बारिश नहीं, बल्कि बादलों का एक ऐसा बवंडर है, जो जीवन की सामान्य धारा को विचलित कर रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़कर, समूचे हिमाचल पर घने मेघों का साया है, जो कभी भी जलप्रलय में बदल सकता है।

रविवार को शिमला की सड़कें धुंध की चादर ओढ़े रहीं, तो सराज जैसे क्षेत्र अभी भी पिछले जख्मों को सहला रहे हैं। भूस्खलन का खतरा घरों पर तलवार की तरह लटक रहा है और लोग हर बूंद के साथ बढ़ती चिंता को महसूस कर रहे हैं। सड़कें धंस रही हैं, घर ढह रहे हैं और प्रकृति का यह रौद्र रूप हिमाचल के बुनियादी ढांचे को चुनौती दे रहा है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों, जैसे चंबा और किन्नौर में बारिश की कमी भी चिंता का विषय है, जो प्रकृति के अप्रत्याशित स्वभाव को दर्शाता है। यह स्पष्ट है कि यह केवल मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि एक जटिल पारिस्थितिकीय चुनौती है, जिसका सामना करने के लिए व्यापक और दीर्घकालिक रणनीतियों की आवश्यकता है।



रविवार को धुंध में लिपटी प्रदेश की राजधानी शिमला।

### अब तक 119 लोगों की मौत, 34 अभी भी लापता

**इस** वर्ष के मानसून ने हिमाचल प्रदेश में अब तक 119 जिंदगियां लील ली हैं, जबकि 215 लोग घायल हुए हैं और 34 अब भी लापता हैं। ये महज आंकड़े नहीं, बल्कि उन परिवारों की कहानियां हैं, जिनके जीवन में इस मानसून ने गहरा घाव दिया है। मंडी जिले में तो सामान्य से 68 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है, जहां 669 एमएम पानी बरसा है। सबसे ज्यादा नुकसान भी यहीं हुआ है।

**अपराध** हिमाचल में हर रोज ठगे जा रहे लोग, धोखाधड़ी का हो रहे शिकार

# इंटरनेट ब्रॉउजिंग से बढ़ा साइबर अपराध

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** तेजी से बदलते डिजिटल युग में हिमाचल प्रदेश के लिए साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के रूप में एक बड़ी चुनौती लेकर आया है। इंटरनेट ब्रॉउजिंग के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी, जिसमें नकली वेबसाइटें, फिशिंग लिंक और दुर्भावनापूर्ण पॉप-अप शामिल हैं, ने पहले ही कई नागरिकों को आर्थिक और व्यक्तिगत नुकसान पहुंचाया है, लेकिन अब अपराधी सोशल मीडिया और मानवीय विश्वास का दुरुपयोग करने वाली सोशल इंजीनियरिंग तकनीकों का भी बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं। यह एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि जालसाज लोगों की असावधानी और जानकारी के अभाव का फायदा उठा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश राज्य अपराध अन्वेषण विभाग (साइबर क्राइम) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2024 में इंटरनेट ब्रॉउजिंग से संबंधित कुल 3,261 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि 2025 में अब तक कुल 1,204 शिकायतें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज की जा चुकी हैं। ये आंकड़े स्पष्ट रूप से साइबर सुरक्षा के प्रति नागरिकों में तत्काल जागरूकता की आवश्यकता को दर्शाते हैं। साइबर पुलिस ने आगाह किया है कि हैकर्स अब लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे पीएम किसान योजना, पीएम आवास योजना, नौकरी के फॉर्म और शादी के डिजिटल निमंत्रण कार्ड जैसे आकर्षक शीर्षकों के नाम पर फर्जी एपीके फाइलें भेज रहे हैं। इन फाइलों को डाउनलोड करते ही पीड़ित का मोबाइल फोन हैकर्स के नियंत्रण में चला जाता है, जिससे वे आसानी से व्यक्तिगत डेटा और वित्तीय जानकारी तक पहुंच बना लेते हैं।




**योजनाओं और शादी के कार्ड के नाम पर एपीके फाइल का खेल**

### साइबर सुरक्षा ही बचाव : डीआईजी



**डीआईजी** साइबर क्राइम मोहित चावला ने बताया कि इंटरनेट ब्रॉउजिंग के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि देखने को मिली है और विभाग विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे किसी भी अनजान नंबर से प्राप्त संदेशों को लेकर पूरी तरह सतर्क रहें। किसी भी अनजान या संदिग्ध स्रोत से भेजी गई फाइल को डाउनलोड करने से बचें। सुरक्षित रहने के लिए, अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स और अन्य महत्वपूर्ण ऑनलाइन सेवाओं में टू-स्टेप वेरिफिकेशन (दो-कारक प्रमाणीकरण) हमेशा ऑन रखें। यह आपके खातों में सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़ता है। साथ ही फिशिंग संदेशों से सावधान रहें। ऐसे अनचाहे ई-मेल, संदेश या कॉल से बचें, जो व्यक्तिगत जानकारी मांगते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### दिनेश ने रेखा गुप्ता को दी जन्मदिन की बधाई



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सचिव एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश भाटिया ने दिल्ली दौरे के दौरान कई महत्वपूर्ण मुलाकातें कीं। वे श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के अध्यक्ष जो भारत मजदूर किसान संगठन (राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार द्वारा पंजीकृत) हैं। दिल्ली में उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने दिल्ली में आयोजित एक समारोह में भाग लिया जहां कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही दिनेश भाटिया ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के दौरान उन्होंने भोरंज क्षेत्र की जमीनी समस्याओं जैसे सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, और किसानों से जुड़ी परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने श्री नड्डा से आग्रह किया कि इन सभी मुद्दों पर शीघ्रता से कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

### आज श्रावण मास में होगी दिव्य रुद्र पूजा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा एक भव्य रुद्र पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यह रुद्र पूजा 21 जुलाई दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक सुजानपुर टिहरा स्थित काली माता मंदिर (सैनिक स्कूल के पीछे) में संपन्न होगा। इस विशेष रुद्र पूजा में बैंगलुरु से पधारे आर्ट ऑफ लिविंग के विद्वान पंडित एवं स्वामी जी वैदिक मंत्रोच्चारण व संपूर्ण विधिविधान के साथ पूजा संपन्न करवेंगे। रुद्र पूजा शिवजी के रौद्र रूप की शांति हेतु की जाती है जिससे नकारात्मक ऊर्जा का शमन होता है। श्रावण मास में रुद्राभिषेक करने से व्यक्ति को चिरायु, स्वास्थ्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह पूजा पितृ दोष, ग्रह दोष और मानसिक अशांति को शांत करने में सहायक मानी गई है। शिव तत्व का जागरण कर यह अनुष्ठान अंतरात्मा को शुद्ध करता है।

### भोरंज में युवा कांग्रेस ने की बैठक



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के विश्राम गृह में युवा कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाना, युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना तथा आगामी सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। बैठक में युवा कांग्रेस सैल के अध्यक्ष डॉ. अशीष कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ जिला हमीरपुर के युवा कांग्रेस प्रभारी अब्दुल खालिक, जिला अध्यक्ष अशोक संधू, तथा विधानसभा भोरंज युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक भी शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए अपने विचार साझा किए और पूर्ण समर्पण के साथ आगामी कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

### बाढ़ पीड़ितों को भेजी 60 हजार रुपए की राशि

**अनंत ज्ञान, भोटा।** गांव मक्कड़ के लोगों ने मंडी में आई त्रासदी के लिए गांव से सहायता राशि एकत्रित की व सभी गांव वासियों ने अपना सहयोग दिया। मक्कड़ गांव से 39000 हजार राशि एकत्रित हुई वही मक्कड़ पंचायत सदस्यों ने भी 21000 सहायता राशि एकत्रित कर स्थानीय विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को दी। पंचायत प्रधान नीरज शर्मा, महिला समिति प्रधान मक्कड़ निशा ठाकुर, कश्मीर सिंह, विक्रम सिंह, विजय, राजीव, हंसराज, दलीप सिंह, लेखराम, अशोक ने सभी गांववासियों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। पंचायत प्रधान नीरज शर्मा ने बताया की पंचायत सदस्यों से एक ट्राला अनाज का भी एकत्रित कर विधायक के पास जमा किया।

### 31 तक करवा सकते हैं मक्की और धान का बीमा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्राकृतिक आपदा जैसे सूखा, बाढ़, जलभराव और ओलावृष्टि इत्यादि से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए आरंभ की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ वर्तमान खरीफ सीजन के दौरान भी उठाया जा सकता है। जिला हमीरपुर में इसी योजना के तहत वर्तमान खरीफ सीजन में मक्की और धान की फसल का बीमा किया जा रहा है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशि पाल अत्री ने बताया कि इन फसलों के बीमे के लिए अंतिम तिथि अब बढ़ाकर अब 31 जुलाई कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मक्की की फसल के लिए जिला हमीरपुर की सभी तहसीलें एवं उपतहसीलें अधिसूचित की गई हैं। जबकि, धान की फसल के बीमे के लिए तीन तहसीलें हमीरपुर, नादौन और भोरंज अधिसूचित की गई हैं। उपनिदेशक ने बताया कि इस योजना से संबंधित अधिसूचना विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उपनिदेशक ने बताया कि जिला हमीरपुर में वर्तमान खरीफ मौसम के लिए क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड को अधिसूचित किया गया है।

### पीड़ितों की मदद के लिए बारी मंदिर से तीसरी गाड़ी रवाना



**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** जिला मंडी के सिराज विधानसभा में हुई भारी त्रासदी पर गांव बारी, माहडे, अम्बी व बग्गी गांव के लोगों ने कंबल, राशन, दाल, तेल व अन्य जरूरत की बस्तुओं से भरा ट्राला भेजा। इस अभियान में महिला मंडल , शिव मंदिर कमेटी व मीडिया का योगदान सराहनीय रहा जिन्होंने पहल की और लोगों ने दिल खोल कर सहायता दी। आज बारी मंदिर के महंत सरताज गिरी ने सुख समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना कर ट्राले को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर सुनील चौहान, देशराज, रजनीश शर्मा, करतार चंद, संजीव चौहान, रिंकू , लकी, संतोष राठौर, अंजना, सुनीता, पवन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### सीएम राहत कोष में भेजी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विकास खंड टौणी देवी के लग देवी गांव के निवासियों ने बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए 37,700 की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में भेजी है।



### भोटा के नंबरदारों की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोटा जिला हमीरपुर के समस्त नंबरदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक 20 जुलाई रविवार सुबह 11:00 बजे भोटा में आयोजित की जाएगी। इस बैठक का आयोजन राजराजेश्वरी कॉलेज में किया जाएगा।

बैठक में नंबरदारों से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी । इसके अलावा नंबरदारों की मांगों को सरकार के समक्ष भी रखा जाएगा। यह जानकारी बड़सर उपमंडल के संयोजक नंबरदार बलवीर सिंह ठाकुर ने दी। बलवीर सिंह ठाकुर ने समस्त नबंरदारों से इस बैठक में भाग लेने के लिए आह्वान किया ताकि अपनी आवाज को सरकार तक पहुंचाया जा सके, और समाधान हो सके।

### बिजली बोर्ड के कर्मचारियों पर धरना-प्रदर्शन को लेकर लगे प्रतिबंध पर रोष

# ज्वाइंट एक्शन कमेटी प्रबंधन को देगी 21 दिन का नोटिस

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



बैठक के दौरान मौजूद कमेटी के संयोजक लोकेश ठाकुर और अन्य।

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर व पेंशनर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बैठक हमीरपुर में कमेटी के संयोजक ई लोकेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक लोकेश ठाकुर व सह-संयोजक हीरा लाल वर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड को तहस-नहस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड प्रबंधन द्वारा एक आदेश जारी किया गया है जिसके तहत बिजली बोर्ड का कर्मचारी या अभियंता कही पर धरना प्रदर्शन नहीं कर सकता। इन आदेशों के अंतर्गत हमने बिजली बोर्ड प्रबंधन को लिखा है कि एक्ट के अनुसार जो मौलिक अधिकार है वह हमें अधिकार देता है कि आप कहीं भी इकट्ठा हो सकते हैं और अपनी बात रख सकते हैं । उन्होंने बोर्ड प्रबंधन पर आरोप लगाया कि यह जो आदेश जारी किए गए हैं वो मौलिक अधिकारों की अवहेलना है और इसका हम विरोध करते हैं।

ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने निर्णय लिया है बिजली बोर्ड प्रबंधन को 21 दिन का नोटिस दिया जाए। 21 दिन के अंदर इन आदेशों को वापस नहीं लिया गया तो पूरे प्रदेश में अपने अधिकारों के लिए अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि नोटिस देने का फैसला आज की बैठक में लिया गया और प्रबंधन को धरना प्रदर्शन बारे जारी किए गए आदेश को निरस्त करने और ज्वाइंट एक्शन कमेटी को प्रबंधन को दी गई मांगों पर वार्ता करने की मांग की गई।

उन्होंने प्रदेश की जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए बिजली बोर्ड में नई भर्ती की मांग की है और बिजली बोर्ड में युक्तिकरण के नाम पर पदों की समाप्त करने की प्रक्रिया और तुरंत रोक लगाने की मांग की है।

#### बिजली बोर्ड में भ्रष्टाचार

**आज** बिजली बोर्ड में भ्रष्टाचार चर्म पर है जो इसकी बदहाली का सबसे बड़ा कारण है इस पर तुरंत रोक लगाने की जरूरत है, वहीं रोजमर्रा की वित्तीय अदायिगियों में भारी धांधली भी सामने आई है। बिजली बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ बहुत सी शिकायतें है जिसकी चार्जशीट तैयार कर प्रदेश सरकार को भेजेंगे। जरूरी हुआ तो इन आरोपों को लेकर ज्वाइंट एक्शन कमेटी न्यायालय में जाएगी। बिजली बोर्ड में पहले डीआईजी विजीलेंस के होते थे, लेकिन आज जो बिजली बोर्ड प्रबंधन निष्पक्ष जांच करने में असफल है। डीआईजी विजीलेंस को बिठाया जाए जिससे प्रदेश में 4000 करोड़ की योजनाओं का पैसा उपभोक्ताओं तक निष्पक्षता से पहुंच सके। 21 दिन में ज्वाइंट एक्शन कमेटी को वार्ता के लिए बुलाया जाए ।

## सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने जांचा 40 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



शिविर में लोगों का चेकअप करते हुए डॉक्टर व अन्य।

प्रयास संस्था द्वारा हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन व सहयोग से संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करवाते हुए सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देई दा नौंण, गांव झलवाणी के आंगनबाड़ी केंद्र मे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया।

अस्पताल सेवा टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर मे 18 पुरुषों व 22 महिलाओं सहित कुल 40 लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए 9 लोगों की रक्तजांच कर अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक किया, जिसमें मधुमेह के 3, उच्च रक्तचाप के 7, जोड़ों के दर्द के 11 लोग व 19 मरीज अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए ।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान बुजुर्गों व महिलाओ के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच नि:शुल्क की गई।

अस्पताल सेवा टीम फार्मसिस्ट सावी गुप्ता, लैब टेक्निशन सोनी वर्मा व चालक नवीन ने डॉक्टर पंकज के नेतृत्व मे अपनी सेवाए प्रदान की। डॉ. पंकज ने लोगों को बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों से बचने के प्रति भी जागरूक किया।

उन्होंने लोगों को पानी उबला कर व साफ पानी पीने व घर पर बने खाद्य पदार्थों का उपयोग करने की सलाह दी। स्थानीय गांववासियों वीना देवी, मीना कुमारी व पंचायत प्रतिनिधियों ने इस सुविधा के लिए प्रयास संस्था व सांसद अनुराग ठाकुर का आभार जताया व धन्यवाद किया ।

## पीड़ितों तक नहीं पहुंचा मुख्यमंत्री राहत कोष का पैसा : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश में जनहित और विकास कार्यों की आड़ में भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है और एक-एक करके सारे उदाहरण जनता के सामने आ रहे हैं।

राजेंद्र राणा ने दावा किया कि हमीरपुर जिले की पलासी मैड़ भगेटू सड़क में हुए निर्माण कार्यों में घोर अनियमितताएं सामने आई हैं, जहां करोड़ों रुप एकी लागत से बनी सेफ्टी वाल्स में सीमेंट की जगह मिट्टी भर दी गई। राजेंद्र राणा ने विभागीय अधिकारियों और मंत्रियों की जानकारी के बिना इतनी बड़ी गड़बड़ी होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरा तंत्र भ्रष्टाचार में डूब चुका है और सरकार का संरक्षण इस लूट को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने मंडी की हालिया आपदा में सरकार की असंवेदनशीलता पर भी तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष का पैसा असली पीड़ितों तक नहीं पहुंचा, बल्कि चहेते कार्यकर्ताओं में इनाम की तरह बांटा गया - ठीक वैसा ही जैसे 2023 की आपदा में नादौन क्षेत्र में किया गया था। राजेंद्र राणा ने कहा कि नादौन में भी वास्तविक पीड़ितों को राहत राशि न देकर अपने खास कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच की यह राशि बांट दी गई थी। राणा ने चेताया कि प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार के कुशासन से तंग आ चुकी है और शीघ्र इस सरकार से छुटकारा पाने को बेचैन है।

## जंगलबैरी में 15 व समैला में 8 फुट अजगर पकड़ा

**अनंत ज्ञान टीम, सुजानपुर/ बड़सर**



जंगलबैरी में पकड़ा गया 15 फुट लंबा अजगर, जिसे बाद में जंगल में छोड़ दिया गया।

सुजानपुर के जंगलबैरी इलाके में एक 15 फुट लंबे अजगर को पकड़ा गया है। यह अजगर गांव में स्थानीय निवासी भीम सिंह रांगड़ा के मकान के पास झाड़ियों में छिपा हुआ था। भीम सिंह राणा ने बताया कि उक्त अजगर ने एक गीदड़ को अपना शिकार बना लिया था, जबकि दूसरा गीदड़ अजगर को वहां से हटाने की कोशिश कर रहा था तथा उसे दांतों से काट रहा था। इतना बड़ा अजगर देखकर उसके होश उड़ गए।

उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाकर एक डंडे की सहायता से अजगर को हिलाया जिस पर बेहद बड़ा अजगर अपना शिकार वहीं छोड़कर झाड़ियों में छिप गया। उसका पड़ा हुआ शिकार मर चुका था। स्थानीय लोगों ने लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद इस अजगर को पकड़ा। गौरतलब है कि अजगर जहरीला नहीं होता है, लेकिन अपने शिकार को गिरफ्त में लेकर उसका दम घोंट देता है। भीम सिंह ने बताया कि जहां यह अजगर पकड़ा गया वहां लोगों के घर हैं। वहीं इस अजगर को सुरक्षित जंगल में आबादी से दूर छोड़ दिया गया है।

वहीं गांव समैला में शालिग्राम के घर में एक अजगर घुस गया था, गनीमत यह रही की अजगर ने कोई नुकसान नहीं किया है। लगभग 8 फुट लंबा अजगर एक घर में घुस गया तथा आनन-फानन में बह बाथरूम में चला गया जब इसका पता घर वालों को लगा तो इसकी सूचना वन विभाग टीम को दी। वन विभाग की टीम दलबल के साथ बीओ विनोद कुमार के नेतृत्व में नाग स्नैचर जसवीर सिंह को लेकर समैला गांव पहुंची तथा अजगर का रेस्क्यू किया लगभग 8 फुट लंबे अजगर को पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वन विभाग की टीम ने इसे पड़कर एक बड़े बोर में बंद किया तथा सठवीं में बीट जंगल में छोड़ दिया है। इस अवसर पर बीओ विनोद कुमार, वन मित्र अभय कुमार तथा वन मित्र सक्षम कुमार उपस्थित रहे।

## रावड़ा गुग्गा मंदिर में हवन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ग्वालपत्थर पंचायत के रावड़ा गुग्गा मंदिर में हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और सभी के कल्याण एवं समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का आगमन शुरू हो गया।

दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने गुग्गा जी महाराज के दरबार में शीश नवाया और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की आस्था के साथ पूजा-अर्चना की। दोपहर को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी पंडित जीवनपाल शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। मंदिर में विभिन्न स्थानीय भक्तों ने सामूहिक कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

## ट्रेनी भर्ती के विरोध में भड़के बेरोजगार युवा

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

- युवाओं के भविष्य से हो रहा है खिलवाड़
- कहा-ट्रेनी टीजीटी भर्ती नीति पर पुनर्विचार करे सरकार

प्रदेश में प्रस्तावित ट्रेनी भर्ती को लेकर बेरोजगार युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा है। युवाओं ने इस भर्ती प्रक्रिया को समय, धन और ऊर्जा का शोषण बताते हुए सरकार से इसे तुरंत रद्द करने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि सरकार भर्ती के नाम पर शिक्षित बेरोजगारों को भ्रमित कर रही है और स्थायी रोजगार के नाम पर केवल वादाखिलाफी की जा रही है।

युवाओं का कहना है कि मैन लो टीजीटी पद के लिए ट्रेनी भर्ती के तहत नियुक्ति पाने के लिए एक अभ्यर्थी को बीएड करने के बाद कम से कम चार परीक्षाओं से गुजरना पड़ेगा है। पहले टेट परीक्षा पास करनी होगी, फिर चयन आयोग की लिखित परीक्षा देनी पड़ेगी। इसके बाद ट्रेनी पद के लिए एक और परीक्षा देनी होगी।

यदि कोई इन तीनों परीक्षाओं में सफल हो भी जाए, तो दो वर्ष की ट्रेनी सेवा पूरी करने के बाद एक और अंतिम परीक्षा पास करनी होगी, तभी जाकर नियमित नियुक्ति मिलती है। बेरोजगार युवाओं ने सवाल उठाया है कि यदि एक युवा टीईटी और चयन आयोग की परीक्षाएं पास कर चुका है, तो फिर ट्रेनी प्रणाली क्यों लागू की जा रही है? यह प्रणाली युवाओं को रोजगार देने की बजाय उन्हें उलझाने जैसा है। राजकुमार, संजीव, दिनेश कुमार, आशीष सहित कई युवाओं ने विरोध दर्ज करवाया और इस प्रक्रिया को युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बताया।

युवाओं ने राज्य सरकार से मांग की है कि वह ट्रेनी टीजीटी भर्ती नीति पर पुनर्विचार करे और प्रक्रिया को सरल बनाकर पारदर्शी तरीके से स्थायी नियुक्ति दे।

## टूर्नामेंट में प्रतिभा दिखाने का मिलता है अवसर : सुनील

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**



मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आयोजक।

- वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ , 12 टीमें ले रही भाग

**नादौन।** नादौन क्षेत्र के रैल गांव में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की 12 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ विकास सभा नादौन के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने किया। बतौर मुख्यातिथि सुनील शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौका पर रिटायर्ड प्रिंसिपल विजय चौधरी, पूर्व युवा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जिंदू, अशीष राणा, शुभम, अमित आदि मौजूद रहे। समाजसेवी सुनील शर्मा ने खिलाड़ियों व युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजसेवी के रूप में उनका उद्देश्य क्षेत्र भर के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराना है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने क्षेत्र व हिमाचल का गौरव बढ़ा सकें। उन्होंने खिलाड़ियों से मेहनत, अनुशासन और समर्पण की भावना से खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रैल वॉलीबॉल क्लब के सदस्यों ने सुनील शर्मा को एक स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया। सुनील शर्मा ने अपनी ओर से क्लब को 5100 रुपए भेंट किए।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 27 और 28 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हमीरपुर जिले की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 27-28 जुलाई को होगी, जिसमें हमीरपुर जिला की बैडमिंटन प्रतियोगिता वरिष्ठ एवं जुनियर (अडर-19) वर्ग के मुकाबले होंगे। जिला बैडमिंटन संघ हमीरपुर के महासचिव शम्मी सोनी ने बताया कि जुनियर वर्ग में 1-1-2007 जन्मे या उसके बाद जन्मे होने चाहिए सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

जो प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वह अपनी एंट्री राजेंद्र शर्मा 9418058720, प्रदीप ठाकुर 7018499384, सुशील ठाकुर 8219960035 के पास 26 जुलाई शाम 6:00 बजे तक जन्मतिथि और नाम सहित लिखवा सकते हैं। प्रत्येक आयु वर्ग में कम से कम 6 प्रतिभागी होना आवश्यक है अन्यथा उनका ट्रायल ही लिया जाएगा। प्रतियोगिता एकल, युगल और मिश्रित सभी वर्गों की होगी और विजेता उपविजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अगस्त में ऊना में होगी।

## राशन कार्ड की सुविधा अन्य राज्यों में भी लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हिमाचली परिवारों के लिए राशन कार्ड की सुविधा अन्य राज्यों में भी हो ताकि जो परिवार बाहर रह रहे हैं उन्हें भी सरकार की योजना का लाभ मिल सके। यह मांग

ज्वालामुखी विकास सभा ने हिमाचल प्रदेश के माननीय सांसदों से पत्र लिखकर उनके समकक्ष उठाई है ।

संस्था के अध्यक्ष अमर चंद कमल और सचिव राकेश चंद्र ने इस संदर्भ में सांसदों को पत्र लिखा है। जिसमें हिमाचली परिवारों के लिए राशन कार्ड की सुविधा अन्य राज्यों में भी लागू किए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान में, हिमाचली परिवार जो दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और देश के अन्य राज्यों में रहते हैं, लेकिन उनका राशन कार्ड हिमाचल प्रदेश का है, उन्हें राशन सुविधा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि इससे हिमाचली परिवारों को अपने दैनिक जीवन में राहत मिलेगी और उन्हें राशन सुविधा प्राप्त करने में आसानी होगी।

## बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- छात्रों को पहुंचाई जाएगी पठन-पाठन

हिमाचल राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ हमीरपुर जिला इकाई की जिला स्तरीय बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर में जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें मुख्यातिथि सीएंडवी अध्यापक संघ के राज्य महासचिव होशियार सिंह तथा महिला मोर्चा की ओर से राज्य महासचिव सुमन लता ने संयुक्त रूप से शिरकत की।

बैठक में भूतपूर्व राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अश्वनी भारद्वाज उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सभी खंडों के सम्मानित खंड प्रधान अपनी-अपनी खंड कार्यकारिणी सहित उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम भारी बरसात के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो रही त्रासदी पर संवेदना प्रकट करते हुए मृतक लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखा गया तथा बाकि प्रभावित लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हुए संगठन की ओर से प्रभावित शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं तक पठन-पाठन सामग्री पहुंचाने का निर्णय सर्वसहमति से लिया गया।

बैठक में अभी हाल ही में राज्य स्तरीय त्रैवार्षिक चुनावी प्रक्रिया में जिला हमीरपुर को राज्य स्तर पर दो महत्वपूर्ण पद क्रमशः होशियार सिंह को राज्य महासचिव तथा महिला मोर्चा राज्य महासचिव सुमन लता को विशेष रूप से संगठन द्वारा भव्य स्वागत करने के पश्चात संगठन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**मांग** | वर्ष 2019-2025 के बीच तैनात टीजीटी की बने वरिष्ठता सूची

# टीजीटी कैडर की हो सिंगल सीनियोरिटी लिस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- 16 हजार टीजीटी की बदलनी है वरिष्ठता सूची

टीजीटी कैडर के लिए सिंगल सीनियोरिटी लिस्ट यानि एक वरिष्ठता सूची बनाने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है । संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली और संयुक्त निदेशक बसंत नेगी से यह मामला उठाया है। संघ ने कहा कि स्कूल शिक्षा निदेशालय की नई वेबसाइट बनने के बाद पुराने दस्तावेज इंटरनेट से भी नहीं मिल रहे हैं।

पुरानी वरिष्ठता सूचियां भी खोजना जटिल हो गया है। इसके अलावा पिछले 2 दशक में अनेकों वरिष्ठता सूचियां जारी हुई हैं, इनमें से अधिकांश सूचियों में अनेकों बार संशोधन होते रहे हैं जिनकी वजह विभिन कोर्ट केस के कारण शिक्षकों को वरिष्ठता देना और वरिष्ठता पर विभिन्न दावों के चलते हुए संशोधन हैं । अनेकों प्रमोटी प्रवक्ता भी इस सूची में शामिल हैं । कुछ शिक्षकों के इसमें नाम नहीं जुड़े हैं।

हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती एवं सेवा शर्त अधिनियम, 2024 के बाद भी हजारों शिक्षकों की वरिष्ठता में बदलाव आया है। विभिन कोर्ट आदेशों से मिली वरिष्ठता को रद्द किया गया है और कुछ कोर्ट आदेशों से वरिष्ठता दी भी गई है । इस तरह सारे टीजीटी कैडर की वरिष्ठता बदलाव के अधीन है। इसके अलावा वर्ष 2019 से वर्ष 2025 के मध्य नियुक्त टीजीटी शिक्षकों को भी वरिष्ठता क्रमांक जारी किया जना बाकी है। ये शिक्षक पदोन्नति हेतु तभी आवेदन कर सकेंगे जब इनको वरिष्ठता मिलेगी।

इधर 20 अगस्त 2022 के बाद टीजीटी हिंदी और टीजीटी संस्कृत को भी वरिष्ठता सूची में शामिल किया जाएगा जबकि पीटीए शिक्षकों को 1 अप्रैल, 2018 से मिली वरिष्ठता बारे हुए बदलाव भी समायोजित किए जाने हैं। संघ ने सिंगल वरिष्ठता सूची बनाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई है ।

#### सर्विस कनफर्म करे शिक्षा विभाग

टीजीटी शिक्षकों की तीन साल सेवाकाल उपरांत होने वाली सर्विस कनफर्मेशन प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने की अपील भी टीजीटी कला संघ ने की है । इसके लिए जरूरी प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए।

## टीबी जोखिमपूर्ण आबादी में 15 नई श्रेणियां शामिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

टीबी की जोखिमपूर्ण आबादी का दायरा बढ़ाया गया है। टीबी की जोखिमपूर्ण आबादी में 15 नई श्रेणियों को शामिल किया गया है। पहले इसमें 32 श्रेणियां शामिल थीं।

अब 45 प्रकार की जोखिमपूर्ण आबादी के एक्सरे करवाए जा रहे हैं। इससे जिले में टीबी के एक्सरे अभियान को नवंबर तक बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि समय पर जांच और पुष्टि होने से टीबी मुक्त बनाने में सफलता हासिल हो सकेगी। विभाग ने लोगों से अपील की है कि अपनी छाती के एक्सरे करवाएं। टीबी मुक्त अभियान के तहत पोर्टेबल एक्सरे मशीन के माध्यम से लोगों की जांच की जा रही है। 15 श्रेणियों के लोगों के शामिल होने के बाद अब लक्ष्य भी बढ़ गया है। पिछले साल से जिला में टीबी मुक्त अभियान के तहत लोगों की स्क्रीनिंग की गई। उसके बाद एक्सरे करवाए जा रहे हैं। एक्सरे करवाने के बाद मरीज की बलगम की जांच की जा रही है। टीबी की पुष्टि होने के बाद मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाता है। इसके अलावा निक्षय मित्रों की ओर से पोषण किट भी मुहैया करवाई जाती हैं।

#### जोखिमपूर्ण आबादियों में ये हैं शामिल

**टीबी** की जोखिमपूर्ण आबादियों में अस्थमा रोगी, कुपोषण के रोगी, गुर्दे बीमारी के मरीज, कैंसर रोगी, पोस्ट कोविड मरीज, सिलिकोसिस रोगी, गर्भवती महिलाएं, क्रोनिक किडनी के रोगी, मुधमेह आदि शामिल हैं। इन श्रेणियों के मरीजों को टीबी होने का अधिक खतरा होता है, इसलिए इन मरीजों को नियमित रूप से टीबी की जांच शामिल किया है।

> टीबी की जोखिमपूर्ण आबादी में 15 नई श्रेणियों को शामिल किया गया है। अब 45 प्रकार की जोखिमपूर्ण आबादी के एक्सरे करवाए जा रहे हैं। इससे टीबी मुक्त अभियान का लक्ष्य बढ़ गया है। नवंबर तक अभियान जारी रहेगा।
>
> -डॉ. सुनील वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने सूबेदार संजय कुमार के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार संजय कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सूबेदार संजय कुमार का गुवाहाटी में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह जिला कांगड़ा के देहरा उपमंडल के सुनेहत गांव के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि एक जांबाज सैनिक का असमय निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने सूबेदार संजय कुमार के निधन को राष्ट्र के लिए बड़ी क्षति बताया और उनके योगदान को याद किया। सीएम सुक्खू ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### 31 तक करें इग्नू में प्रवेश और पुनः पंजीकरण : प्रो. राजेश कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई सत्र के लिए नए प्रवेश और पुनः पंजीकरण की तिथियों में फेरबदल किया है। ऐसे में अब अभ्यर्थी इग्नू से कोर्स के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन मोड में संचालित सभी अधिसूचित कार्यक्रमों में प्रवेश व पुनः पंजीकरण करवा सकते हैं। अध्ययन केंद्र 1107, राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के समन्वयक प्रो. राजेश कुमार ने कहा कि सभी इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू के वेब पोर्टल तथा पुनः पंजीकरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू ने उन अभ्यर्थियों को प्रवेश तिथि में बदलाव कर मौका प्रदान किया है, जो किन्ही कारणों से प्रवेश और पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे। कहा कि अभ्यर्थी 31 जुलाई तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

### दिल्ली से साथियों संग घूमने आई युवती ने व्यक्ति पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के साथ लगते क्षेत्र के निजी होटल में ठहरी बाहरी राज्य की युवती ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती को शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है, वहीं युवती का मेडिकल करवाया जा रहा है।

**आरोपी गिरफ्तार**



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती साथियों संग घूमने आई थी। पुलिस में दर्ज शिकायत में युवती ने बताया कि वे अपने दोस्तों सहित यहां घूमने आई थी और एक होटल में रह रही थी। रविवार सुबह उसकी तबीयत खराब थी। जिसके चलते वे दोस्तों के साथ घूमने नहीं गई और होटल में ही थी। इस दौरान खुद को होटल का एक अधिकारी बताते हुए एक व्यक्ति ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस सारे मामले की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी बताए जा रहे ने शिकंजे में ले लिया। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी आदिति ने बताया कि पुलिस द्वारा युवती की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। युवती की मेडिकल जांच करवाई जा रही है। जबकि संबंधित आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी जांच की जा रही है।


# हिमाचल में हुई राजस्व विभाग के डिजिटल कायाकल्प की शुरुआत

## 4 लाख लंबित मामले निपटे, भू-आधार और माय डीड बनी पहचान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राजस्व विभाग ने लोगों को पारदर्शी, सुविधाजनक और त्वरित सेवाएं प्रदान करने की दिशा में अभूतपूर्व सुधार किए हैं। पिछले अढ़ाई वर्षों में आयोजित राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से लगभग चार लाख लंबित राजस्व मामलों का निपटारा किया गया है, जो प्रदेश सरकार की नवोन्मेषी पहल को दर्शाता है। यह प्रदेश में ई-गवर्नेंस और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग का एक बड़ा उदाहरण बनकर उभरा है।

**'सीएम सुक्खू ने दिखाई नई राह'**




जानकारी के अनुसार अक्तूबर 2023 से जून 2025 तक उप-तहसील और तहसील स्तर पर आयोजित इन लोक अदालतों ने 3,33,892 इंतकाल, 20,369 तकसीम और 36,164 निशानदेही के मामलों का निपटारा किया है। इसके अतिरिक्त, राजस्व रिकॉर्ड में 9,435 मामलों में दुरुस्ती की गई, जिससे हजारों भूमि मालिकों को वर्षों से अटके मामलों से राहत मिली है।

वैसे भी राजस्व विभाग अब डिजिटल युग में कदम रख चुका है। प्रदेश के 90 प्रतिशत गांवों के नक्शे 'भू-नक्शा पोर्टल' पर अपलोड किए जा चुके हैं, जिससे जानकारी तक पहुंच आसान हो गई है। कुल 1.44 करोड़ खसरा नंबरों में से 1.19 करोड़ के लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर (भू-आधार) बनाए गए हैं, जो भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण में एक मील का पत्थर है। साथ ही, 71 प्रतिशत खातों को आधार नंबर से जोड़ा गया है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम, 1954 में संशोधन कर ई-समन जारी करने की सुविधा दी गई है, जिससे समन अब ई-मेल या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जा सकेंगे, जिससे समय की बचत होगी और मामलों के निपटान में तेजी आएगी।

**पेपरलेस कार्यप्रणाली की ओर बढ़ा राजस्व विभाग**

**राजस्व** विभाग ने 'माय डीड' नाम से पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली शुरू की है, जिससे लोग किसी भी समय और कहीं से भी रजिस्ट्री के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस सुविधा से आवेदक को केवल एक बार कार्यालय आना होगा, जहां उनका कार्य निर्धारित समय पर पूरा किया जाएगा।

**जमाबंदी का हिंदी फॉर्मेट बनाया सरल**

**आम** जनता की सुविधा के लिए जमाबंदी का हिंदी फॉर्मेट भी सरल बनाया गया है, जिसमें पारंपरिक उर्दू और फारसी शब्दों को हटा दिया गया है। ई-रोजनामचा की शुरुआत एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो पटवारियों को दैनिक गतिविधियों और रिपोर्टों को डिजिटल रूप से रिकॉर्ड करने में सक्षम बनाएगा, जिससे तहसीलदार बेहतर निगरानी कर पाएंगे।

**सीएम के मार्गदर्शन से हुआ बड़ा बदलाव**

**राजस्व** विभाग की यह डिजिटल पहलें लोगों के बार-बार सरकारी कार्यालयों में आने की आवश्यकता को कम करेंगी और जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण तथा जरूरतमंदों को राहत देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह सभी सुधार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रदेश की जनता को पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# जुब्बल में विकास की नई इबारत लिखी रोहित ठाकुर ने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



खुली जीप में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रोहित ठाकुर।

शिक्षा मंत्री रोहित ने जुब्बल उपमंडल के शुराचली क्षेत्र में स्थित रावीं पंचायत में 29 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन ढाडी का उद्घाटन किया। मंत्री ने वर्तमान सरकार के पिछले अढ़ाई साल के कार्यकाल में रावीं पंचायत में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हुआ है और शुराचली क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है।

**शिक्षा मंत्री ने किया ढाडी सामुदायिक भवन का उद्घाटन**

उन्होंने इस क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण सड़क सावड़ा-मांदल-झगटान के 22.48 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे मेटलिंग और टारिंग कार्य की जानकारी दी। इसके अलावा, 2023 की आपदा में क्षतिग्रस्त हुई थाना से मांदल सड़क की 25 लाख रुपए की लागत से मरम्मत का कार्य भी प्रगति पर है। मंत्री ने 4.25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले चामसु पुल के शीघ्र निर्माण की भी घोषणा की, जिससे शुराचली के साथ-साथ सीमावर्ती रोहड़ू उपमंडल के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने भोलाड़ में 1.74 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का भी उल्लेख किया। इस दौरान, उन्होंने भकान गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

शिक्षा मंत्री ने रॉयल नवयुवक मंडल थाना द्वारा आयोजित स्वर्गीय बलि राम ठाकुर मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नवयुवक मंडल को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो जैसे खेल विशेष रूप से उपयुक्त हैं। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय युवक मंडल को 50,000 रुपए देने की घोषणा भी की।

# पीएम श्री स्कूलों के मेधावी शैक्षिक भ्रमण पर रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों के 248 मेधावी स्टूडेंट्स और अनाथ बच्चे रविवार को पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए चंडीगढ़, दिल्ली और आगरा के लिए रवाना हो गए हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक कक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ना है।

समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित यह यात्रा, शिक्षा विभाग के सहयोग से, छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, गौरवशाली इतिहास और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संस्थानों को करीब से समझने का अवसर प्रदान करेगी। इस दल में 15 एस्कॉर्ट शिक्षक और जिला नोडल अधिकारी भी शामिल हैं, जो छात्रों के मार्गदर्शन और सुरक्षा का ध्यान रखेंगे। जानकारी के अनुसार यह शैक्षिक यात्रा छात्रों को देश की कुछ सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का प्रत्यक्ष अनुभव कराएगी।

**अनुभवात्मक शिक्षा की ओर एक कदम, कक्षा से बाहर सीखने का अवसर**

आज यह दल चंडीगढ़ पहुंचेगा, जहां वे सुखना झील जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण करेंगे। इसके बाद, छात्र दिल्ली के लिए रवाना होंगे, जहां उन्हें लालकिला, इंडिया गेट, कुतुब मीनार, नेशनल म्यूजियम सहित अनेक राष्ट्रीय महत्व के स्थलों को देखने का मौका मिलेगा। यात्रा का अगला पड़ाव आगरा होगा, जहां विद्यार्थी विश्व प्रसिद्ध ताजमहल और आगरा किला जैसी ऐतिहासिक इमारतों को करीब से निहारेंगे। ये स्थल छात्रों के लिए इतिहास और वास्तुकला के जीवंत पाठ बनेंगे, जिससे उनका ज्ञान और दृष्टिकोण विस्तृत होगा।

**वंचित विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत**

**इस** शैक्षिक दल में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों से आए मेधावी छात्रों के साथ-साथ निराश्रित और वंचित विद्यार्थी भी शामिल हैं। उनके लिए यह भ्रमण नए अनुभवों और आत्म-प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक विरासत और महत्वपूर्ण संस्थानों की जानकारी देकर नए अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे उनका ज्ञान, दृष्टिकोण और आत्मबल बढ़ता है। पीएम श्री योजना के राज्य नोडल अधिकारी रविंदर सिंह ने बताया कि यह पहल छात्रों को वैश्विक सोच, समावेशी दृष्टिकोण और व्यावहारिक ज्ञान से संपन्न कर रही है। यह यात्रा 24 जुलाई को समाप्त होगी।

# खनन माफिया छोटी पुलियों से निकाल रहा बड़ी गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, डमटाल**

विभाग ने शाह नहर के नीचे दीवार खड़ी कर रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया था, लेकिन खनन माफिया ने बंद किए रास्ते से मात्र कुछ ही दूरी पर शाह नहर के ऊपर बनी दो छोटी-छोटी पुलियों से रोजाना सैकड़ों मल्टीएक्सल गाड़ियों को निकाल रहे हैं। शाह नहर पर बनी पुलिया किसी भी समय धराशाई होकर गिर सकती हैं और क्षेत्र के किसानों ओर सरकार को करोड़ों का नुकसान हो सकता है।



शाह नहर परियोजना के ऊपर बनी ण्क छोटी पुली से गुजर रहा खनन माफिया के मल्टी एक्सल वाहन।

उच्च न्यायलय ने अंतर राज्यीय सिंचाई परियोजना (शाह नहर) जो पंजाब-हिमाचल जो जोड़ती है तथा शाह नहर संरचना के नीचे से अवैध तौर पर बनाए गए रास्ते को 8 जुलाई को स्थायी रूप से करने के आदेश जारी किए थे। जल शक्ति विभाग (शाह नहर) परियोजना के अधीक्षण अभियंता विकास बक्शी ने पल्ला झाड़ते हुए तबादला किए गए अधिशाषी अभियंता से शाह नहर परियोजना के बारे में बात करने को कहते हुए फोन काट दिया। वहीं, एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती को बार-बार फोन करने के बाद उन्होंने अपना फोन ही बंद कर लिया।

वहीं, शाह नहर परियोजना के अधिशाषी अभियता पंकज ब्यास ने बताया कि शाह नहर के नीचे बने रास्ते को बंद कर दिया गया है, उसी तरह शाह नहर के ऊपर पुलियों से गुजर रहे खनन माफिया के वाहनों के रास्ते को भी बंद किया जाएगा। उसके लिए उन्होंने खनन विभाग को लिखित रूप से संयुक्त तौर पर कारवाई करने के लिए विभाग की कर से पत्र लिखा है, ताकि किसी प्रकार की कोई गतिविधि खनन माफिया की शाह नहर के ऊपर से न हो सके।

# एम्स बठिंडा उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




एम्स बठिंडा का दौरा करते पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने एम्स बठिंडा का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रेसिडेंट अनिल गुप्ता, कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह और उच्चाधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की। ठाकुर ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, और पिछले 11 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम हुआ है।

**पंजाब और राजस्थान के लिए वरदान**

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता इलाज को किफायती बनाना है, जिसका प्रमाण देश भर में एम्स की बढ़ती संख्या है। एम्स बठिंडा, विशेष रूप से पंजाब और राजस्थान के लाखों लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है, जहां 3 लाख से अधिक ओपीडी और 30 हजार आईपीडी सालाना होते हैं। अनुराग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एम्स अपनी गुणवत्ता और सस्ते इलाज के लिए जाने जाते हैं और मरीज बेहतर इलाज की उम्मीद में इन संस्थानों पर पूरा भरोसा करते हैं।

# सुक्खू की जॉब ट्रेनी पॉलिसी से युवाओं में भ्रष्टाचार व पक्षपात का डर : सत्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व भाजपाध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों में ग्रुप-ए, बी और सी के पदों पर भर्ती पर सुक्खू सरकार की नई योजना का कड़े शब्दों पर विरोध करते हुए कहा कि इसके पीछे का मकसद अच्छे उम्मीदवार भर्ती करना नहीं बल्कि पैसे बचाना है, ताकि पूरा वेतन देने से बच सकें।



**बोले-सरकार शुरू से ही बेरोजगारों के साथ करती आ रही छल**

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार शुरू से ही बेरोजगार के साथ छल करती आई है, जिसके कारण प्रदेश के युवा सड़कों पर खाक छान रहे हैं। जॉब ट्रेनी पॉलिसी ने युवाओं में गहरी चिंता उत्पन्न कर दी है। यह पॉलिसी ग्रुप-ए, बी और सी के पदों पर अनुबंध भर्ती प्रणाली को समाप्त करने के लिए लाई गई है। इसके अंतर्गत, उम्मीदवारों को दो वर्षों के लिए ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा, लेकिन नियमितीकरण की कोई ठोस गारंटी नहीं है। ट्रेनी को पेंशन, छुट्टियां और अन्य भत्ते नहीं मिलेंगे, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ेगा। सत्ती से आरोप लगाया कि भर्ती के लिए स्वायत्त निकायों और एजेंसियों की भूमिका अस्पष्ट है, जिससे भ्रष्टाचार या पक्षपात का डर हो सकता है।

इसके अलावा, ट्रेनी को अतिरिक्त काम के बिना समान लाभ न मिलने से शोषण करना है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार इस समय में दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पीरियड को भी नियमित करने में अढ़ाई पौने तीन साल लगा रही है, तो दूसरी बार टेस्ट में कितनी देरी लगेगी। क्या बैच वाइज नियुक्ति में भी टेस्ट होगा। पालिसी का मतलब रोजगार नहीं देना है। उन्होंने कहा जॉब ट्रेनी पॉलिसी 2025 युवाओं के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालेगी। इस पालिसी से स्पष्ट है कि हिमाचल सरकार युवा विरोधी है।

**गुटबाजी का 'बुलबुला' या 'झोंका'** 'अपनी डफली अपना राग' अलापने में क्यों जुटे हैं नेता

# सीएम जिले में कांग्रेस की सियासत को आखिर किसकी लगी नजर!

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** कांग्रेस की सियासत में हमीरपुर जिला काफी महत्वपूर्ण है। कारण यह है कि सूबे के मुख्यमंत्री का यह गृह जिला है, लेकिन यहां पार्टी की सियासत अजीबो-गरीब मरहले में तब्दील क्यों हो रही? यह यक्ष प्रश्न यहां खूब चर्चा में है। हमीरपुर में कांग्रेस की सियासत को आखिर किसकी नजर लग गई है? गृह जिला भले ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हो, लेकिन जिला स्तर पर प्रभाव दिखाने और वर्कर्स को एकजुट रखने की हिमाकत किस नेता के हवाले है? यह स्थिति यहां बहुत ही विचित्र दशा-दिशा में है। स्थिति चाहे अंदरुनी तौर पर देखने वाली हो या व्यवहारिक तौर पर महसूस करने की। प्रभावशाली नेता की कमी यहां अब अपना 'गुल' खिलाने को आतुर है।

सत्ता की पायदान की सवारी आधी से ज्यादा मुकम्मल हो चुकी है। मगर स्थिति को संभालने के लिए इस जिले में कोई ध्यान किसी का दिखता हो, ऐसा कतई भर भी महसूस नहीं हो रहा। भोरंज की राजनीति से चर्चा शुरू करें तो ऐसा लगता है कि सत्ता से बाहर बैठे नेता यहां पर अंदरुनी तौर पर ताजा हालात से खुश दिख रहे हैं। यह गुटबाजी का दौर अब मुखर होने जैसी स्थिति में करवटें ले रहा है, लेकिन यह स्थिति पैदा क्यों हुई, इस पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है।

एक-दूसरे के खिलाफ नेता जुबान खोलने का अंदाज भी बाया-बाया यानी दूसरों का सहारा लेकर कर रहे हैं। मतलब जंग छेड़ने से पहले वे सीधे तौर पर इंवॉल्व नहीं हो रहे, लेकिन एहसास भी करवा रहे हैं कि जो आगे होना है, हो जाए। अब चुप बैठकर किसी को कोई फायदा होने वाला नहीं है।

**विधानसभा चुनाव कांग्रेस को दे गए संजीवनी**

**जिले** में संगठनात्मक तौर पर कांग्रेस का ढांचा कभी भी मजबूत नहीं दिखा। इस बार विधानसभा चुनाव में जो पहले कभी नहीं हुआ, वह हो गया। उसके पीछे के कारण जो भी रहे हों, लेकिन कांग्रेस को बड़ी संजीवनी दे गया। मगर ज्यादा समय तक उस स्थिति को बरकरार रखने में कांग्रेस का ढांचा कामयाब नहीं हो पाया। मगर भविष्य की पार्टी राजनीति के पहिए मजबूत हो पाए होंगे? इस पर वहां अभी भी संशय ही बरकरार है। हमीरपुर विस क्षेत्र की पार्टी राजनीति में भी अब धीरे-धीरे बदलाव दिखने लगा है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय हो चुके हैं। यहां लगातार दो विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशी रहे डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा सक्रिय तो खूब दिखते हैं, लेकिन पार्टी के भीतर नेताओं के अंदाज जिस तरीके से अब फलने फूलने लगे हैं, उसके मायने भी अलग तरह से निकाले जा रहे हैं।

**राजनीति में नेता बदल रहे अपनी करवटें**

**बड़सर** की पार्टी राजनीति में भी नेताओं की करवटें अपने-अपने हिसाब से बदल रही हैं, यह मुख्यमंत्री का दौरा इसलिए कुछ समय से अचानक क्यों नहीं हो पा रहा। इस पर भी अलग तरह की चर्चा हो रही है। दो बार प्रोग्राम तैयार होने के बाद भी दौरा रद्द हो गया। उपचुनाव में यहां भी कांग्रेस की राजनीति में जो हालात बने हैं, वह भविष्य की राजनीति के लिए भी उसके लिए धरातल पर मंथन करने वाली स्थिति पैदा कर रहे हैं। जो भी हो, इस जिला में मुख्यमंत्री सुक्खू को खुद कमान संभाल कर पटरी से उतरे नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए अब जमीनी तौर पर काम करने की जहमत उठा लेनी होगी, क्योंकि गृह जिले में यदि पार्टी के नेताओं की गुटबाजी और बढ़ेगी, तो इसका असर उन्हीं के आसपास मंडराएगा। समय रहते परिस्थितियों को अनुकूल बनाने के लिए अब जानकार सही वक्त बता रहे हैं।

# जॉब ट्रेनी पॉलिसी राज्य के युवाओं को ठगने का नया जाल : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजीव बिंदल शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

प्रदेश भाजपाध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार की नई जॉब ट्रेनी पॉलिसी को बेरोजगार युवाओं को ठगने का नया जाल बताया। बिंदल ने आरोप लगाया कि यह नीति सिर्फ नौकरियों के मुद्दे को टालने और कांग्रेस सरकार को एक साल का जीवनदान देने का एक तरीका है। उन्होंने कांग्रेस पर युवाओं का शोषण करने और केवल अपने मित्रों को नौकरियां देने का आरोप लगाया, जिसका उदाहरण देते हुए उन्होंने वन, पशु, चिकित्सक, मुख्यमंत्री मित्रों, जैसे प्रचलित शब्दों का जिक्र किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने पर 58 साल की पक्की नौकरी देने का वादा किया था, जिसका जिक्र उन्होंने प्रियंका गांधी के एक वीडियो के संदर्भ में किया।

बिंदल ने कांग्रेस के उन चुनावी वादों को भी दोहराया, जिनमें 63,000 खाली पदों को भरने और 37,000

**कांग्रेस के वादों पर सवाल, 58 साल की पक्की नौकरी या केवल मित्रों को रोजगार?**

दिया गया था, साथ ही पहली कैबिनेट बैठक में एक लाख पक्की नौकरियां देने का वादा भी किया गया था।

उन्होंने हिमाचल में भर्ती परीक्षाओं के रद्द होने या परिणामों के रुकने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने याद दिलाया कि वर्तमान सरकार ने ही नौकरी देने वाले संस्थानों को बंद कर दिया और एक अधिसूचना से 1.50 लाख पदों को समाप्त कर दिया, जिससे रोजगार के अवसर

**अव्यावहारिक पॉलिसी और एडमिन हैकिंग**

**बिंदल** ने मौजूदा जॉब ट्रेनिंग पॉलिसी को पूरी तरह से अव्यवहारिक बताया, जिसमें युवाओं को पहले नौकरी पाने के लिए और फिर दो साल बाद फिर से परीक्षा देनी होगी। उन्होंने इस नीति के तहत कर्मचारियों को हिम केयर और आयुष्मान भारत जैसी सुविधाओं से वंचित रखने पर भी सवाल उठाए, और यह स्पष्ट नहीं होने पर आपत्ति जताई कि इन कर्मचारियों की नियुक्ति कौन करेगा। बिंदल ने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार के पास इस नीति को सफल बनाने का कोई ठोस फार्मूला नहीं है और यह केवल युवाओं के साथ किया गया एक मजाक है। यह नीति, उनके अनुसार, कांग्रेस की एडमिन हैकिंग का एक और उदाहरण है, जिससे केवल अव्यवस्था और भ्रम फैला रहा है।

**जनता के दबाव का असर** ऐतिहासिक विरोध के बाद एनएचएआई झुका, 22 से 24 जुलाई को होगा संयुक्त निरीक्षण

# शिमला बाईपास परियोजना में एनएचएआई करेगा पंचायतों के साथ निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

भारतीय जनशक्ति का प्रभाव एक बार फिर देखने को मिला है, बाकायदा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने शिमला बाईपास परियोजना के संबंध में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण करने पर सहमति व्यक्त की है। यह महत्वपूर्ण निर्णय हिमाचल किसान सभा और सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) द्वारा शिमला स्थित एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर किए गए विशाल विरोध प्रदर्शन के ठीक तीन दिन बाद आया है। यह घटनाक्रम स्थानीय समुदायों की लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को संबोधित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

जानकारी के अनुसार आगामी निरीक्षण 22, 23 और 24 जुलाई को होंगे, जिसमें शिमला बाईपास परियोजना के पैकेज-1 और पैकेज-2 के तहत बाशा, शोघी, आनंदपुर, कोट गेहा, मेहली, पुजारली, मल्याणा, चम्याणा और ढली जैसी महत्वपूर्ण पंचायतें शामिल होंगी। एनएचएआई पीआईयू-शिमला के परियोजना निदेशक आनंद कुमार ने 17 जुलाई को जारी पत्र के माध्यम से इसकी औपचारिक सूचना दी।



**जनशक्ति का प्रभाव एक बार फिर देखने को मिला**

पत्र में परियोजना के रियायतग्राहियों और स्वतंत्र अभियंता को स्थानीय पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित करने और सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ निरीक्षण में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने एनएचएआई और उसके ठेकेदारों पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिनमें अवैज्ञानिक निर्माण पद्धतियां, अवैध रूप से मलबा डालना, श्रम कानूनों का घोर उल्लंघन और आवासीय ढांचों, कृषि भूमि तथा स्थानीय पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाना शामिल था। उनकी प्रमुख मांगों में स्थानीय पंचायतों के साथ तत्काल मौके पर सुनवाई, प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा, गवार कंपनी को काली सूची में डालना और स्थानीय निवासियों के लिए 80 प्रतिशत नौकरियों में आरक्षण अनिवार्य करने वाली राज्य की रोजगार नीति को लागू करना शामिल था।


**दो प्रमुख कंपनियों के अधिकारी रहेंगे मौजूद**

**एनएचएआई** ने मेसर्स शिमला बाईपास कैथलीघाट शकराला प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स गवार शिमला हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड दोनों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित साइट विजिट के दौरान अपने अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें और संबंधित तकनीकी एवं कानूनी दस्तावेज साथ रखें।

**स्थानीय समुदायों को शामिल करने पर बनी सहमति**

**हिमाचल** प्रदेश की राजमार्ग विस्तार परियोजनाओं में पर्यावरणीय क्षति और निर्माण संबंधी लापरवाही से संबंधित बार-बार मिल रही शिकायतों के बाद, शिकायत निवारण में स्थानीय समुदायों को शामिल करने की दिशा में प्राधिकरण द्वारा यह पहला औपचारिक और महत्वपूर्ण कदम है। विरोध कर रहे संगठनों ने एनएचएआई की इस प्रतिक्रिया को आंशिक जीत बताया है।

# कुलफा स्वादिष्ट जंगली सब्जी, सेहत की चाबी



**प्रकृति ने हर ऋतु के अनुरूप हमें असंख्य पौधे उपहार स्वरूप दिए हैं, जो मानव जीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इन मौसमी पौधों का सेवन न केवल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि यह हमारी उन विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है, जो हर मौसम के साथ बदलती रहती हैं। दुर्भाग्यवश, आजकल बेमौसमी सब्जियों के उपभोग का चलन तेजी से बढ़ रहा है। इन सब्जियों को उगाने के लिए कृत्रिम वातावरण (जैसे पॉलीहाउस) और रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग किया जाता है, जो लंबे समय में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं।**



आयुर्वेद भी इस बात पर बल देता है कि भोजन का चयन ऋतुओं के अनुसार किया जाना चाहिए। बेमौसमी आहार प्रकृति के नियमों के विरुद्ध माना जाता है, और जब भी हम प्रकृति के इस संतुलन को तोड़ते हैं, तो उसका दुष्परिणाम बीमारियों के रूप में हमारे सामने आता है। यही कारण है कि आज जीवनशैली से जुड़ी अनेक समस्याएं-जैसे मोटापा, मधुमेह, पाचन विकार और हृदय रोग-आम हो गई हैं।

ऋतु के अनुसार, जैविक रूप से उगने वाली सब्जियां न केवल शरीर को भीतर से पोषण देती हैं, बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर होती हैं। बरसात के मौसम में हिमाचल के विभिन्न पहाड़ी क्षेत्रों में सहज रूप से उगने वाली कुलफा (Portulaca oleracea) ऐसी ही एक अद्भुत वनस्पति है, जिसे पहाड़ी क्षेत्रों में 'न्यार' भी कहा जाता है। स्वाद में हल्की खट्टी-नमकीन, कुरकुरी और अत्यंत पौष्टिक कुलफा न केवल एक जंगली सब्जी है, बल्कि सेहत का खजाना भी है। इसमें प्रचुर मात्रा में ओमेगा-3 फैटी एसिड, आयरन, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और विभिन्न रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। हमें चाहिए कि हम पुनः ऋतुओं के अनुसार भोजन करने की परंपरा को अपनाएं और अपनी थाली में ऐसी पारंपरिक मौसमी वनस्पतियों को स्थान दें, जो प्रकृति से सीधे जुड़ी हैं और हमारे स्वास्थ्य के लिए अमूल्य हैं।



*डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी*

कुलफा प्रदेश की 1700 मीटर तक की ऊंचाई वाली बेकार जमीन, खेतों, बगीचे में या फिर सड़क के किनारे एक खरपतवार की तरह स्वतः ही पनपता है। यह एक वार्षिक रसीला पौधा होता है, जिसकी मोटी गूदेदार पत्तियां और तने इसे विशेष रूप से पोषण से भरपूर बनाते हैं। हालांकि, कुलफा एक खाद्य ही नहीं अपितु एक बहुउपयोगी औषधीय पौधा भी है, जो अपने इन गूदेदार तनों और पत्तियों में अनेक प्रकार के पोषक और औषधीय तत्वों को संजोए रहता है। इसकी पत्तियां न केवल स्वास्थ्यवर्धक होती हैं, बल्कि अपने खट्टे-नमकीन स्वाद के कारण भोजन में विशेष ताजगी भर देती हैं। यही कारण है कि कुलफा पहाड़ी क्षेत्रों की प्रिय जंगली सब्जियों में गिनी जाती है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में यह प्राचीनकाल से उपयोग में लाया जाता रहा है। आज जरूरत है कि हम फिर से अपनी जड़ों की ओर लौटें और इन पारंपरिक ऋतु अनुसार उपजने वाली सब्जियों को अपने भोजन का हिस्सा बनाएं।

## औषधीय गुण

*कुलफा की पत्तियां, तने और बीज शरीर को कई प्रकार की बीमारियों से बचाने की क्षमता रखते हैं। कुलफा के प्रमुख औषधीय गुण इस प्रकार हैं:*

- **मूत्रवर्धकः** कुलफा में प्राकृतिक मूत्रवर्धक गुण होते हैं, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं और किडनी की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं।
- **रक्तचाप नियंत्रणः** इसमें मौजूद पोटेशियम और ओमेगा-3 फैटी एसिड उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं, जिससे यह हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। इसके लिए कुलफा की पत्तियां, टमाटर और लहसुन के साथ हल्के नमक और मसालों में उबालें। सप्ताह में 2-3 बार इस औषधीय सूप का सेवन करने से रक्तचाप नियंत्रित रहता है और हृदय की कार्यक्षमता बेहतर होती है।
- **एंटीऑक्सीडेंट का स्रोतः** कुलफा विटामिन सी, विटामिन ए, बीटा कैरोटीन और फ्लेवोनॉइड्स जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं कोशिकाओं को क्षय से बचाते हैं।
- **त्वचा रोगों में लाभकारीः** इसकी ताजी पत्तियों का पुल्टिस स्तनों की सूजन, फोड़े-फुंसी या ब्लॉकेज जैसी समस्याओं में बेहद उपयोगी माना गया है। नियमित रूप से 3-5 दिन तक सुबह इसका पुल्टिस त्वचा पर लगाया जाए या रस सुबह खाली पेट पिया जाए या तो दाग-धब्बे, फुंसी और एलर्जी में आश्चर्यजनक लाभ होते हैं।
- **पाचन तंत्र को मजबूत करता है :** कुलफा के रेशे (फाइबर) और खनिज तत्व पाचन को बेहतर बनाते हैं और कब्ज, गैस आदि समस्याओं में राहत प्रदान करते हैं।
- **डायबिटीज और मोटापे में सहायकः** इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है और यह फैट कम करने में सहायक है। इसके लिए कुलफा की पत्तियाँ, तुलसी, आंवला और कड़ी पत्ता को मिलाकर ग्रीन जूस तैयार करें। प्रतिदिन सुबह इसका सेवन शुगर लेवल नियंत्रित करता है और वजन घटाने में मदद करता है।

## खाद्य मूल्य

**कुलफा** में आवश्यक मिनरल्स एवं विटामिन प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। अपने असाधारण पोषण गुणों और औषधीय विशेषताओं के कारण आज कुलफा वैश्विक स्तर पर सुपरफूड का दर्जा प्राप्त कर रही है।

- ***पत्तियां (सूखी हुई प्रति 100 ग्राम):*** इसमें कैलोरी 270, प्रोटीन 26 ग्राम, वसा 4 ग्राम, कार्बोहाइड्रेट 50 ग्राम, फाइबर 11.5 ग्राम, ऐश 20 ग्राम, मिनरल्स-कैल्शियम 1500, फास्फोरस 550, लोहा 29, सोडियम 55, पोटेशियम 1800, विटामिन ए 15000, थायमिन (बी1): 0.35, राइबोफ्लेविन (बी2) 1.4, नियासिन 6 और विटामिन सी 250 मिलीग्राम होता है।
- **बीज (प्रति 100 ग्राम) :** बीज में 21 ग्राम प्रोटीन, 18.9 ग्राम वसा, 3.4 ग्राम ऐश, बीजों के फैटी एसिड 10.9 पामिटिक, 3.7 स्टीयरिक, 1.3 बेहेनिक, 28.7 ओलिक, 38.9 लिनोलिक और 9.9 लिनोलेनिक होते हैं।

## स्वाद और खाद्य उपयोग

*कुलफा की नई कोमल पत्तियों को सलाद के रूप में कच्चा खाया जाता है, जबकि तनों और पुरानी पत्तियों को साग या सब्जी के रूप में पकाया जाता है। इसकी पत्तियां सूप को गाढ़ा करने में भी उपयोगी होती हैं। इसके बीजों को पुराने समय में अन्य अनाजों के साथ मिलाकर पीसा जाता था, ताकि अधिकतम पोषण प्राप्त किया जा सके। इसकी नमकीन और मसालेदार स्वाद वाली डिशेज को लोग बेहद पसंद करते हैं, और बरसात से पतझड़ तक इसका भरपूर उपयोग किया जाता है। यह अपने खट्टे-नमकीन स्वाद के कारण ग्रीन जूस के रूप में सबसे बढ़िया उपयोग किया जा सकता है या परांठा बना कर बच्चों को भी खिला सकते हैं।*

### जलवायु परिवर्तन के दौर में आदर्श फसल

कुलफा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह कठिन जलवायु परिस्थितियों में भी आसानी से फल-फूल सकता है। सकुलेंट होने के कारण इसे ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं होती और यह सूखा तथा उच्च तापमान सहन कर सकता है। यह इसे जलवायु सहनशील कृषि के लिए आदर्श बनाता है। इसकी खेती सरल है और यह विविध प्रकार की मिट्टी में उग सकता है, जिससे यह भविष्य की सतत और सुरक्षित खाद्य प्रणाली की दिशा में एक मजबूत विकल्प बन सकता है।

### गांवों की आम खरपतवार से आजीविका का साधन

हिमाचल प्रदेश में यह अकसर एक सामान्य खरपतवार के रूप में देखा जाता है, लेकिन कुछ स्थानों पर ग्रामीण लोग इसे इकट्ठा कर स्थानीय बाजारों में बेचते हैं। इस प्रकार यह उनके लिए आय का एक अतिरिक्त साधन भी बनता जा रहा है। कुलफा सिर्फ एक साधारण जंगली पौधा नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, पोषण और पर्यावरणीय अनुकूलता का अनमोल उपहार है। हमें इसकी उपेक्षा करने की बजाय इसके उपयोग को अपने खानपान में शामिल कर स्वास्थ्य लाभ उठाना चाहिए और इसकी व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। इस अद्भुत सुपरफूड को अपनाकर हम न केवल अपनी सेहत सुधार सकते हैं, बल्कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में सुरक्षित खाद्य भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

---



# गर्भावधि मधुमेह

## मां व भ्रूण पर प्रभाव प्रबंधन और फॉलोअप

**गर्भावधि** मधुमेह (Gestational Diabetes Mellitus-GDM) वह स्थिति है, जिसमें गर्भावस्था के दौरान पहली बार मधुमेह का निदान होता है। यह स्थिति मां और भ्रूण दोनों के लिए गंभीर प्रभाव डाल सकती है।

### प्रभाव

**प्रीक्लेम्पसिया** का खतरा- उच्च रक्तचाप और प्रोटीन यूरिया से जुड़ी यह स्थिति मां और शिशु दोनों के लिए गंभीर हो सकती है।
**अधिक एमनियोटिक फ्लूइड** (Polyhydramnios): इससे समय से पहले प्रसव या प्रसव के दौरान जटिलताएं हो सकती हैं।
**समय से पहले प्रसवः** जीडीएम के कारण गर्भधारण की पूर्ण अवधि से पहले प्रसव होने की संभावना बढ़ जाती है।
**भविष्य में टाइप 2 डायबिटीज का खतराः** जीडीएम की इतिहास वाली महिलाओं में आगे चलकर टाइप 2 मधुमेह होने की संभावना अधिक होती है।

### भ्रूण पर प्रभाव

**बड़ा बच्चा (Macrosomia) :** शिशु का वजन अधिक होना, जिससे प्रसव के दौरान कठिनाई हो सकती है।
**कंधा फंसना (Shoulder Dystocia) :** शिशु का कंधा प्रसव के दौरान अटक सकता है, जिससे आपातकालीन स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।
**नवजात हाइपोग्लाइसीमियाः** जन्म के बाद शिशु में ब्लड शुगर का गिरना गंभीर स्थिति बन सकती है।
**श्वसन संकट सिंड्रोम (DS) :** फेफड़ों का पूर्ण विकास न होने से सांस लेने में कठिनाई होती है।
**भविष्य में मोटापा और डायबिटीज :** ऐसे बच्चों में बड़े होकर मोटापा और टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है।

### संतुलित आहार जरूरी

**आहार प्रबंधन (Medical Nutrition Therapy) :** संतुलित आहार और उचित कैलोरी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है।
**व्यायाम :** नियमित हल्का व्यायाम जैसे तेज चाल से चलना लाभकारी होता है।
**नियमित ब्लड शुगर जांच :** Fasting और Post-Meal शुगर का ध्यानपूर्वक निरीक्षण जरूरी है।

### दवाइयां

**इंसुलिनः** सबसे सुरक्षित और प्रभावी विकल्प।
**ओरल दवाएंः** जैसे मेटफॉर्मिन, कुछ मामलों में प्रयुक्त होती हैं।

### गर्भावस्था के दौरान निगरानी

**स्वयं ब्लड शुगर की निगरानीः** घर पर ग्लूकोमीटर से नियमित जांच करें।
**हर तिमाही Hba1c जांचः** पिछले 3 महीनों का ब्लड शुगर नियंत्रण जानने के लिए।
**भ्रूण की वृद्धि की निगरानीः** समय-समय पर अल्ट्रासाउंड जांच जरूरी है।
**AFI (Amniotic Fluid Index) जांचः** एमनियोटिक फ्लूइड की मात्रा पर निगरानी रखना आवश्यक है।

### प्रसव के समय विचार

**समयः** यदि ब्लड शुगर नियंत्रण में हो, तो प्रसव 38-39 सप्ताह के बीच किया जा सकता है।
**तरीकाः** सामान्य प्रसव को प्राथमिकता, परंतु स्थिति अनुसार निर्णय लिया जाता है।
**नवजात विशेषज्ञ की उपस्थिति :** शिशु के लिए संभावित जटिलताओं के कारण पेडियाट्रिशियन की उपस्थिति आवश्यक है।

### प्रसव के बाद फॉलोअप

1. OGTT (Oral Glucose Tolerance Test) : प्रसव के 6 सप्ताह बाद शुगर की जांच कर भविष्य के जोखिम का मूल्यांकन।
**जीवनशैली में बदलाव :** स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और वजन पर नियंत्रण।
जीडीएम इतिहास में नियमित जांच : हर 1-3 वर्षों में ब्लड शुगर जांच जरूरी है।



*डॉ. ललित एम नेगी चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल*




*प्रस्तुतिः आरके सहगल, चंबा*

---

# कसमल की जड़ों का आयुर्वेदिक उपयोग



*डॉ. रंजना कपूर, जोगिंद्रनगर, मंडी*

***कसमले, जिसे स्थानीय भाषा में कसमल या कुसुमले भी कहा जाता है, एक बहुउपयोगी औषधीय पौधा है, जो विशेषकर हिमाचल, उत्तराखंड और नेपाल के पर्वतीय क्षेत्रों में पाया जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम Berberis aristata है और यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है। खासतौर पर इसकी जड़ें आयुर्वेद में बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती हैं, जिनका उपयोग कई प्रकार के रोगों के इलाज में किया जाता है। आयुर्वेदिक मत के अनुसार, कसमले की जड़ें कड़वे स्वाद वाली, तीव्र और गर्म प्रकृति की होती हैं। इनका प्रमुख गुण रक्त को शुद्ध करना, त्वचा विकारों को दूर करना, पाचन सुधारना और शरीर में संचित विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना है। कसमले की जड़ों से बना काढ़ा या चूर्ण त्वचा रोगों जैसे फोड़े-फुंसी, खुजली, एक्जिमा और सोरायसिस में लाभ पहुंचाता है। यह खून की अशुद्धियों को दूर कर त्वचा को अंदर से साफ करता है, जिससे चेहरे पर निखार भी आता है।***

## पीलिया, अपच तथा पेट में कीड़ों की समस्या में भी कारगर

**यह** जड़ी-बूटी जिगर की कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है और पीलिया, अपच तथा पेट में कीड़ों की समस्या में भी कारगर मानी जाती है। आयुर्वेद में इसे कृमिनाशक औषधि के रूप में भी पहचाना गया है। कसमले की जड़ों से बना काढ़ा या अर्क लीवर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है और मूत्र संक्रमणों में भी राहत देता है। परंपरागत रूप से इसकी जड़ों का रस आंखों की बीमारियों जैसे आंखों में लालपन और सूजन के लिए भी उपयोग किया जाता है। कसमले की जड़ का उपयोग आमतौर पर काढ़ा बनाकर या चूर्ण के रूप में किया जाता है, परंतु इसकी मात्रा और सेवन की विधि रोगी की शारीरिक स्थिति पर निर्भर करती है, इसलिए इसका प्रयोग आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह से ही करना चाहिए। अधिक मात्रा में सेवन करने से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है, जिससे सिरदर्द या अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को इसका उपयोग करने से पहले चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लेना चाहिए।




***कुल मिलाकर कसमले की जड़ें आयुर्वेद में एक प्रभावशाली और बहुगुणी औषधि के रूप में जानी जाती हैं, जो प्राकृतिक रूप से शरीर को रोगों से बचाने और उपचार में सहायक होती हैं। यह एक पारंपरिक चिकित्सा धरोहर है, जो आज भी आधुनिक जीवनशैली में उपयोगी सिद्ध हो रही है।***

---

# बढ़ता मानसिक तनाव दे रहा न्यूरोलॉजिकल रोगों को जन्म

## *न्यूरो सर्जरी की बढ़ती जरूरत और जागरूकता जरूरी*

**बिलासपुर** के सुप्रसिद्ध व्यास अस्पताल में सेवाएं दे रहे न्यूरो ट्रॉमा सर्जन डॉ. नरेश कालिया ने कहा कि न्यूरो सर्जरी केवल गंभीर मस्तिष्क या रीढ़ की चोटों तक सीमित नहीं, बल्कि यह उन तमाम जटिल बीमारियों के इलाज का माध्यम है, जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती हैं। डॉ. कालिया के अनुसार, वर्तमान जीवनशैली और बढ़ता मानसिक तनाव न्यूरोलॉजिकल रोगों को जन्म दे रहा है। ब्रेन ट्यूमर, रीढ़ की हड्डी की नसों में दबाव, मिर्गी, लकवा, सिरदर्द, स्लिप डिस्क, ट्रॉमा इंजरी जैसे मामले अब आम होते जा रहे हैं, जिनका सही निदान और समय पर इलाज ही रोगी की ज़िंदगी बचा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों में न्यूरो समस्याओं को लेकर अज्ञानता और डर सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि सिर में बार-बार तेज दर्द, शरीर के किसी अंग का अचानक सुन्न होना, संतुलन खोना, बोलने या देखने में परेशानी, पीठ में लगातार दर्द जैसे संकेत गंभीर न्यूरो समस्याओं की ओर इशारा कर सकते हैं। व्यास अस्पताल में उपलब्ध न्यूरो सर्जरी सुविधाओं का जिक्र करते हुए बताया कि अस्पताल में नवीनतम सर्जिकल तकनीकें, एमआरआई व सीटी स्कैन की सुविधा, तथा एक समर्पित विशेषज्ञ टीम मौजूद है, जो हर उम्र के मरीजों को सटीक और सुरक्षित इलाज उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में न्यूरोट्रॉमा से संबंधित सभी इलाज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, सही सलाह और योग्य सर्जन का मार्गदर्शन ही न्यूरो सर्जरी के सफल परिणाम की कुंजी है। राज्य और जिले में इस तरह की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होना न सिर्फ जरूरी है, बल्कि यह समाज के लिए एक जीवनदायिनी सुविधा है।



*डॉ. नरेश कालिया, न्यूरो ट्रॉमा सर्जन, व्यास अस्पताल बिलासपुर*




### लक्षणों को न करें नजरअंदाजः डॉ. नरेश कालिया

डॉ. नरेश कालिया ने बताया कि आज न्यूरो सर्जरी अत्याधुनिक तकनीकों और माइक्रो सर्जिकल उपकरणों की मदद से पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और सफल हो चुकी है। जरूरत इस बात की है कि लक्षणों को नजरअंदाज न किया जाए।

*प्रस्तुति : अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर*

---

# मानसिक स्वास्थ्य वर्तमान समय की प्रमुख चुनौतियां और समाधान

***आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। आधुनिक जीवनशैली, कार्यस्थल का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं और व्यक्तिगत समस्याएं, ये सभी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं न केवल व्यक्ति को बल्कि उसके परिवार और समाज को भी व्यापक रूप से प्रभावित करती हैं।***

- **तनाव और चिंता :** तनाव और चिंता आज की जीवनशैली का हिस्सा बन गए हैं। कार्यस्थल के दबाव, आर्थिक अस्थिरता, व्यक्तिगत जीवन में समस्याएं और भविष्य की अनिश्चितता लोगों में अत्यधिक तनाव और चिंता उत्पन्न करती हैं। इसके कारणों में काम का अधिक बोझ, व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के बीच संतुलन की कमी और समय प्रबंधन की समस्याएं शामिल हैं।
- **अवसाद :** अवसाद एक गंभीर मानसिक समस्या है, जो व्यक्ति को जीवन की सभी खुशियों से दूर कर सकती है। इसके लक्षणों में लगातार उदासी, निराशा, आत्मसम्मान में कमी, नींद की कमी या अधिकता, भूख में कमी या अधिकता, और आत्मघाती विचार शामिल हो सकते हैं। अवसाद के कारणों में जैविक, आनुवंशिक, पर्यावरणीय, और मनोवैज्ञानिक कारक शामिल हो सकते हैं।
- **नींद की समस्याएं :** अपर्याप्त नींद या अनिद्रा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर बुरा असर डालती है। तनाव, चिंता, अवसाद और अनियमित जीवनशैली नींद की समस्याओं के प्रमुख कारण हैं। अपर्याप्त नींद से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, जिससे ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, स्मरण शक्ति की कमी और मूड स्विंग्स जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।



*हरि चंद स्टेट, अवॉर्डी अध्यापक जीपीएस चिलाआगे, खंड निरमंड, कुल्लू*



- **स्वास्थ्य सेवाओं की कमी :** मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और पहुंच में कमी एक बड़ी समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव, विशेषज्ञों की कमी, और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता की कमी के कारण लोग अकसर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का समय पर इलाज नहीं करवा पाते।
- **समाधान :** जागरूकता बढ़ानाः मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थलों पर मानसिक स्वास्थ्य सेमिनार और वर्कशॉप आयोजित की जानी चाहिए। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का उपयोग करके लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और समस्याओं के बारे में जानकारी दी जा सकती है।
- **समय पर परामर्श :** मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती लक्षणों को पहचानकर समय पर मनोवैज्ञानिक या मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। समय पर इलाज से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को नियंत्रित किया जा सकता है और गंभीरता से बचा जा सकता है।
- **स्वास्थ्यकर जीवनशैली :** नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और ध्यान जैसी गतिविधियां मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक और ध्यान मानसिक शांति और संतुलन प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।
- **सकारात्मक सोचः** नकारात्मक विचारों से दूर रहकर और सकारात्मक सोच को अपनाकर मानसिक स्थिति को सुधार सकते हैं। आत्मसम्मान को बढ़ाने के लिए सकारात्मक आत्म-संवाद और आत्म-सुधार की गतिविधियों को अपनाया जा सकता है।
- **समाज का समर्थनः** परिवार और दोस्तों का समर्थन मानसिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी को अपनी समस्याएं साझा करने के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण मिलना चाहिए। समाज को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए।

***निष्कर्षः मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे नजरअंदाज करने से गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। समय पर जागरूकता, सही उपचार और समाज का समर्थन, इन सबके माध्यम से हम मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से निपट सकते हैं और एक खुशहाल जीवन जी सकते हैं।***

## न्यूज ब्रीफ

### छन्नी में 7.06 ग्राम चिट्टे के साथ एक काबू

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस थाना डमटाल के तहत छन्नी गांव में नारकोटिक्स सैल द्वारा आकाशदीप पुत्र सरफू सिंह निवासी गांव मैहतावपुर, जिला होशियारपुर, पंजाब जो अपने ससुराल गांव छन्नी में ही रहता है, उसके रिहायशी मकान में छापेमारी कर 7.06 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस थाना डमटाल में मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### 22 पीएमश्री स्कूलों के 44 बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के 22 पीएमश्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के 44 मेधावी बच्चे रविवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। डाइट धर्मशाला से प्रिंसिपल राकेश शर्मा ने बच्चों को रवाना किया। चंडीगढ़, दिल्ली व आगरा की यात्रा कर ये बच्चे 24 जुलाई को वापस लौटेंगे। शैक्षणिक यात्रा के लिए 9वीं व 11वीं के उन मेधावियों का चयन किया गया है, जिन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले के 22 पीएमश्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में प्रति स्कूल 2 बच्चों को भ्रमण के लिए चयनित किया गया है। गौरतलब है कि प्रदेशभर से 239 बच्चे भ्रमण पर गए हैं, जिनमें से 44 बच्चे कांगड़ा जिले के स्कूलों के हैं। इन बच्चों के साथ 15 एस्कार्ट टीचर भी भ्रमण पर हैं। इनमें प्रदेशभर के 8 अनाथ बच्चे भी शामिल हैं। इस अवसर पर डाइट प्रिंसिपल राकेश शर्मा और पीएमश्री के जिला को-ऑर्डिनेटर राजेश बैंस भी मौजूद थे। प्रिंसिपल राकेश शर्मा ने बच्चों को उनकी सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

### भक्ति में समर्पण ही परम आराधना: हरिशानंद

**अशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से बीपी शर्मा के निवास स्थान मटौर (कांगड़ा) में सत्संग सभा का आयोजन किया गया। प्रभु महिमा में भावमय भजनों का सुंदर संकीर्तन महात्मा मनप्रीत जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। सत्संग प्रवचनों का प्रवाह दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी हरिशानंद जी ने किया। उन्होंने अपने ओजस्वी एवं आध्यात्मिक विचारों से भक्तों को आत्मज्ञान और भक्ति के गूढ़ रहस्यों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि भक्त और भगवान का संबंध केवल किसी मूर्त स्वरूप या कर्मकांड से नहीं, बल्कि भावनाओं की पूर्ण एकात्मकता से जुड़ा होता है। जब भक्त का हृदय शुद्ध, समर्पित और निष्कलंक होता है, तब वह स्वयं भगवान का रूप बन जाता है। भक्ति में समर्पण ही परम आराधना है।

### मरहूं में शिव पुराण कथा महायज्ञ 23 से

**रीतिका कठियाल, अनंत ज्ञान, सुलह।** शिव मंदिर मरहूं में श्री शिव पुराण कथा महायज्ञ का 23 जुलाई से 31 जुलाई तक आयोजन किया जाएगा। 23 जुलाई को कथा व्यास आचार्य कुलवंत शास्त्री के नेतृत्व में सुबह 9:00 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 23 जुलाई से 31 जुलाई तक नित्य पूजन सुबह 8:00 बजे से 10.00 बजे प्रातः तक होगा व कथा का समय दो बजे से सांय: से 5:00 बजे सांय तक प्रतिदिन होगा।

### प्रतिभागियों ने दिए टेलेंट दे दन दना दन के ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के बैनर चले टेलेंट दे दन दना दन के ऑडिशन पूरे हिमाचल सहित बाहरी राज्यों में भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके ऑडिशन शनिवार को कांगड़ा के प्रतिष्ठित होटल मैंग्रो ट्री में आयोजित किए गए, जिसमें प्रतिभागियों ने मॉडलिंग डांसिंग के अलावा फ्लूट के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा को दिखाया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में मॉडलिंग कैटेगरी आशीष कुमार, डांस के निर्णायक मंडल में चिंकी गुप्ता और संगीत के निर्णायक मंडल में सुशील यादव ने अहम भूमिका निभाई।

### आरक्षण के लिए गलत तरीके से रोस्टर तैयार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर की पूर्व अध्यक्ष ऊषा चौहान ने नगर पंचायत शाहपुर में आने वाले चुनावों में वार्डों के आरक्षण के लिए गलत तरीके से रोस्टर तैयार करने का आरोप लगाया है। नगर पंचायत शाहपुर की कुल जन संख्या जहां 5286 के आधार पर 2020 का चुनाव हुआ था, वहीं नए रोस्टर में भी जनसंख्या 5286 ही दर्शाई गई है। इसमें नगर पंचायत के वार्डों से कई स्थानों पर आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों को अधिकारियों ने अपनी मनमानी से एक वार्ड से हटा कर दूसरे वार्ड में डाल दिया है, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। मनमर्जी से वार्ड की रिजर्वेशन के लिए दर्शाया गया है, जो कि सरासर गलत है।

### 2 पहलवानों का स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में चयन



**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** जय वीर बजरंगी अखाड़ा दुराना के 2 पहलवान स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में चयनित हुए हैं। कोच विनोद राणा ने बताया कि सेना से सेवानिवृत होने के उपरांत अखाड़ा शुरू किया और 2 साल से फ्री कोचिंग दे रहे हैं। पहलवान रक्षित उर्फ कालू पहलवान (13) निवासी ठेहड़, पर्व भगालिया पहलवान। (12) निवासी डुराना हमीरपुर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के ट्रायल में चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल से डिप्टी रेंजर जोगिंद्र राणा ने एक दुकान बच्चों को प्रैक्टिस के लिए फ्री दे रखी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को प्रतिभा बहुत है, लेकिन ग्राउंड न होने की वजह से युवा वंचित रह जाते हैं। उन्होंने युवा एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह, कृषि व पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार से मांग की है कि ग्राउंड, शेड व कुश्ती मेट मुहैया करवाए जाएं।

### पुलिस, होटलियर्स और व्यापारियों ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज में लगातार सामने आ रही अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने व पर्यटकों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने के लिए रविवार को व्यापारिक संगठनों और कारोबारियों सहित एसएचओ दीपक ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें पर्यटन कारोबारियों व पर्यटकों की सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में कारोबारियों, होटल-रेस्तरां व व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया। एसएचओ ने कारोबारियों-व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उनका निवारण करने का आश्वासन दिया। विभिन्न संगठनों ने पार्किंग, दिन-प्रतिदिन रेहड़ी-फड़ी के अतिक्रमण के साथ ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग करने के साथ कहा कि पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच होने वाले झगड़े का निस्तारण थाना स्तर पर किया जाना चाहिए।

# शिव भक्ति के रंग में रंगेगा बैजनाथ मंदिर, सावन मेले आज से

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** शिव मंदिर बैजनाथ में आज श्रावण माह के चार सोमवार मेलों का शुभारंभ होगा। मंदिर के द्वार सुबह तीन बजे ही खोल दिए जाएंगे। सावन मास के इन मेलों का मुख्य आकर्षण जल अर्पित करने के लिए शिव मंदिर में पहली बार लगाई गई जलहरी रहेगी।



रविवार को कुल्लू से विशेष रूप से बुलाए गए कारीगरों द्वारा स्थापित किया गया है। इस जलहरी के लगने से अब हर कोई श्रद्धालु भोले बाबा के शिवलिंग पर जल आसानी से चढ़ा सकेंगे तथा काफी हद तक वीआईपी कल्चर पर भी लगाम कसी जा सकेगी। वहीं, अन्य दिनों में शिवलिंग पर जल चढ़ाने की व्यवस्था पूर्व की भांति ही रहेगी। एसडीएम संकल्प गौतम नायक, तहसीलदार गुरमुख सिंह ने शिव मंदिर का दौरा कर तैयारी का जायजा लिया। मंदिर परिसर में शिव भक्तों को भारी बारिश में सुगमता रहे उसके लिए वाटर प्रूफ तिरपाल की व्यवस्था की गई है।

**सुबह तीन बजे खुल जाएंगे मंदिर के द्वार**

मंदिर के गर्भ गृह को फूलों से सजाया गया है। मंदिर अधिकारी रमन ठाकुर ने बताया कि इस बार मेलों के दौरान मंदिर के गर्भगृह में केवल ट्रस्टी और अधिकृत पुजारी की उपस्थिति रहेगी। भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक आयोजन मंदिर परिसर के बाहर होंगे।

### भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

शिव भक्तों की सुविधा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, पहली बार शिव भक्त सावन माह में भोलेनाथ को पूरा दिन जल अर्पित कर सकेंगे। मेला ग्राउंड में 200 स्टॉलों का आवंटन किया गया है। यह मेला पूर्व की भांति मंदिर के पिछली और पोस्ट आफिस के पास लगाया गया है। उधर, विधायक किशोरी लाल, मंदिर ट्रस्टी घनश्याम अवस्थी, मिलाप राणा, मनीष शर्मा इंद्र नंदा, रमेश चड्ढा, सुरेश फुंगरी, मुकेश शर्मा ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के मद्देनजर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। चारों सोमवार मेलों के दौरान शिव भक्तों द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा। वहीं, रविवार को भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



# ओवरस्पीड पर आईटीएमएस से होंगे चालान

## धर्मशाला में चल रहा है वाहन स्पीड मैपिंग का कार्य

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला एरिया में जल्द ही ओवरस्पीड पर चालान इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से काटने की प्रक्रिया शुरू होगी। वर्तमान में धर्मशाला में आईटीएमएस के माध्यम से वाहन स्पीड मैपिंग का कार्य चल रहा है।

शहर में कई जगहों पर दिन व रात में दोपहिया व चौपहिया वाहन ओवरस्पीड दौड़ते हुए देख जा सकते हैं। अब इन वाहनों पर आईटीएमएस शिकंजा कसेगा और चालान की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि वर्तमान में शहर में आईटीएमएस के माध्यम से बिना हेल्मेट व ट्रिपलिंग व अन्य चालान किए जा रहे हैं। अब आईटीएमएस के माध्यम से ओवरस्पीड वाहनों की स्पीड को कंट्रोल करने की दिशा में पुलिस ने कार्य शुरू कर दिया है।

### कई जगह दौड़ते हैं ओवरस्पीड वाहन

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों में चालक वाहनों को ओवरस्पीड दौड़ाते नजर आते हैं। धर्मशाला के सीधे सड़कों पर इस तरह की समस्या आए दिन पेश आती है। धर्मशाला के सकोह, चीलगाड़ी, शीला चौक से चैतड़ू सड़क पर दोपहिया वाहन चालक ओवरस्पीड वाहन दौड़ाते हैं। जिनसे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है, यही नहीं कई हादसे पूर्व में घटित भी हो चुके हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर कार्य कर रही जिला पुलिस ने अब आईटीएमएस के माध्यम से ओवरस्पीड वाहनों पर नकेल कसने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

> **आईटीएमएस** के माध्यम से ओवरस्पीडिंग की टेस्टिंग चल रही है। इसके उपरांत ओवरस्पीड वाहन दौड़ाने वालों के चालान भी आईटीएमएस के माध्यम से किए जाएंगे। अभी मैपिंग का कार्य चल रहा है, जिसमें यह चेक किया जा रहा है कि आईटीएमएस में वाहनों की स्पीड सीमा सही आ रही है या नहीं। मैपिंग कार्य पूरा होने उपरांत आईटीएमएस ओवरस्पीड वाहनों पर भी नकेल कसेगा।
>
> **-अदिति सिंह, एएसपी जिला कांगड़ा**

### भनाला में पिकअप से 16 पेटी अवैध शराब बरामद

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** थाना शाहपुर के अंतर्गत शनिवार देर रात पुलिस ने भनाला के चौरी गांव में पिकअप जीप (एचपी 90 7327) से संतरा मार्का की देसी शराब की 16 पेटी बरामद की हैं। पुलिस को सूचना के आधार पर शनिवार रात लगभग एक बजे भनाला में नाका लगाकर जीप को रोका और तलाशी लेने पर अवैध शराब बरामद की गई। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने दो आरोपियों राकेश कुमार निवासी रेहलू व राहुल कुमार निवासी सल्ली के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हैप्पी बर्थडे



सुन्हानी के पर्व को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



ठारू (नगरोटा बगवां) के आर्यन को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## केवल पठानिया ने किया गड़प्पा मोड़-बसनूर सड़क का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने 2.50 करोड़ की लागत से बनी गड़प्पा मोड़-बागड़ू-बसनूर सड़क का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि इस नई सड़क से बागड़ू और बसनूर पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जनकल्याण से जुड़ी परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने नौशहरा निवासी प्रीतम चंद के पारंपरिक घराट के पुनरुद्धार के लिए 2 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की। इससे पूर्व उन्होंने रैत में जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बसनूर पंचायत प्रधान उषा धीमान ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए सड़क निर्माण के लिए आभार जताया और पंचायत की अन्य समस्याएं भी उनके समक्ष रखीं।



उपमुख्य सचेतक ने घराट के पुनरुद्धार के लिए 2 लाख देने की घोषणा की।

## डंपिंग साइट के विरोध में उतरी सुधेड़ की महिलाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- **कहा- खेतों के साथ पेयजल में मिल रहा गंदा पानी**
- **नगर निगम से लगाई समस्या से राहत की गुहार**

**नगर** निगम धर्मशाला की डंपिंग साइट के निकटवर्ती क्षेत्र सुधेड़ गांव के लोगों द्वारा साइट को लेकर विरोध के स्वर एक बार फिर उठना शुरू हो गए हैं।

सुधेड़ की स्थानीय निवासी रेखा गुरुंग, शैली गुरुंग, बागेश्वरी महिला मंडल प्रधान सुनीता ठाकुर, इंदू व कृपालेश्वरी महिला मंडल की प्रधान ममता देवी ने बताया कि डंपिंग साइट का कूड़ा व लगातार हो रही बरसात के चलते गंदा पानी उनके खेतों व पीने योग्य पानी में जा रहा है।

इससे खेतों में फसलें तो प्रभावित हो रही है। साथ ही पालतू पशुओं की ओर से पीने के पानी से संबंधित समस्याएं आ रही हैं। उन्होंने मांग की है कि इस समस्या से उन्हें शीघ्र निजात दिलाई जाए। नगर निगम धर्मशाला के कमिश्नर जफर इकबाल ने बताया कि यह समस्या मेरे ध्यान में है, जिसको लेकर एक ज्वॉइंट कमेटी गठित कर बैठक के माध्यम से रिव्यू लिया जा रहा है। साथ ही निगम के प्रयास हैं कि जल्द से जल्द इस कूड़े के पहाड़ को मुक्त किया जाए, जिसको लेकर कार्य तेजी से चल रहा है।

### करियाड़ा नाग मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** करियाड़ा गांव स्थित प्राचीन नाग मंदिर में 60 दिवसीय सावन मेले के पहले रविवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने बताया कि यह मेला दो महीने तक निरंतर चलता है, जिसमें रविवार, मंगलवार और शनिवार को विशेष भीड़ होती है।

### वादे पूरे न होने पर पेंशनर्स ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन इकाई बैजनाथ की मासिक बैठक राम प्रशाद शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान आपदा में जान गंवाने वाले लोगों की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। सभी पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री द्वारा किए वादों के प्रति रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने वादा को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने नौ करोड़ रुपए चिकित्सा बिलों का भुगतान, हर माह समय पर पेंशन देने, अन्य देय भत्तों का भुगतान, 4 सातवें वेतनमान के एरियर की 50,000 हजार की किस्त जारी करने का वादा किया था।

### गैलेक्सी स्कूल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में जूनियर व सीनियर वर्ग की गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें चारों सदनों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जूनियर वर्ग में आजाद सदन प्रथम, नेहरू सदन द्वितीय, टैगोर सदन तृतीय और शिवाजी सदन चौथे स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग में आजाद सदन प्रथम, द्वितीय स्थान पर नेहरू, तृतीय स्थान पर शिवाजी और चौथे स्थान पर टैगोर सदन रहा। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक निदेशक डॉ. गुलशन कुमार, निदेशक किरण लता वैद्य, उपप्रधानाचार्या श्वेता वैद्य, समन्वयिका रानी धीमान व अन्य अध्यापक उपस्थित थे। स्कूल निदेशक गुलशन कुमार ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गणित प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिता छात्रों में गणितीय प्रतिभा को विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, तार्किक सोच को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है यह एक रचनात्मक मूल्यांकन का तरीका है, जो छात्रों के गणितीय ज्ञान और समस्या का समाधान कौशल को बढ़ाता है।

## एचआरटीसी कर्मचारियों ने गेट मीटिंग से भरी हुंकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- **कहा- मांगें न मानी तो पहली अगस्त को सड़कों पर होंगे कर्मी**
- **पहली तारीख को दिया जाए वेतन और पेंशन**

**एचआरटीसी** कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में रविवार को जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित बस अड्डा में गेट मीटिंग कर हुंकार भरी है। कर्मियों का कहना है कि हर माह दस तारीख को नारेबाजी करने उपरांत वेतन का भुगतान किया जाता है, ऐसे में उनकी प्रमुख मांग है कि हर माह की पहली तारीख को पेंशन व वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही यूनियन ने चेताया कि 31 जुलाई तक मांगें न मानी गई तो पहली अगस्त को एचआरटीसी कर्मी सड़कों पर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार व निगम प्रबंधन की होगी। रविवार को धर्मशाला बस अड्डा में एचआरटीसी कर्मियों ने गेट मीटिंग की, जिसकी अध्यक्षता एचआरटीसी ड्राइवर्स यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने की। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा निगम प्रबंधन को 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है,। ऐसे में 31 जुलाई तक मांगों पर कोई निर्णय नहीं होता है तो पहली अगस्त को निगम कर्मी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि निगम कर्मियों को पहली तारीख को वेतन और पेंशन देना सुनिश्चित की जाए। मान सिंह ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में आलम यह है कि निगम कर्मियों को हर माह दस तारीख को नारे लगाने के बाद वेतन दिया जा रहा है, कर्मियों को देय लाभ लंबित पड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहली अगस्त से निगम कर्मी 8 घंटे ही काम करेंगे। निगम कर्मियों की मांगों में रुकी हुई पदोन्नति को बहाल करना, एनपीएस, वेतन समय पर देना, 4-9-14 का लाभ देना, एरियर का भुगतान, रात्रि एवं अतिरिक्त भत्ते, चिकित्सा भत्ता, मुफ्त यात्रा पास, चालकों की भर्ती करना, कुलपुर्जों की कमी को दूर करना, पीसमील कर्मियों के हितों का ध्यान रखना, मेडिपर्सन एक्ट, लंबित तीन वर्दियां देना आदि शामिल हैं।

### मानसून सीजन में रोपे जाएंगे 4 लाख पौधे: डीएफओ अमित

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** वन मंडल नूरपुर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में खाली पड़ी भूमि पर अब हरियाली नजर आएगी। वन विभाग ने इस मानसून सत्र में लगभग 246 हेक्टेयर भूमि पर 4 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत नूरपुर, जवाली, कोटला, रे तथा इंदौरा रेंज में पौधरोपण किया जाएगा। जंगलों में देसी आम, जामुन, हरड़, बेहड़ा, आंवला अर्जुन तथा खैर की प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। इनमें 70 फीसदी फलदार पौधे शामिल होंगे। वन मंडल नूरपुर के तहत 12 नर्सरी में 7 लाख पौधे तैयार किया जा चुके हैं। राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत स्वयं सहायता समूह, युवक और महिलाओं मंडलों की भागीदारी से 51 हेक्टर भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा। हर समूह को प्रति हेक्टेयर एक लाख बीस हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अतिरिक्त एक लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा किसानों को लगभग 50000 खैर के पौधे निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। डीएफओ ने लोगों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।



### पेंशनर्स देंगे आपदा राहत कोष में एक दिन की पेंशन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ, ब्लॉक कांगड़ा की संगठनात्मक बैठक मटौर में ब्लॉक अध्यक्ष पुरषोत्तम सिंह धन्ना की अध्यक्षता में हुई। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के हाल ही में संपन्न चुनावों में कांगड़ा जोन से निर्विरोध चुने गए कल्याण भंडारी को सम्मानित किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप शर्मा, जिला महासचिव सोम राज गर्ग, पूर्व महासचिव अमर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। पेंशनर संघ ने मंडी जिले में आई भीषण आपदा के पीड़ितों को एक दिन की पेंशन राहत कोष में देने की घोषणा की है। कल्याण ने कहा कि हमने दशकों तक सरकार, समाज और प्रशासन को अपना श्रम, निष्ठा और समय समर्पित किया है। आज जब हम अपने हक और सम्मान की बात करते हैं तो ये सिर्फ अधिकार नहीं, न्याय की मांग है।

### श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में पुख्ता इंतजाम

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम के मंदिर प्रशासन व गोस्वामी बारीदार द्वारा मंदिर को फूलों से सजाया है। पहले सोमवार को नंदिकेश्वर धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए सुबह 5 बजे खुलेंगे। इसके लिए मंदिर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए। मंदिर अधिकारी राकेश कुमार का कहना है कि श्रद्धालुओं को बाणगंगा में नहाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए श्रद्धालु तालाब के किनारे आस्था की डुबकी लगा सकते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर प्रशासन ने बाण गंगा में नहाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस बल भी तैनात किया गया है। रविवार को 3000 हजार श्रद्धालु मां चामुंडा तथा नंदिकेश्वर धाम में नतमस्तक हुए।

### रक्कड़ पंचायत के वार्ड पांच में बन रही कूहल, 20 फीसदी कार्य शेष

# सौ कनाल से अधिक भूमि को मिलेगी सिंचाई सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला के समीप सिंचाई सुविधा वंचित 100 कनाल से अधिक एरिया को बरसात के बाद सिंचाई सुविधा मिलना शुरू हो जाएगा। रक्कड़ पंचायत के वार्ड पांच में 2 लाख रुपए की लागत से कूहल का निर्माण कार्य जारी है, जो कि अंतिम चरण में है।



पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार, 90 मीटर लंबी कूहल का 20 फीसदी कार्य बरसात की वजह से बाधित हुआ है, जिसे बरसात के बाद पूरा कर सौ कनाल से अधिक भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। पंचायत सचिव राजीव गुप्ता और पंचायत तकनीकी सहायक अजय कुमार ने बताया कि लोगों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत कूहल का निर्माण किया जा रहा है, जो कि अंतिम चरण में है। बरसात के बाद कूहल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा और सिंचाई से वंचित भूमि को पानी मिलना शुरू हो जाएगा। रक्कड़ पंचायत के वार्ड पांच के लोगों द्वारा लगातार कूहल निर्माण की मांग की जा रही थी। इस पर पंचायत ने मनरेगा के तहत कूहल निर्माण के लिए 2 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया था, जिस पर कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कूहल का निर्माण ओल्हा नाला से प्रताप चंद की जमीन तक किया जा रहा है, इसके आसपास 100 कनाल से अधिक भूमि है, जिसमें सिंचाई सुविधा न होने के चलते लोग भूमि बेचने को मजबूर हो रहे थे।



> **पंचायत** के वार्ड पांच के लोगों द्वारा कूहल निर्माण की मांग उठाई जा रही थी, लेकिन उनकी जमीन तक सिंचाई सुविधा न होने के चलते खेतीबाड़ी में दिक्कतें आ रही थी। मनरेगा के तहत 2 लाख रुपए का बजट प्रावधान करके कूहल का निर्माण किया जा रहा है, जो कि प्रगति पर है।
>
> **-इंदु शर्मा, प्रधान, रक्कड़ पंचायत।**

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल की अंडर-19 गर्ल्स वॉलीबाल टीम ने जीता कांस्य



प्रताप वर्ल्ड स्कूल की टीम ने क्लस्टर वॉलीबाल टूर्नामेंट में सराहनीय प्रदर्शन किया।

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**प्रताप** वर्ल्ड स्कूल पठानकोट की अंडर-19 गर्ल्स वॉलीबाल टीम ने पंजाब के कपूरथला में आयोजित प्रतिष्ठित सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबाल टूर्नामेंट में कांस्य पदक (तीसरा स्थान) प्राप्त किया है। वैष्णवी, अभिलाषा, जिग्मत, अर्चना, प्रियांशुता, सुरभि और परी पाना ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल के नाम एक और उपलब्धि हासिल की। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों, कोचों और अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

स्कूल के निदेशक सन्नी महाजन ने कहा कि यह जीत पीडब्ल्यूएस में 'गर्ल पावर' की भावना को दर्शाती है। हमारी युवा एथलीट्स आज हर मंच पर पहचान बना रही हैं और हम उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। निदेशक ओशिन महाजन ने कहा कि यह जीत मेहनत और अवसर का उत्सव है। हमें गर्व है कि हम ऐसी जगह प्रदान कर रहे हैं जहां बेटियां सीमाओं को लांघ कर सम्मान अर्जित कर रही हैं। प्राचार्य शुभ्रा रानी ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। हर प्रतियोगिता के साथ, प्रताप वर्ल्ड स्कूल समग्र शिक्षा के अपने विजन को सशक्त बनाता जा रहा है, जहां शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेल प्रतिभा को भी बराबर महत्व दिया जाता है।

## बाल मेले के आयोजन से मिलती नई ऊर्जा: आरएस बाली

- **24 जुलाई को बाल मेले के शुभारंभ पर लगेगा रक्तदान शिविर**
- **23 को मेगा रोजगार मेला, 26 जुलाई को मेडिकल कैंप लगेगा**

**अनंत ज्ञान। नगरोटा बगवां**



बाल मेले के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते आरएस बाली।

**विकास** पुरुष स्व. जीएस बाली ने नगरोटा का परचम प्रदेश के साथ देश में लहराया है और उनके जन्मदिवस पर शुरू किया गया बाल मेला लोगों की सेवा करने की एक सोच और माध्यम है। हर वर्ष बाल मेले का आयोजन करके उन्हें एक नई ऊर्जा मिलती है। यह बात प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने अपने पिता स्व. जीएस बाली के जन्मदिवस के मौके पर नगरोटा में हर वर्ष आयोजित होने वाले बाल मेले को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

बाल मेले का आयोजन 24 जुलाई से 27 जुलाई तक किया जाएगा। बाल मेले का शुभारंभ 24 जुलाई को रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ होगा। 25 जुलाई को युवाओं के लिए 2 दिवसीय मेगा रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश की कंपनियां युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगी। रोजगार मेले का शुभारंभ मंत्री उद्योग संसदीय कार्य तथा श्रम और रोजगार हर्षवर्धन चौहान करेंगे। 26 जुलाई को निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया जाएगा। मेडिकल कैंप में निःशुल्क चश्मे, कानों की मशीने, व्हीलचेयर, अन्य उपकरण और दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। मेडिकल कैंप का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल राजकीय उच्च विद्यालय नगरोटा में करेंगे। 26 जुलाई को ही नगरोटा के गांधी ग्राउंड में विभिन्न स्कूल और कॉलेज के बच्चों के कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनका शुभारंभ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे। 27 जुलाई को गायक कुलविंदर बिल्ला स्टार गायक होंगे। बाली ने कहा कि नगरोटा और बड़ोह के सौंदर्यीकरण को लेकर पूर्व में 50 करोड़ स्वीकृत करवाए और 22 करोड़ रुपए की और राशि सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृत की है। नगरोटा के चोर नाला में पार्किंग पर 1.3 करोड़, टूरिस्ट एमोनिटी सेंटर पर 6.5 करोड़, मधुमक्खियों पालन केंद्र के सौंदर्यीकरण पर 4 करोड़, सेल्फी प्वॉइंट और राष्ट्रीय ध्वज पर 60 लाख, बड़ोह चौक के सौंदर्यीकरण पर 50 लाख, लक्ष्मी नारायण मंदिर के सौंदर्यीकरण पर 20 लाख, राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवा के मैदान और अन्य खेल गतिविधियों से संबंधित कार्योंपर लगभग 1 करोड़ ररुपए व्यय किए जाएंगे।

# प्रदेश के एक्सीलेंस स्कूल बना रहे बेहतर भविष्य

## 850 से अधिक स्कूलों में एआई से इंग्लिश मीडियम तक पढ़ाई शुरू, राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा राज्य का मान

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** शिक्षा को समाज की प्रगति की नींव मानते हुए हिमाचल सरकार हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को अभूतपूर्व प्रयास कर रही है। इन ठोस कदमों के परिणामस्वरूप प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई है, जहां 850 से अधिक स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिला है। यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे आधुनिक विषयों को शामिल करने पर जोर दे रही है। इसका उद्देश्य बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। इसके साथ ही, बच्चों की भाषाई क्षमताओं को शुरुआती दौर से ही मजबूत करने के लिए अब सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू कर दी गई है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस-2025) में साफ दिखे हैं, जहां हिमाचल प्रदेश ने 2021 के 21वें स्थान से छलांग लगाकर देशभर में 5वां स्थान हासिल किया है। असर रिपोर्ट-2025 ने भी हिमाचल के बच्चों की पढ़ने की क्षमता को पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ आंका है।

इतना ही नहीं शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के लिए, सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित कर रही है। इन अत्याधुनिक स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, समृद्ध पुस्तकालय, बेहतरीन खेल सुविधाएं और अन्य आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जो बच्चों के समग्र विकास में सहायक होंगे। कांगड़ा और हमीरपुर जिलों में इन मॉडल स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इसके अतिरिक्त, राज्य में बड़ी संख्या में स्कूलों का उन्नयन (अपग्रेडेशन) किया गया है। सरकार ने 500 प्राथमिक स्कूलों, 100 उच्च विद्यालयों, 200 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं, 48 महाविद्यालयों और 2 संस्कृत महाविद्यालयों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया है। इन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति, बेहतर भवन, सुसज्जित प्रयोगशालाएं और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।



स्मार्ट क्लासों में पढ़ते सरकारी स्कूलों के बच्चे।

### सिंगापुर की एक प्रतिष्ठित अकादमी के साथ समझौता

**वहीं** बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की भूमिका को पहचानते हुए, प्रदेश सरकार उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर रही है. इसी क्रम में, सिंगापुर की प्रतिष्ठित प्रिंसिपल्स एकेडमी के साथ एक ऐतिहासिक समझोता किया गया है, जिसके तहत सत्र 2024-25 में 334 शिक्षक और 50 मेधावी छात्र सिंगापुर शैक्षणिक भ्रमण पर भेजे गए हैं। इसके अलावा, 342 शिक्षक और छात्र देश के विभिन्न राज्यों में शैक्षणिक भ्रमण पर गए।

### विदेशों में पढ़ाई को एक फीसदी ब्याज पर ऋण उपलब्ध

**उच्च** शिक्षा के सपनों को साकार करने के लिए, सरकार ने डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत छात्र देश या विदेश में पढ़ाई के लिए मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण प्राप्त कर सकते हैं। स्कूल स्तर पर लागू क्लस्टर सिस्टम से विद्यार्थियों को बेहतर संसाधनों, साइंस लैब, खेल के मैदान और पुस्तकालय का लाभ मिल रहा है।

# भाजपा सरकार की योजनाओं का फीता काटने में व्यस्त शिक्षा मंत्री: चेतन बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** में राजनीतिक सरगर्मियां तेज़ हो गई हैं। नावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुठाड़ी के अंतर्गत टूटूपानी में विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परियोजना के तहत 6.72 करोड़ की लागत से निर्मित सेब ग्रेडिंग एवं पैकिंग हाउस का उद्घाटन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा किया गया। इस पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

चेतन बरागटा ने इस परियोजना को पूरी तरह से पूर्व भाजपा सरकार की देन बताया। उन्होंने कहा कि यह पूर्व बागवानी मंत्री स्वर्गीय नरेंद्र बरागटा की दूरदर्शी सोच और अथक प्रयासों का परिणाम है, जिसे धरातल पर लाया गया। बरागटा ने आरोप लगाया कि मौजूदा कांग्रेस सरकार के पास अपनी कोई नई योजना नहीं है और वह केवल भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई विकास योजनाओं का 'फीता काटने' में व्यस्त है। उन्होंने विस्तार से बताया कि वर्ष 2018 में पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित 1134 करोड़ की बागवानी विकास परियोजना शुरू की गई थी। इसके तहत गुम्मा, रोहड़ू, कुमारसैन और किन्नौर में कोल्ड स्टोरेज सहित अन्य अवसंरचनात्मक कार्य प्रारंभ किए गए थे। टूटूपानी में बना यह ग्रेडिंग एवं पैकिंग हाउस भी उसी वृहद योजना का एक हिस्सा है।

**कहा- पूर्व बागवानी मंत्री नरेंद्र बरागटा के कामों पर चिपका रहे अपना लेवल**



### बागवानी मंत्री की अनुपस्थिति पर सवाल

**चेतन** बरागटा ने इस उद्घाटन समारोह में बागवानी मंत्री की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि जब यह परियोजना सीधे तौर पर बागवानी विभाग से संबंधित है, तो बागवानी मंत्री इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से अनुपस्थित क्यों रहे? बरागटा ने इसे सरकार के भीतर समन्वय की कमी और जिम्मेदारी के अभाव का स्पष्ट संकेत बताया।

### झूठ दिखावे और दावों से परहेज करें मंत्री

**भाजपा** प्रवक्ता ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार केवल उद्घाटन समारोहों तक ही सीमित रह गई है। उन्होंने जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में स्कूल भवनों, सामुदायिक भवनों और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों का भी उल्लेख किया, जिन्हें भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही स्वीकृत और शुरू किया गया था। बरागटा ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि वे झूठे दावों और दिखावे की बजाय जनता को यह बताएं कि उनके कार्यकाल में उन्होंने स्वयं कौन-सी नई परियोजना शुरू की है।

# उत्तम चंद ने डी फार्मेसी अंतिम वर्ष में प्राप्त किया प्रथम स्थान

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बहुतकनीकी कॉलेज रोहड़ू के स्टाफ ने दी बधाई**

**रोहड़ू।** राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज रोहड़ू के डी फार्मेसी की अंतिम वर्ष की परीक्षा में संस्थान में उत्तम चंद ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उत्तम चंद का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। उत्तम चंद ने संस्थान में प्रथम और राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रथम वर्ष के परिणाम में भी पिछले वर्ष उत्तम चंद ने राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त किया था। यह छात्र संस्थान में हर गतिविधि में अव्वल रहा है। हर गतिविधि में यह छात्र भाग लेता था। पढ़ाई में हमेशा इसने अपने नाम को चरितार्थ करते हुए उत्तम स्थान ग्रहण किया है। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ धीरज कौशिक व विभागाध्यक्ष शशी शर्मा और विभाग के सभी प्रवक्ताओं ने उत्तम चंद के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उसको बधाई दी और इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और साथ में सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी है। संस्थान के मीडिया प्रभारी देविंद्र सिंह प्रेमी ने बताया कि तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने फार्मेसी और अभियांत्रिकी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का परिणाम घोषित किया है जिसमें फार्मेसी और अभियांत्रिकी के छात्रों ने अच्छा परिणाम हासिल किया है। राजकीय बहुतकनीकी रोहड़ू का परिणाम हर वर्ष उत्कृष्ट रहता है जिसके लिए विद्यार्थियों के साथ साथ स्टाफ भी बधाई का पात्र है।



# चूड़ेश्वर सेवा समिति के सदस्य समर्पित भाव से करें कार्य

अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा। चूड़ेश्वर सेवा समिति की नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक रविवार को चौपाल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष बीएम नंटा ने की। बैठक का संचालन केंद्रीय कार्यकारिणी के महासचिव डॉक्टर सुनील कमल ने किया। बैठक में समिति के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भाग लिया और संस्था के भावी कार्यों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। सेवा कार्यों में पारदर्शिता, नियमित गतिविधियों के संचालन, और समाजसेवा को प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया गया।

बीएम नंटा ने अपने संबोधन में समिति की भूमिका को जनसेवा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और सभी सदस्यों से समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न उपसमितियों के अध्यक्ष ने भी अपने अपने सुझाव दिए।

# मीडिया के सहयोग से पर्यटन निगम की छह इकाइयां निजीकरण से बची

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन निगम कर्मचारी संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और मीडिया जगत का आभार व्यक्त किया है, जिनके सहयोग से निगम की 14 में से 6 इकाइयों को निजी हाथों में जाने से बचाया जा सका है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हुकम राम और महासचिव राजकुमार शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

संघ ने बताया कि 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने पर्यटन निगम कर्मचारी संघ के साथ एक गहन मंथन बैठक की। इस बैठक में उन 14 इकाइयों के भविष्य पर चर्चा हुई, जिन्हें सरकार द्वारा पूर्व में ओनम मॉडल पर निजी हाथों में देने के आदेश जारी किए गए थे। संघ ने इस निर्णय के खिलाफ अपना निगम बचाओ अभियान शुरू किया था, जिसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मीडिया के माध्यम से कर्मचारी संघ ने सरकार के मंत्रियों और अन्य पदाधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाई और इन इकाइयों के घाटे-मुनाफे का पुनः आकलन कर उन्हें निजीकरण से बचाने का आग्रह किया।

### निगम के तहत ही जारी रहेगा संचालन

**संघ** के प्रयासों और मीडिया के निरंतर समर्थन का परिणाम यह रहा कि मुख्यमंत्री ने 17 जुलाई को हुई बैठक में निर्णय लिया कि इन 14 इकाइयों में से 6 इकाइयों का संचालन पूर्व की तरह पर्यटन निगम के तहत ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, निगम के धर्मशाला स्थित होटल कश्मीर हाउस को मुख्यालय के रूप में संचालित किया जाएगा। कर्मचारी संघ ने इस सफलता का शत-प्रतिशत श्रेय मीडिया जगत को दिया है।

# नदी में बहे बच्चे का 8 दिनों बाद भी नहीं लगा कोई सुराग

अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा। टंडोरी स्कोर्पियो हादसे में लापता बच्चे का आठ दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा व डीएसपी सुशांत शर्मा की अगुवाई में अग्निशमन विभाग चौपाल व गृह रक्षक और पुलिस के जवान के अतिरिक्त राधास्वामी सत्संग ब्यास के स्वंयसेवक लापता बच्चे की तलाश अलग अलग समुहो में शालवी नदी के किनारे कर रहे हैं। पानी से उफनती नदी और फिसलन भरी चट्टानों में भी सर्च अभियान जारी है। गौर रहे 12 जुलाई को नेरूवा फेडजपुल मुख्य मार्ग पर टंडोरी व बथाल के बीच एक स्कार्पियो गाड़ी दुघर्टना ग्रस्त हो गई थी जिसमें चार लोग व एक 10 साल का लड़का सवार था । इस दुघर्टना मे दो व्यक्तियों की मौत और दो घायल हो गए थे। इसके अलावा बलविंदर कौर का एक दस वर्षीय लड़का नदी में बह गया था।

# नवनियुक्त स्कूल प्रवक्ताओं को जॉब ट्रेनी बनाए जाने पर विरोध

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

**निर्णय वापस नहीं लिया तो करेंगे आंदोलनः संघ**

**प्रदेश** स्कूल प्रवक्ता संघ के मुख्य प्रेस सचिव जयराम शर्मा ने बताया कि प्रवक्ता संघ के राज्य अध्यक्ष अजय नेगी ने सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए कर्मचारी सेवा शर्त अधिनियम 2024 के तहत 585 नवनियुक्त स्कूल प्रवक्ताओं को जॉब ट्रेनी नीति में शामिल किए जाने का कड़ा विरोध किया है। संघ का कहना है कि इन प्रवक्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया 17 अक्तूबर, 2023 को जारी विज्ञापन के अनुसार शुरू हुई थी और उन्हें नियुक्ति पत्र भी पुरानी सेवा शर्तों के अनुरूप प्रदान किए गए हैं। ऐसे में 20 फरवरी 2025 से लागू हुए नए अधिनियम को इन प्रवक्ताओं पर लागू करना न्यायोचित नहीं है। यह न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता के खिलाफ है, बल्कि नियुक्त किए गए कर्मचारियों के भविष्य, सम्मान और अधिकारों का भी सीधा हनन है। संघ ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय असंवैधानिक और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की खंडपीठ के उस स्पष्ट आदेश के भी खिलाफ है। जिसमें कहा गया है कि किसी भी भर्ती प्रक्रिया में एक बार विज्ञापन जारी हो जाने के बाद उसकी शर्तों में कोई भी बदलाव नहीं किया जा सकता। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा है कि सरकार उम्मीदवारों को मनमाने ढंग से नियुक्ति देने या उससे इनकार करने का अधिकार नहीं रखती। वहीं प्रत्येक चयनित उम्मीदवार को निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत उसका हक मिलना चाहिए। संघ के राज्य अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती तो वे पहले मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर जिला स्तर पर आंदोलन शुरू करेंगे।

# कुठेड़ा से आपदा पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**सराज** घाटी में आपदा पीड़ितों की मदद के लिए बिलासपुर के कुठेड़ा क्षेत्र से बाबा नाहर सिंह कमेटी, महिला मंडल मसौर और महिला मंडल टिहरी द्वारा दो वाहनों में राहत सामग्री रवाना की गई। इस राहत अभियान की अगुवाई विधायक त्रिलोक जम्वाल ने की।

महिला मंडल मसौर की ओर से 17,100 रुपए और महिला मंडल टिहरी की ओर से 7,500 रुपए की राहत सामग्री भेजी गई। साथ ही बाबा नाहर सिंह कमेटी द्वारा कंबल और चादरें भी भेजी गईं। ग्राम पंचायत कुठेड़ा के प्रधान ज्योति प्रकाश ने बताया कि संकट की इस घड़ी में बिलासपुर की कई सामाजिक संस्थाएं, युवक मंडल और व्यापार मंडल सराज घाटी के पीड़ितों के साथ खड़े हैं। राहत सामग्री जरूरतमंदों तक पहुंचाने में स्थानीय प्रतिनिधि स्वयं भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



बाबा नाहर सिंह कमेटी, मसौर और टिहरी महिला मंडल ने भेजी राहत सामग्री।


# नशा विरोधी अभियान में समाज की भागीदारी जरूरी : सुनील शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक एवं समाजसेवी सुनील शर्मा ने सदर विधानसभा क्षेत्र की कुड्डी पंचायत का दौरा किया। उन्होंने महिला मंडल की सदस्याओं से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें प्रदेश सरकार तथा बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सुनील ने महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करते हुए बैंक की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। महिलाओं को योजनाओं से जोड़ना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुनील ने नशे के बढ़ते खतरे पर भी गहरी चिंता जताई। उन्होंने प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का समर्थन करते हुए कहा कि इस लड़ाई में समाज की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि को देखकर तुरंत पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।

# सदर विधानसभा के विकास में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर की अहम भूमिका

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में जब भी विकास, जनसरोकार और समाज की बेहतरी की बात होती है, तो पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंबर ठाकुर का नाम लिया जाता है। वर्ष 2012 से 2017 तक विधायक रहते हुए और उसके बाद भी उन्होंने क्षेत्र के लिए कई योजनाएं धरातल पर उतारी हैं। बंबर ठाकुर ने युवाओं और छात्रों के सर्वोंगीण विकास को सदैव प्राथमिकता दी। उन्होंने सदर विधानसभा के विभिन्न स्कूलों के लिए स्मार्ट क्लासेज, फर्नीचर और मैदान उन्नयन की योजनाएं पारित करवाईं। शैक्षणिक संस्थानों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए उन्होंने शिक्षा विभाग से विशेष बजट स्वीकृत करवाया। पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल के दौरान कई लोक निर्माण विभागीय योजनाएं स्वीकृत करवाईं, जिनमें प्रमुख रूप से गुरुद्वारा चौक मल्टीलेवल पार्किंग की योजना, जिससे शहर के ट्रैफिक में राहत मिली। भटोली-देलग पुल, जिससे गांवों के आपसी संपर्क में सुधार हुआ। नर्सिंग हॉस्टल बिलासपुर के लिए बजट स्वीकृति और निर्माण प्रक्रिया की पहल। शहर में ड्रेन और सड़क सुधारीकरण योजनाएं, जिनमें करोड़ों की लागत से सुधार कार्य हुए। बिलासपुर के लिए 100 करोड़ रुपए की सीवरेज योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दिलाई। इन योजनाओं के लिए उन्होंने प्रदेश लगभग 3 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता दिलाई थी। वहीं, 2024-25 के दौरान बंबर ठाकुर पर कई बार जानलेवा हमले हुए, जिनमें मार्च 2025 की होली के दिन गोलीबारी की घटना प्रमुख रही। इस घटना के बाद उन्होंने सरकार और पुलिस प्रशासन को घेरते हुए सदर क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर प्रश्न उठाए। उन्होंने विधानसभा में व्यक्तिगत और पारिवारिक सुरक्षा के लिए ज्ञापन सौंपा।



# शाहतलाई में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में सावन मास के जेठे रविवार को भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। सुबह 5 बजे से ही देश-प्रदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा जी के दर्शन के लिए मंदिर में कतारें लगानी शुरू कर दीं। अनुमान है कि लगभग 25,000 श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका और अपनी श्रद्धा अर्पित की। शाहतलाई में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर के साथ-साथ गरुणा झाड़ी और माता रत्नो लस्सी रोटी मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर न्यास द्वारा 24 घंटे लंगर की व्यवस्था की गई है। पंजाब और हरियाणा से आए श्रद्धालुओं ने ठंडे पानी की छबीलें और खीर के भंडारे लगाए। मंदिर के पुजारी राकेश ने बताया कि सावन माह के जेठे रविवार के दिन बाबा बालकनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार पहुंचे।

# शब्द गौतम ने जीता 'बेस्ट लिबरो' का खिताब

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** थाईलैंड में 12 से 19 जुलाई तक आयोजित एशियाई मेन्स अंडर-16 वॉलीबाल चैंपियनशिप में बिलासपुर जिले के झंडूता उपमंडल के बरठीं निवासी शब्द गौतम ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए न केवल भारतीय टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि टूर्नामेंट में बेस्ट लिबरो का प्रतिष्ठित खिताब भी अपने नाम किया।

# गेहड़वीं प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहड़वीं के खेल मैदान में दुर्गा एजुकेशनल ट्रस्ट के सौजन्य से गेहड़वीं प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता रत्न देव ने किया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 12 चुनिंदा टीमें हिस्सा ले रही हैं। शुभारंभ पर भगेड़ और समोह टीमों के बीच मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। समोह टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भगेड़ को हराकर शानदार जीत दर्ज की। ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना करते हुए रत्न देव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी है, बल्कि यह युवाओं को एकजुट करता है और उनमें नेतृत्व व टीमवर्क की भावना को जागृत करता है। इस अवसर पर पसुमित कुमार, रिकी, नंद पाल सिंह, हिमांशु, दीप आदि उपस्थित रहे।

# लढ़यानी की शिव वाटिका में शिवलिंग स्थापना



**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी की गतवाड पंचायत के लढ़यानी गांव में शिव भक्तों ने पवित्र शिवलिंग की स्थापना की गई। यह शिवलिंग स्थानीय शर्मा परिवार द्वारा हरिद्वार से लाया गया और विधि-विधान के साथ जलाभिषेक कर शिव वाटिका में स्थापित किया गया। स्थापना कार्यक्रम में पंडित देव राज शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न करवाई। वहीं, शिवलिंग स्थापना के उपलक्ष्य में भंडारा भी लगाया।

# कामधेनु हितकारी मंच बना किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार : जीतराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**कामधेनु** हितकारी मंच के महासचिव जीतराम कौंडल ने प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में डेयरी क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसान परिवारों की आय में निरंतर वृद्धि के लक्ष्य को लेकर कार्यरत 'कामधेनु हितकारी मंच' आज राज्य की एक अग्रणी गैर सरकारी संस्था के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह संस्था वर्ष 2001 से सक्रिय है और आज 6000 से अधिक किसान परिवारों को डेयरी क्षेत्र से जोड़ चुकी है। इस दौरान

मंच के अध्यक्ष नानकराम भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि संस्था की शुरुआत महज 10-12 किसान परिवारों से हुई थी, जिनसे प्रतिदिन 37 लीटर दूध संग्रहित किया जाता था, लेकिन आज संस्था बिलासपुर और सोलन जिले की 80 ग्राम पंचायतों के 400 गांवों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है और रोजाना 50,000 लीटर से अधिक दूध का संग्रहण कर रही है। कामधेनु संस्था ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु द्वारा हाल ही में लिए गए उस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है, जिसमें दुग्ध उत्पादकों को डीबीटी के माध्यम से 3 रुपए प्रति लीटर अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की गई है।



प्रेसवार्ता करते कामधेनु हितकारी मंच के महासचिव जीतराम कौंडल।

# पंचायतीराज संगठन के पुनर्गठन पर किया मंथन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**राजीव** गांधी पंचायतीराज संगठन की जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन का पुनर्गठन, जनसंपर्क को मजबूत करना तथा पंचायत और नगर निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करना रहा। सुरेंद्र ने कहा कि संगठन में ऐसे लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी जो ईमानदार, जनता के प्रति समर्पित तथा कांग्रेस विचारधारा के प्रति निष्ठावान हों।

साथ ही नशा रोकथाम को लेकर पंचायत समितियों के माध्यम से एक अभियान चलाने की भी घोषणा की गई। इस अभियान के तहत नशे से जुड़े तत्वों की पहचान कर सरकार के समक्ष प्रभावी कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ठाकुर हीरा पाल सिंह ने संगठन को सक्रिय और जिम्मेदार बनाने पर बल दिया।

### पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने की बैठक

# पेंशनरों को वित्तीय लाभ न देने पर की सरकार की निंदा



पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान जगदीश दिनेश की अध्यक्षता में हुई।

अनंत ज्ञान, स्वारघाट

**पेंशनर** वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान जगदीश दिनेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दिवंगत पेंशनरों की आत्मा और प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। खंड स्वारघाट के प्रधान चमन सिंह ठाकुर व कार्यकारिणी द्वारा जिला के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। सभी पदाधिकारियों ने जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच में सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के वित्तीय लाभ न देने पर सरकार की निंदा की और मांगों को मनवाने के लिए सरकार के विरुद्ध संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार मांगों को नहीं मानती है, तो जिला मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह सारा संघर्ष का कार्यक्रम 15 सितंबर के पश्चात होगा। बैठक में राज्य प्रधान आत्माराम शर्मा ने एक दिन की पेंशन आपदा के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में दान देने के निर्णय का समर्थन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान लेखराम कौंडल, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान हुकम सिंह ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, संतराम कश्यप, पुरषोत्तम, भाग सिंह, देवी राम चौहान, अश्विनी कुमार शर्मा, सीताराम शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, केडी कौशल, हरि सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# देशराज भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति के प्रधान



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की आम सभा औहर में आयोजित की गई, जिसमें विस्थापितों की समस्याओं पर चर्चा की गई। विशेष रूप से भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की ओर से विस्थापितों की जमीनों पर बिना पूर्व सूचना के लगाए जा रहे बुर्जियों को लेकर रोष व्यक्त किया गया। समिति ने इसे विस्थापितों के अधिकारों का उल्लंघन मानते हुए इस विषय को प्रदेश सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर समिति की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। देशराज शर्मा को सर्वसम्मति से समिति का नया प्रधान चुना गया। बलदेव सिंह ठाकुर और श्रीराम चौधरी को उपप्रधान, चिरंजी लाल शर्मा को सचिव तथा प्रेम सिंह ठाकुर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# श्रीराम मर्यादा, सत्य और धर्म के प्रतीक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं ।** नर सिंह मंदिर परिसर गेहड़वीं में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य संदीपन वशिष्ठ जी महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी मर्यादा, भक्ति और धर्म की गूढ़ शिक्षाओं का संजीव चित्रण किया। आचार्य वशिष्ठ ने कथा के दौरान राम-भरत मिलाप, वनवास प्रसंग, तथा माता सीता की अग्नि परीक्षा जैसे भावुक प्रसंगों को मार्मिक शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम केवल एक राजा नहीं, अपितु मर्यादा, सत्य और धर्म के प्रतीक हैं। उनका जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कथा स्थल पर भक्ति भाव से सराबोर वातावरण रहा। कथा का समापन आगामी 25 जुलाई को भव्य भंडारे एवं हवन यज्ञ के साथ किया जाएगा।

# मिंजर महोत्सव में होगा राष्ट्रीय स्तर का हॉकी टूर्नामेंट

## 27 से 30 जुलाई तक होगी प्रतियोगिता, देशभर से 13 पुरुष और 6 महिला टीमें दिखाएंगी दमखम

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** प्रदेश का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला अब सिर्फ संस्कृति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अब यह राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों का भी मंच बनने जा रहा है। चंबा हॉकी संघ (हॉकी एसोसिएशन चंबा) के सचिव मुकेश बेदी ने 'अनंत ज्ञान न्यूज चैनल' से बातचीत में बताया कि इस वर्ष मिंजर महोत्सव के अवसर पर 27 से 30 जुलाई तक एक भव्य हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।


चंबा हॉकी संघ के सचिव मुकेश बेदी के साथ हिमांशु, अक्षय, अनिल व शुभम डोगरा।

इस प्रतियोगिता में देशभर से कुल 13 पुरुष हॉकी टीमें, 6 महिला टीमें और भारतीय सेना की एक विशेष टीम भाग ले रही है। मुकेश बेदी ने इसे चंबा के लिए गौरव का विषय बताया और कहा कि यह आयोजन न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से जुड़ने का मौका देगा, बल्कि उन्हें हॉकी को एक करियर विकल्प के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी देगा।

मुकेश बेदी, जो स्वयं एक पेशेवर हॉकी कोच हैं और वर्षों तक चंबा जिला, हिमाचल प्रदेश राज्य तथा विश्वविद्यालय स्तर पर हॉकी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मैं जीवित हूं, तब तक चंबा में हॉकी को ऊंचाइयों तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। यह मेरा जीवन का सपना है।

उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए निवास, भोजन व अन्य आवश्यक सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था की गई है, जिससे किसी भी खिलाड़ी को कोई कठिनाई न हो। इस आयोजन के पीछे एक मजबूत और समर्पित टीम दिन-रात मेहनत कर रही है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खिलाड़ी हिमांशु, अक्षय और अनिल एक और सदस्य शुभम डोगरा जैसे नाम शामिल हैं। यही युवा इस सपने को वास्तविकता में बदलने के लिए जुटे हुए हैं।

### चंबा जिला बन रहा खेलों का नया केंद्र

**यह** टूर्नामेंट सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि चंबा के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद, नई दिशा और खेल के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम है। हॉकी संघ चंबा और इसके सचिव मुकेश बेदी द्वारा किया गया यह प्रयास चंबा को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक खास स्थान दिलाने वाला कदम सिद्ध हो रहा है।

### ये हैं पुरुष टीमें

1. न्यू हॉकी क्लब (गुरदासपुर)
2. हॉकी (एचआईएम)
3. बाबा श्री चंद हॉकी क्लब (पठानकोट)
4. हॉकी शाहाबाद (हरियाणा)
5. डीएचए ऊना (हॉकी संघ ऊना)
6. राजेश्वर क्लब (पठानकोट)
7. हॉकी पठानकोट
8. कोलकाता ब्वॉयज
9. एमबीएस हॉकी क्लब (जम्मू)
10. भारतीय सेना हॉकी टीम-34 मराठा सेना ब्रिगेड
11. डीएचए चंबा (हॉकी संघ चंबा)
12. सीएसएसी चंबा
13. बीपीएसएसी बुटाला

### महिला वर्ग की टीमें

1. खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर)
2. कोलकाता गर्ल्स हॉकी टीम
3. उत्तर प्रदेश महिला हॉकी टीम
4. यूनाइटेड हॉकी दिल्ली
5. हरियाणा XII महिला टीम
6. डीएचए चंबा

# मणिमहेश तीर्थ यात्रा मार्ग पर विभिन्न विकास कार्यों को निर्धारित समय में करें पूरा: उपायुक्त

अनंत ज्ञान, चंबा

**मणिमहेश** यात्रा-2025 के दौरान जन सुरक्षा व आपदा तैयारियों के दृष्टिगत उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा द्वारा विभिन्न विभागों को आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों में विभिन्न विभागों को मणिमहेश तीर्थ यात्रा मार्ग पर विभिन्न विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूर्ण करने को कहा गया है।



आदेशों में कहा गया है कि चूंकि मणिमहेश यात्रा एक वार्षिक तीर्थ यात्रा है जोकि जन्माष्टमी से राधाष्टमी तक उप मंडल भरमौर में आयोजित की जाती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं इस वर्ष यह यात्रा 16 अगस्त से आयोजित की जाएगी। हड़सर से मणिमहेश डल झील तक का 13 किमी का यात्रा मार्ग उच्च-ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरता है और मानसून के मौसम के दौरान इस मार्ग पर भूस्खलन, अचानक बाढ़ और अन्य प्राकृतिक खतरों की अधिक संभावना रहती है। इस यात्रा मार्ग के रखरखाव, आवश्यक सेवाओं की स्थापना और व प्रतिक्रिया संसाधनों की तैनाती जैसी तैयारी और शमन गतिविधियां जिला प्रशासन के समन्वय से मणिमहेश ट्रस्ट के तत्वावधान में की जाती हैं।

उपायुक्त ने कहा है कि उनके द्वारा 15 जुलाई को यात्रा मार्ग के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित विभागों द्वारा रखरखाव और बहाली कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी और अपर्याप्त थी जिसके लिए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है ताकि यात्रा आरंभ होने से पूर्व अपेक्षित कार्यों को मुकम्मल किया जा सके।

जारी आदेशों में अधिशासी अभियंता एचपीपीडब्ल्यूडी भरमौर प्रभाग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वह 09 अगस्त 2025 तक पूरे यात्रा मार्ग पर ढलान में सुधार, सतह का समतलीकरण, कच्चे हिस्सों पर खड़ंजा लगाना, किनारे लगाना और पथ को न्यूनतम 3 मीटर तक चौड़ा करने के अलावा अन्य मुरम्मत और बहाली का कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता एचपीपीडब्ल्यूडी भरमौर प्रभाग यह भी सुनिश्चित करेगा कि 9 अगस्त 2025 तक गुई नाला से दुनाली तक 4 किमी के हिस्से को किनारा दीवारों, प्रतिधारण संरचनाओं, खड़ंजा और ढलान सुधार प्रदान करके चौड़ा और मजबूत करना। तोश की घोट क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा क्योंकि यह खड़ी ढलान और भूस्खलन के प्रति संवेदनशील है। उनके द्वारा तोष की घोट से दुनाली तक वैकल्पिक खच्चर मार्ग का निर्माण पूरा करना भी सुनिश्चित किया जाएगा ताकि खच्चरों और तीर्थयात्रियों की आवाजाही को अलग किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा शहर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) विद्युत उपमंडल चंबा-1 की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि पहले निर्धारित 22 जुलाई को प्रस्तावित शटडाउन अब प्रशासनिक कारणों से एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। अब यह शटडाउन 23 जुलाई को किया जाएगा। इस दिन 33/11 केवी सब स्टेशन चंबा की मुरम्मत एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा, जिसके चलते सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक या कार्य पूर्ण होने तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस मरम्मत कार्य के कारण चंबा शहर, पक्काटाला, करियाँ, मुगला, हरदासपुरा, जुलाकड़ी, लुड्डु, कठन्ना, सुल्तानपुर, ओबरी, साच, मंगला, गेट, बसोदन, तलाई, टपुण, सरोडी, दरमण, मियाडीगला, बेदन, रठियार, खजियार, बालू, सरोल, घोल्टी, भद्रम, हरिपुर, सिद्धपुरा, नखली, राजपुरा, कियानी, परेल, घागनी, भरियां, तड़ोली, भियोड कॉलोनी, गाँव बन्नू, काकियां, काकडोलू, ऊटीप, भुजा और इनके साथ लगते अन्य क्षेत्रों को शामिल किया गया है। बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से इस असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है।

### गायक इशांत भारद्वाज ने नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी लक्ष्मी नारायण मंदिर में मां ज्वाला यूथ क्लब ने अपना पहला जागरण बड़ी धूमधाम से मनाया। हिमाचल के मशहूर गायक इशांत भारद्वाज ने इस जागरण में भजनों द्वारा गायन कर खूब समय बांदा और अपनी मधुर आवाज से माता के भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इशांत भारद्वाज का मां ज्वाला यूथ क्लब के सदस्यों के साथ लोगों ने बड़े जोर शोर से स्वागत किया। क्लब के सदस्य अनिल शर्मा ने बताया की 19 जुलाई को ज्वाला माता मंदिर से माता की पवित्र जोत को डलहौजी बस स्टैंड में लाया गया था। वहीं हवन सामग्री द्वारा पूजा अर्चना की गई तथा रात को जागरण आरंभ हो गया जागरण में इशांत भारद्वाज माता रानी के नए-नए भजनो द्वारा हर किसी भक्त को नाचने पर मजबूर कर दिया। 20 जुलाई को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें डलहौजी व आसपास के लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आज 21 तारीख को ज्वाला माता मंदिर से जो पवित्र ज्योत लाई गई थी उसे तलेरू नमक स्थान पर विसर्जन किया जाएगा।

### अवैध शराब की 10 बोतलें की बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत एक मुकद्दमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार सहायक पुलिस निरिक्षक अवतार सिंह के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। 19 जुलाई को जब वह स्टाफ के साथ चिलाला में गश्त पर थे, तो शाम करीब 7 बजे उन्हें अवैध शराब रखने की गुप्त सूचना मिली। पुलिस टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए हांऊचली गांव में छापा मारा। जिसके दौरान आरोपी प्रताप सिंह (49) निवासी गांव हांऊचली के कब्जे से 10 बोतल देसी शराब मार्का पैराडाइज संतरा बरामद की गई है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### एमबीबीएस/बीडीएस के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश राज्य में स्थित सरकारी/निजी मेडिकल/डेंटल कॉलेजों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए एमबीबीएस/बीडीएस पाठ्यक्रम में परामर्श एवं प्रवेश के लिए नीट यू जी उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ प्रवीण शर्मा विवरणिका और ऑनलाइन आवेदन पत्र 20 जुलाई से अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें।

# अनदेखी करने वाले नेतृत्व को बदला जाए: याकूब मुहम्मद

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** विधानसभा क्षेत्र चुराह से संबंध रखने वाले और हाल ही में जिला शिकायत निवारण कमेटी के सदस्य नियुक्त हुए प्रदेश एनएसआई के सचिव याकूब मुहम्मद ने अपनी ही पार्टी के नेता पर आरोप जड़ते हुए कहा कि जब से विधानसभा क्षेत्र चुराह में यशवंत खन्ना के हाथों में नेतृत्व गया है तब से लेकर आज तक लगातार मुस्लिम मतदाताओं की अनदेखी की जा रही है चाहे वो संगठनात्मकतौर पर हो या सरकार की किसी कमेटी की बात की जाते वर्ष 2022 में जब सरकार द्वारा संबंधित प्रत्याशियों या विधायकों द्वारा सरकार की कमेटियों के लिए नाम मांगे गए थे तो चुराह कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना ने एक भी मुस्लिम कार्यकर्ता का नाम नहीं दिया था जब की पूरे प्रदेशभर में चुराह ने मुस्लिम आबादी सबसे ज्यादा है और यहां पर सभी वर्गों को एक साथ लिया जाता था लेकिन आज जब नेतृत्व बदला है तो खन्ना पूरे मुस्लिम समाज को हो ताक पर रख दिया और बिल्कुल बीजेपी और RSS की बी टीम बनके काम कर रहा है।

# सड़क सुविधा से दूर काहरी का रखेड़ गांव

## गर्भवती महिलाओं व बीमार बुजुर्गों को चारपाई से पहुंचाया जाता मुख्य सड़क तक

अनंत ज्ञान, भटियात

**आजादी** के सात दशक बीत जाने के बावजूद, भटियात विधानसभा क्षेत्र की काहरी पंचायत का रखेड़ गांव आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। यह पंचायत क्षेत्र की सबसे पिछड़ी पंचायतों में गिनी जाती है, जहां के लोगों को सड़क तक पहुंचने के लिए आज भी 8 से 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है।



स्थिति इतनी गंभीर है कि यदि कोई गर्भवती महिला या बुजुर्ग व्यक्ति बीमार हो जाए, तो उसे चारपाई या पालकी पर लादकर कई घंटे पैदल चलकर सड़क तक ले जाना पड़ता है। यहां तक कि सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाएं भी इस क्षेत्र में नहीं पहुंच पातीं।

काहरी पंचायत के दूरस्थ और अत्यंत दुर्गम गांव – बन्नी और रखेड़ – में आने-जाने के लिए जो पगडंडियां हैं, उनकी हालत भी बेहद खराब है, जिससे हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है।

स्थानीय निवासियों – जीवन कुमार, संजीव कुमार, विक्की, अभिनय, सुशीला कुमार, सुनील कुमार, विनोद कुमार, राकेश कुमार, रोहित कुमार, कुलदीप सिंह, रवि कुमार, अनिल कुमार, सुनील भारद्वाज और राजेश कुमार – का कहना है कि आज़ादी के 70 साल बाद भी कई विधायक आए और गए, पर किसी ने भी इस पंचायत को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया। केवल वादे किए गए कि अवाह से काहरी, कुट्ट से बन्नी, द्रमण से पुरखड़ा, और आहला से रखेड़ तक सड़कें बनेंगी, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ।

सड़क न होने की वजह से यहां के लोगों को रोजमर्रा की जरूरत का सामान भी अपनी पीठ पर लादकर लाना पड़ता है, जिससे उनका जीवन अत्यंत कठिन बन गया है।

# एक शिक्षक के सहारे चल रहा लोथल स्कूल, बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

अनंत ज्ञान, लोथल

**ग्रामीणों ने की खाली पदों को जल्द भरने की मांग**

**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय लोथल में शिक्षकों की भारी कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। विद्यालय में शिक्षकों की कुल पांच स्वीकृत पदों में से वर्तमान में केवल एक शास्त्री पद ही भरा हुआ है, बाकी चार पद लंबे समय से खाली पड़े हैं।

लगभग 20 वर्ष पूर्व स्थापित इस विद्यालय में इस समय कुल 28 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यालय में आर्ट्स, नॉन मेडिकल, ड्रॉइंग मास्टर, शारीरिक शिक्षा अध्यापक और शास्त्री के पद स्वीकृत हैं, परंतु वर्तमान में केवल शास्त्री पद पर पवन कुमार कार्यरत हैं।

शास्त्री पवन कुमार ने बताया कि विद्यालय में एकमात्र अध्यापक होने के कारण सभी विषयों को पढ़ाना संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों संजय राजपूत, सीता देवी, कश्मीर सिंह, मान सिंह, बालकृष्ण, संदेश कुमार, बिहारी लाल और अजय शर्मा ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से DM और PET पद पर कार्यरत शिक्षकों का तबादला हो चुका है, लेकिन आज तक उनकी जगह कोई नया शिक्षक नहीं आया। वहीं हाल ही में आर्ट्स और नॉन मेडिकल के शिक्षकों का भी तबादला हो गया है, और उनके स्थान पर भी किसी की नियुक्ति नहीं हुई है।

ग्रामीणों ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालय में खाली पड़े चारों पदों को जल्द से जल्द भरा जाए, ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो और वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।

इस संबंध में राजकीय उच्च विद्यालय चूड़ी के कार्यकारी प्रधानाचार्य राज कुमार ने जानकारी दी कि लोथल विद्यालय में रिक्त चल रहे पदों के बारे में विभाग को सूचित कर दिया गया है और शीघ्र ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने की उम्मीद है।

# हिलटॉप स्कूल के विद्यार्थियों ने अभिव्यक्ति व बुद्धिमत्ता का शानदार संगम किया प्रस्तुत

तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** हिलटॉप स्कूल के विद्यार्थियों ने स्कूल में नाटकीय रूप से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने स्कूल में अभिव्यक्ति और बुद्धिमत्ता का शानदार संगम प्रस्तुत किया। जहां विद्यार्थियों ने अकादमिक क्षेत्र से परे अपने कौशल को निखारते हुए दो प्रमुख कार्यक्रम पेश किए। जिसमें की स्कूल के जूनियर विद्यार्थियों ने सबसे बड़ा ड्रामेबाज कार्यक्रम में बच्चों को जीवंत मंच पर खड़ा कर दिया।


हिलटॉप स्कूल में नाटक से विद्यार्थियों व शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया।

इस नाटक में बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए मंच में आत्मविश्वास संवाद कौशल और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। तो वहीं दूसरी ओर सीनियर विद्यार्थियों ने इंटर हाउस डिबेट कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें उन्होंने आज के हालात के बारे में वाद विवाद किया जिस पर की उन्होंने कहा कि क्या वैश्वीकरण राष्ट्र की संप्रभुता को कमजोर करता है या मजबूत करता है व क्या विकासशील देशों को कार्बन उत्सर्जन मैसूर मिली चाहिए। क्या लोकतंत्र सफल हो रहा है । स्कूल की अध्यक्ष पूनम राय धवन ने कहा कि सबसे बड़ा ड्रामेबाज नाटक को देखकर बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मक प्रतिक्रिया व सशक्त प्रस्तुतियां पेश करके बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। यह कार्यक्रम बच्चों को अंदर से मजबूती देता है।

# 20 बच्चों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

अनंत ज्ञान, चंबा

**समग्र** शिक्षा के अंतर्गत जिला चंबा के पीएमश्री विद्यालयों से बीस बच्चों का एक दल उप शिक्षा निदेशक क्वालिटी कंट्रोल व जिला प्रयोजना अधिकारी कमलेश ठाकुर की अध्यक्षता में शैक्षणिक भ्रमण पर चंडीगढ़, दिल्ली आगरा के लिए रवाना हुआ। इस शैक्षिक भ्रमण पर जाने वाले बच्चों में नवीं तथा ग्याहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों को लिया गया ।


शैक्षणिक भ्रमण के लिए चंडीगढ़, दिल्ली आगरा के लिए रवाना हुआ बच्चों का दल

इसके अतिरिक्त दो अनाथ बच्चे भी इस शैक्षिक भ्रमण पर गए हैं। बच्चों के साथ डाइट चंबा से प्रवक्ता रोहित शर्मा तथा पांगी से छेरिंग डेकेट वोकेशनल टीचर बच्चों के साथ में रहेंगे। बच्चों को वहां पर शैक्षणिक एक्स्पोज़र के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों को जानने का भी अवसर मिलेगा। यह व्यवहारिक ज्ञान बच्चों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लाता है। बच्चों में समीक्षा ठाकुर, तुषार ठाकुर, रिया, युवराज, सोमिल शर्मा, अवंतिका कुमारी, मंदिरा, देवांश ठाकुर, अंशिमा, सक्षम शर्मा, संगीता कुमारी, सानिया देवी, मृदुल, मनीषा कुमारी, संतोष कुमारी, शालू तथा नेहा रजोली जबकि अनाथ बच्चों में बंधा और अंजलिको यह सुअवसर प्रदान किया गया है। इस अवसर पर सभी बच्चे अत्यंत प्रसन्न थे उन्होंने हिमाचल सरकार तथा समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक का बच्चों के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

### सूडोकु नवताल- 7497 (★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7496 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

सोमवार, 21 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** एकादशी (12:12) : **नक्षत्र** कृतिका (22:53), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** गंड (21:47), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54)। **राहुकाल** (02:10-03:53)।

**विशेष दिन**

- 21 जुलाई 2025: कामिका एकादशी व्रत आज।
- 21 जुलाई 2025: श्रावण वन सोमवार व्रत आज।

**मेषः** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृषः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मिथुनः** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबार में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्कः** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं।

**सिंहः** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**कन्याः** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**तुलाः** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा।

**वृश्चिकः** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य को त्यागें। आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**धनुः** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकरः** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**कुंभः** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**मीनः** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा।

# जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे खुंदेलवासी

अनंत ज्ञान, धरवाला

जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र खुंदेल पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव अलमी गिरड कलाउंस बदरूनी इत्यादि गांवों में एक हजार के आसपास की आबादी रहती है।

स्थानीय लोगों श्रमित ठाकुर रामशरण प्यार सिंह पप्पू राम जय राम सनी इत्यादि लोगों का कहना है कि आजादी के वर्षों बाद भी हमें जान जोखिम में डालकर लकड़ी तथा पत्थर की बनी अनेकों पुलियों को लांघकर अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाना पड़ता है। शनिवार को जब लगभग गांव के सभी लोग भद्रून नामक स्थान पर डिपो का राशन लेने पहुंचे थे। इस दौरान ऊफनती नदी को पार करते हुए एक व्यक्ति नदी में गिर गया, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे बच्चों को भी शिक्षा ग्रहण करने के लिए बतोट नामक स्थान पर जाना पड़ता है। लकड़ी तथा पत्थर की बनी पुलियां जो जरा सा पानी का बहाव बढ़ जाने पर बह जाती है शासन प्रशासन को भी हम अपनी इस रोजमर्रा की समस्या से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है

# राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में कार्तिक ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक



ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** 15 से 17 जुलाई तक राज्य कुराश एसोसिएशन द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिला चंबा के भरमौर के छोटे से गांव फनार के कार्तिक चाढ़क ने भाग लिया और जिला चंबा के साथ भरमौर व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। अब कार्तिक राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राज्य कुरांश संघ के कौशल मुगटा, सुरेंद्र कुल्ला, वीरेन धौलता और हरदेव सिंह ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। डॉ. वाईएस परमार वानिकी एवं बागवानी विश्वविद्यालय नौणी जिला सोलन में आयोजित राज्य स्तरीय कुरांश प्रतियोगिता में चंबा के प्रतिभागियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 21 मेडल हासिल किए हैं।

इनमें 10 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 ब्रांज मेडल शामिल हैं। टीम की अगुवाई राष्ट्र स्तरीय कोच आशीष कुमार, राज्य स्तरीय कोच अमित कुमार व राजेश कुमार ने की। टीम के साथ अजय कुमार और रीनू जरियाल कोच के तौर पर साथ में शामिल रहे।

# एचआरटीसी की टैम्पो ट्रैवलर सेवा बंद, जनता तंग

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** ग्राम पंचायत जगत और रुणहकोठी के लोग लंबे समय से एचआरटीसी की बस या टैम्पो ट्रैवलर सेवा से वंचित हैं। परिवहन सुविधा न होने के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा के सफर के लिए निजी टैक्सियों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करने पर 100 रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है। पहले यहां एचआरटीसी की एक जीप सेवा उपलब्ध थी, जो दिन में तीन-चार राउंड करती थी और लोगों को सस्ता व सुलभ सफर देती थी। लेकिन कई साल पहले यह सेवा भी बंद कर दी गई। जबकि यहां सड़कें बस चलाने के योग्य हैं और सरकार ने परियोजनाओं के तहत सड़क निर्माण भी किया है, फिर भी आज तक कोई निगम सेवा बहाल नहीं की गई। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने कई बार मांग उठाई है कि यहां टेंपो ट्रैवलर या छोटी बस चलाई जाए।

# भरमौर में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम कल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** प्रदेश सरकार द्वारा 22 जुलाई को भरमौर उपमंडल में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया करेंगे। इस जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान भरमौर, बड्ग्रां, पुलन, संचुई, प्रंघाला, हडसर, ग्रीमा, घरेड़, खणी और चोबीया पंचायतों के लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

**दी सिहूंड कृषि सेवा सहकारी सभा समिति सिहूंड**

**चौकीदार के पद भरने हेतु आवेदन**

**दी** सिहूंड कृषि सेवा सहकारी सभा समिति सिहूंड में चौकीदार का पद रिक्त है। निवेदक अपना निवेदन पत्र सभा प्रधान के नाम लिखकर सभा सचिव दिनेश कुमार के पास कार्य दिवस सिहूंड में दिनांक 27/07/2025 तक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जमा करवा सकते हैं। निर्धारित दिनांक व समय के उपकृत कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सचिव
दी सिहूंड कृषि सेवा सहकारी सभा समिति सिहूंड

**Vallabh Govt. College Mandi H.P.**

***Notice***

**It** is informed to the general public that sealed quotations are invited for the old Newspapers/Magazines/Unserviceable books of college library on the following terms and conditions:-

1. The undersigned reserves the right to reject the rate which are not up to mark.
2. The firms which offer the highest rates will have taken the delivery within two days and make the full payment on the spot.
3. The firm which offers the highest rates will have to arrange for weighting the material in the college premises at their own cost.
4. The firm should quote their rates in KGs separately for each item given below:-
   **(a) Newspapers English and Hindi**
   **(b) Magazines English and Hindi**
   **(c) Unserviceable old books**
5. The rates should reach this office on 31th July 2025 and quotations are to be opened on 1st August 2025 at 2:00 pm.
6. The validity of quotations will be up to 05th august 2025.
7. The sealed envelope containing the quotation for old Newspapers/Magazines/Unserviceable books.

**Note: -** Old Magazines/ Newspapers/ books can be inspected in the college library on any working day between 2:00 PM to 4:00 PM.

***Copy : All Notice Board*** ***19th July, 2025*** **Principal**

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# ब्रह्मपुत्र बांध से चिंता

चीन ने भारत की आपत्तियों और क्षेत्रीय चिंताओं को दरकिनार करते हुए ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के निर्माण का निर्णय लिया है। यह बांध तिब्बत के मेडोग क्षेत्र में यारलुंग त्संगपो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) पर बनाया जा रहा है। चीन दावा कर रहा है कि इससे वह सालाना लगभग 300 अरब किलोवाट बिजली उत्पन्न करेगा, जिससे तिब्बत जैसे दुर्गम इलाके की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी, लेकिन भारत, खासकर पूर्वोत्तर के राज्य अरुणाचल प्रदेश और असम के लिए यह परियोजना संभावित विनाश का कारण बन सकती है। चीन की विदेश नीति लंबे समय से 'विस्तारवाद' और संसाधनों पर नियंत्रण की रही है। चाहे दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप बनाकर सामरिक वर्चस्व स्थापित करना हो या फिर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के जरिए छोटे देशों को कर्ज में जकड़ना, चीन का हर कदम रणनीतिक होता है। ऐसे में ब्रह्मपुत्र जैसे ट्रांसबाउंड्री (सीमा पार बहने वाली) नदी पर चीन द्वारा विशाल बांध बनाना केवल ऊर्जा उत्पादन का साधारण प्रयास नहीं हो सकता।

इस परियोजना के माध्यम से चीन ब्रह्मपुत्र की जलधारा को नियंत्रित कर सकता है, जिससे भारत और बांग्लादेश जैसे डाउनस्ट्रीम देशों को गंभीर नुकसान हो सकता है। भारत में मानसून के समय जब नदियां पहले ही उफान पर होती हैं, उस वक्त चीन द्वारा अचानक पानी छोड़ना पूर्वोत्तर राज्यों के लिए आपदा ला सकता है। वहीं शुष्क मौसम में पानी रोक लेना असम और अरुणाचल की कृषि व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर, ब्रह्मपुत्र नदी बांग्लादेश में जमुना नाम से बहती है और वहां की लगभग 20 करोड़ आबादी इस पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर है। यदि चीन इस नदी पर नियंत्रण स्थापित कर लेता है तो बांग्लादेश की सिंचाई, पेयजल आपूर्ति और मछली पालन जैसे अहम क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ सकता है। यही कारण है कि बांग्लादेश ने भी इस परियोजना पर आपत्ति दर्ज की है। इस बांध के बनने से कई संभावित नुकसान हो सकते हैं। सबसे नुकसान पर्यावरणीय असंतुलन का है। इतनी बड़ी परियोजना से तिब्बत और ब्रह्मपुत्र घाटी में पारिस्थितिकी तंत्र पर गहरा असर पड़ेगा। जंगल, वनस्पतियां और जैवविविधता प्रभावित हो सकती है। जल आपूर्ति में अनिश्चितता भी आ सकती है।

ब्रह्मपुत्र पर निर्भर लाखों किसानों और ग्रामीणों की जल जरूरतों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। चीन अगर किसी राजनीतिक कारण से पानी रोकता है तो भारत को जल संकट झेलना पड़ सकता है। वहीं, बाढ़ और आपदा का खतरा तो बराबर बना रहेगा । यदि चीन ने बिना पूर्व सूचना के भारी मात्रा में पानी छोड़ा तो अरुणाचल और असम जैसे राज्यों में विनाशकारी बाढ़ आ सकती है। यही नहीं, भूकंपीय खतरा भी हो सकता है। यह क्षेत्र भूगर्भीय दृष्टि से संवेदनशील है। इतने बड़े बांध का निर्माण भूकंप या भूस्खलन जैसी घटनाओं को बढ़ा सकता है। सामरिक रणनीति में चीन को लाभ होगा। भारत-चीन सीमा विवाद के बीच यह परियोजना रणनीतिक दृष्टि से चीन को ऊपरी हाथ देने वाली है। युद्ध या तनाव की स्थिति में यह 'वॉटर वेपन' बन सकता है। हालांकि, चीन का कहना है कि यह बांध पूरी तरह से उसके क्षेत्राधिकार में बन रहा है। इससे ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। तिब्बत जैसे दूर-दराज और ऊर्जा-वंचित क्षेत्र को लाभ मिलेगा। यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अंतर्गत है और कोई सीमा पार जल संधि का उल्लंघन नहीं है। चीन की इस बात पर भी ध्यान देना जरूरी है कि वह अंतरराष्ट्रीय जल संधियों में हिस्सा नहीं लेता और पारदर्शिता से परहेज करता है।

वह अपस्ट्रीम देश होने के कारण जल प्रवाह को हथियार बना सकता है। भारत को अब कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए। भारत को चीन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के जरिए ब्रह्मपुत्र पर एक साझा जल समझौता करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। यदि यह संभव न हो, तो संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया जा सकता है। सामरिक निगरानी के लिए सैटेलाइट और अन्य माध्यमों से चीन की जल परियोजनाओं की निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में भारत तत्परता से प्रतिक्रिया दे सके। पूर्वोत्तर में जल भंडारण और चेतावनी प्रणाली पर जोर देना चाहिए। असम और अरुणाचल में जल भंडारण, बाढ़ नियंत्रण और अर्ली वार्निंग सिस्टम को मजबूत करना होगा, ताकि आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सके। जल कूटनीति का इस्तेमाल कर भारत को नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के साथ एक साझा जल नीति विकसित करनी चाहिए, जिससे क्षेत्रीय संतुलन बने और चीन पर नैतिक दबाव पड़े। जनसहयोग और अनुसंधान के दृष्टिगत देश के जल विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों और रणनीतिक विशेषज्ञों को मिलाकर एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाए, जो इस चुनौती से निपटने की दीर्घकालिक नीति बनाए।

चीन का ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाना केवल एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया में जल-शक्ति संतुलन को चुनौती देने की रणनीति है। भारत को इस चुनौती को गंभीरता से लेते हुए बहुपक्षीय, तकनीकी और कूटनीतिक सभी मोर्चों पर सतर्कता बरतनी चाहिए। यह सही है कि युद्ध का रास्ता नहीं अपनाया जा सकता, लेकिन जल नीति के स्तर पर संयम, समझदारी और रणनीतिक तैयारी जरूरी है। तभी भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाएगा और चीन के इस कदम से क्षेत्रीय शांति को खतरा नहीं बनने देगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के स्वतंत्रता सेनानी

**जयरामदास** दौलतराम भारत के स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनेता थे। वह संविधान सभा के सदस्य चुने गए थे। स्वतंत्रता के बाद जयरामदास दौलतराम बिहार के पहले राज्यपाल और भारत के दूसरे कृषि मंत्री नियुक्त किए गए थे। वह असम के राज्यपाल भी रहे। 1979 में उनका निधन हुआ। जयरामदास दौलतराम प्रसिद्ध कांग्रेसी नेता थे, जो देश में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे। उनका जन्म कराची (अब पाकिस्तान में) के एक संपन्न क्षत्रिय परिवार में हुआ था। सिंध पर अंग्रेजों के अधिकार के पहले से ही उनके पूर्वज उच्च पदों पर रहते आए थे। जयरामदास मेधावी छात्र थे। हाई स्कूल की परीक्षा में वे पूरे सिंध प्रांत में प्रथम आए थे। बीए की परीक्षा में पूरी प्रेसिडेंसी में (जिसमें सिंध भी सम्मिलित था) उन्होंने दूसरा स्थान प्राप्त किया था। मुंबई से जयरामदास दौलतराम ने कानून की डिग्री ली और कराची में वकालत करने लगे। विद्यार्थी जीवन में ही जयरामदास दौलतराम का संपर्क प्रसिद्ध नेताओं गोपालकृष्ण गोखले, लोकमान्य तिलक, फिरोजशाह मेहता और गांधी जी आदि से हो चुका था। 1 मार्च, 1979 को जयरामदास दौलतराम का निधन हो गया। उनकी स्मृति में भारत सरकार द्वारा 1985 में डाक टिकट जारी किया गया था। ■



जयरामदास दौलतराम
जन्म : 21 जुलाई, 1890
मृत्यु : 1 मार्च, 1979



## कविता: शहीदी का घर प्यारा लगे

*भीम बसेडू राजपूत, महादेव, मंडी*

सुन मेरी भारत मां, खून से लथपथ नहीं हूं मैं।
यह तो है हिंद योद्धा का गहना, कवच और कुंडल का लाल सलाम।
आखिरी संग्राम का आर-पार, मौत महबूबा की हसीन रौनक।
शहीदी का घर है प्यारा, लगे है मुझे बहुत न्यारा।
मोर्चा संभाले मेरे साथियों-फौजियों,
कहीं जो तुम्हें मिले, मेरी मां।
उसे कहना, इंतजार न करे मेरा।
दरवाजे की चौखट पर, वो रोया न करे।
तुम मेरी मां से कहना, अब ये आंसू नहीं।
क्योंकि, मौत जहां जन्नत हो, यह बात मेरे वतन में है।
बदला और बलिदान का जज्बा, जिंदा मेरे कफन में है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# स्वच्छता सर्वेक्षण ने हिमाचल को दिखाया आईना

स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि किसी समाज की चेतना, प्रशासन की प्राथमिकता और नागरिकों की संवेदनशीलता का प्रतीक होती है। जब देशभर के 824 शहरों का स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 सामने आया तो हिमाचल की राजधानी शिमला के नाम के आगे 347वीं रैंक देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया। वह शिमला जो कभी देश के सबसे स्वच्छ पर्वतीय नगरों में गिना जाता था, इस बार शर्मनाक ढंग से फिसड्डी साबित हुआ। दूसरी ओर, शिमला के साथ लगते ठियोग ने बाजी मार ली और हिमाचल में पहले स्थान पर आ गया। यह विरोधाभास न सिर्फ चौंकाने वाला है, बल्कि इस बात की गहराई से पड़ताल की मांग करता है कि आखिर शिमला क्यों पिछड़ा और ठियोग कैसे आगे निकला? इस रैंकिंग के पीछे छिपे मापदंडों और सच्चाइयों को उजागर करना न केवल लाजिमी है, बल्कि यह भी तलाश होनी चाहिए कि हिमाचल को फिर से स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने के लिए क्या रणनीतियां अपनाई जानी चाहिए। फिलहाल सबके मन में यही सवाल उठ रहा है कि शिमला इस बार स्वच्छता के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में अपनी प्रतिष्ठा क्यों नहीं बचा सका? मंडी अपेक्षाकृत अच्छा रहा और 183 रैंकिंग हासिल की। नागरिक फीडबैक के आधार पर पालमपुर 205 पर सिमट गया। प्रदेश के दूसरी स्मार्ट सिटी धर्मशाला ने थोड़ा सुधार किया है और गीले कचरे का निपटान करने में अव्वल रहा है। हालांकि उसकी रैंकिंग भी 248 पर रही। हमीरपुर में जन सहभागिता में भारी कमी देखी गई और उसकी रैंकिंग 276 रही। सबसे खराब हालत तो सोलन की है जहां असंतुलित प्रबंधन स्पष्ट रूप से देखा गया।

**स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रक्रिया:** अब आपके मन में यह सवाल अवश्य कौंध रहा होगा कि स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रक्रिया आखिर क्या होती है? दरअसल, स्वच्छता सर्वेक्षण देश का शहरी विकास मंत्रालय हर साल करवाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2016 में भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत हुई थी। इसका उद्देश्य शहरी भारत में स्वच्छता के स्तर को मापना, नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देना और नगर निकायों को प्रतिस्पर्धात्मक रूप से सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए प्रेरित करना है। सर्वेक्षण के प्रमुख मापदंडों में सबसे पहले डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की स्थिति देखी जाती है। इसके बाद शुरू होता है गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण। फिर यह देखा जाता है कि कचरे का निपटान वैज्ञानिक तरीके से हो रहा है या नहीं। खुले में शौच मुक्त की स्थिति भी जांची जाती है। हालांकि खुले में शौच मुक्त अब लगभग बंद ही है, क्योंकि गांवों में ही नहीं, बल्कि सभी जगह टॉयलेट बन गए हैं। स्वच्छता के मार्ग में जन सहभागिता और जागरूकता कितनी है, इसका भी आकलन किया जाता है। सबसे महत्वपूर्ण है जल स्रोतों की सफाई और प्लास्टिक प्रबंधन। नागरिक प्रतिक्रियाओं से भी यह जाना जाता है कि स्वच्छता को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा फील्ड निरीक्षण और डिजिटल ट्रैकिंग से स्वच्छता के बारे में पूरी फीडबैक ली जाती है। उसके बाद रैंकिंग देने का सिलसिला शुरू होता है। इसी आधार पर 824 शहरों की रैंकिंग जारी की गई।



**शिमला की रैंकिंग में इसलिए गिरावट:** शिमला 2017 और 2018 में देश के सबसे स्वच्छ पर्वतीय शहरों में गिना जाता था, लेकिन क्या आपको मालूम है कि 2024-25 के सर्वेक्षण में राजधानी शहर की हालत इतनी खराब क्यों हो गई? दरअसल, इसके कई कारण हैं। कचरा पृथक्करण की विफलता सबसे बड़ा कारण है। घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण बेहद सीमित रहा। वैज्ञानिक कचरा निपटान सही ढंग से नहीं हुआ। ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट वर्षों से अधर में लटका है। वहीं, जल स्रोतों की सफाई में भी भारी लापरवाही देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार, जलधाराओं में कचरे का बहाव होता देखा गया। सर्वेक्षण में तकनीकी पहलुओं की अनदेखी हुई है। हालांकि, शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान का दावा है कि नदी के नाम पर नंबर काटे गए , जबकि शिमला में नदी ही नहीं है। नागरिक सहभागिता की कमी भी रही। नागरिक प्रतिक्रिया भी औसत से नीचे रही, जिससे कुल स्कोर पर असर पड़ा।

**यथार्थ**



समरजीत

**ठियोग राज्य में इसलिए अव्वल :** हिमाचल का ठियोग कस्बा, जिसकी आबादी 20 हजार से कम है, राज्य में शीर्ष स्थान पर आखिर कैसे रहा, यह भी एक बड़ी कहानी है। दरअसल, ठियोग ने पिछले एक साल के दौरान कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण ठियोग में होता रहा। यहां सूखा और गीला कचरा पृथक्करण का सख्ती से पालन किया गया। जैविक कचरे से खाद उत्पादन को तवज्जो दी गई। स्थानीय निकाय की निगरानी और जागरूकता अभियान जहां सुचारु रूप से चला वहीं ,जन सहभागिता और स्कूल कार्यक्रमों में भागीदारी भी अव्वल दर्जे की रही। हालांकि , लोगों की मानें तो ठियोग की स्थिति शिमला से बेहतर नहीं, लेकिन डेटा-आधारित मूल्यांकन में यह नगर काफी आगे निकल गया।

**पर्यटन पर असर :** शिमला एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र है। यहां सालभर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में स्वच्छता रैंकिंग का गिरना पर्यटन पर असर डाल सकता है। पहला असर छवि पर आघात का है, क्योंकि पर्यटक स्वच्छता को प्राथमिकता देते हैं। दूसरा, सोशल मीडिया आलोचना झेलनी पड़ती है क्योंकि जब लोग गंदगी की तस्वीरें पोस्ट करते हैं तो जाहिर है कि उससे शहर की छवि बिगड़ती है। तीसरा, विदेशी पर्यटकों की संख्या में गिरावट आ सकती है, क्योंकि डब्ल्यूएचओ और यूएनडब्ल्यूटीओ जैसे संस्थानों की रिपोर्ट स्वच्छता को यात्रा-निर्णय का अहम आधार मानती हैं।

**इन शहरों ने किए अभिनव उपाय:** स्वच्छता सर्वेक्षण में इस साल जिन शहरों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए, उन्होंने कई अभिनव उपाय किए। इंदौर ने लगातार आठवीं बार नंबर वन पर रहते हुए सिटीजन ऐप, आरएफआईडी टैग और वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की मदद से मिसाल पेश की। सूरत ने जन भागीदारी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी प्रणाली को अपनाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। नवी मुंबई ने डोर-टू-डोर कलेक्शन और समुद्री प्लास्टिक मैनेजमेंट में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। मैसूर ने स्कूल-आधारित जागरूकता कार्यक्रमों और हर्बल कचरा निपटान जैसी योजनाओं से नया कीर्तिमान स्थापित किया।

**हिमाचल ले सीख:** हिमाचल को स्वच्छता में कीर्तिमान बनाने वाले शहरों से सीख लेकर स्वच्छता के क्षेत्र में सुधार करने होंगे। सबसे पहले तो डिजिटल निगरानी प्रणाली को लागू करना होगा। कूड़ा पृथक्करण वैसे तो अनिवार्य किया हुआ है, लेकिन उसकी गहनता से समीक्षा तथा मॉनिटरिंग अनिवार्य है। कचरा प्रबंधन संयंत्रों को क्रियाशील करना बेहद जरूरी है। नगर निगमों की क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही स्थानीय निवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए 'मेरे शहर, मेरी जिम्मेदारी' जैसे अभियानों को मजबूती देनी होगी।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार :** भारत सरकार प्रत्येक वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरों को पुरस्कार राशि प्रदान करती है। राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष शहर को 10 से लेकर 25 करोड़ तक का नकद पुरस्कार दिया जाता है। श्रेणी विशेष—20 हजार से कम और 1 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों को 5 से 10 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। विशेष पुरस्कार जैसे जनजागरूकता, नवाचार, और नागरिक सहभागिता के लिए 1 से 5 करोड़ रुपए तक की राशि प्रदान की जाती है। शहर इस इनाम को बुनियादी सुविधाओं, कचरा प्रबंधन, मशीनरी और सफाईकर्मियों के प्रशिक्षण में उपयोग कर सकते हैं।

**उद्देश्य और जवाबदेही:** स्वच्छता सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य जन जागरूकता बढ़ाना तथा प्रतिस्पर्धात्मक सुधार को प्रोत्साहित करना है। स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करना और सतत शहरी विकास को आधार बनाना भी इसके प्रमुख उद्देश्य हैं। यह केवल एक रैंकिंग प्रणाली नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक आंदोलन है, जो नागरिकों को जिम्मेदार बनाता है और शहरों को पारदर्शिता के साथ काम करने को प्रेरित करता है।

**शुरुआत 2016 में :** स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत 2016 में हुई थी। इसका बीज 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से पड़ा। 2016 में पहली बार 73 शहरों में परीक्षण किया गया, 2017 में यह संख्या बढ़ाकर 500 कर दी गई। 2020 से इसमें डिजिटल ट्रैकिंग, लाइव डेटा फीड और मोबाइल ऐप आधारित मूल्यांकन को शामिल किया गया। 2022-23 से जल स्रोतों की सफाई और प्लास्टिक कचरे को भी नए मापदंडों में शामिल किया गया। अब यह सर्वेक्षण केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि शहरी स्वच्छता की प्रतिस्पर्धा बन चुका है जिसमें हर राज्य और नगर अपनी पहचान बचाए रखने के लिए संघर्ष करता है।

**आत्ममंथन और सुधार:** शिमला जैसे ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व के शहर के लिए यह समय आत्ममंथन और सुधार का है। यह न केवल शिमला, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश की साख का प्रश्न बन चुका है। सर्वेक्षण के मापदंडों की पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और नागरिकों को जिम्मेदार भागीदार के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। अगर आज सुधार नहीं किए गए, तो भविष्य में यह गिरावट न केवल पर्यटन बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण और निवेश के स्तर पर भी हिमाचल के लिए संकट बन सकती है। शिमला को फिर से स्वच्छता का सिरमौर बनाना होगा, क्योंकि अब केवल आंकड़े नहीं, बल्कि राज्य की साख दांव पर लगी है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर में समाज को नई दिशा दिखाने की क्षमता

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में स्थित विश्व संवाद केंद्र एक सामाजिक संचार संस्था है जो विचारशील पत्रकारिता, सामाजिक विमर्श और सांस्कृतिक सरोकारों को आगे बढ़ाने के लिए सतत कार्यरत है। इसी क्रम में सोशल मीडिया की दुनिया में सक्रिय रचनात्मक लोगों को एक मंच पर लाने और संवाद के माध्यम से सकारात्मक सोच का प्रसार करने हेतु सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट 2025 आयोजित की गई।



अंकुर कौंडल
बिलासपुर

वर्तमान युग डिजिटल क्रांति का युग है। जिस प्रकार पहले अखबार, रेडियो और टेलीविजन समाज में विचार निर्माण के प्रमुख माध्यम थे, उसी प्रकार आज सोशल मीडिया लोगों की सोच, व्यवहार और दृष्टिकोण को आकार देने वाला सबसे सशक्त मंच बन चुका है। इस मंच पर सक्रिय लोग, जिन्हें हम सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स कहते हैं, केवल ट्रेंड सेटर्स या प्रमोटर्स नहीं हैं, बल्कि वे समाज को दिशा देने वाले विचारशील नेतृत्वकर्ता बन सकते हैं। आज हर हाथ में मोबाइल हथियार का काम कर रहा है। उसको किस तरह प्रयोग करना है यह हमारे ऊपर निर्भर है। कहते हैं कि शब्द गहरा घाव करते हैं और वैसे ही एक वीडियो एक फोटो हजार शब्दों के बराबर है और एक वीडियो किसी के मन पर एक गहरी छाप छोड़ देती है बजाय किसी बात को सुनने से। सोशल मीडिया को देखें तो आज एक बच्चे से लेकर 60 साल तक के लोग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन के नाम पर कुछ न कुछ बनाकर अपलोड कर रहे हैं और सुविधा-कमाई की होने के कारण इस पर अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। आज खाने से लेकर नाच गाने की वीडियो और अन्य कोई भी टैलेंट हो उसका उसे पर वीडियो बनाकर अपलोड की जा रही है। यह बात तो रही सोशल मीडिया के इनफ्लुएंसर या कंटेंट क्रिएटर की।

अब इसमें प्रश्न यह है कि क्या सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएशन के वक्त उसमें भारत या भारत से संबंधित किसी भी वस्तु, व्यवहार, विचार, भारतीय परिवार, वसुधैव कुटुंबकम, अतिथि देवो भाव जैसा कोई दृष्टिकोण झलकता है या नहीं? क्या किसी वीडियो में भारत झलकता है या भारत के भूभाग के सकारात्मक पहलू की बात होती या दिखाई देती है? हमारा एक इनफ्लुएंसर या सोशल मीडिया में कंटेंट बनाने से देश, प्रदेश या समाज को क्या फायदा या नुकसान हो रहा है, यह हमारे जहन में होना चाहिए। कुछ भी कंटेंट बनाने से पहले यह विचार करना चाहिए कि क्या कहीं हमारे वीडियो से समाज में दूषित वातावरण तैयार तो नहीं हो रहा या इससे हमारी पीढ़ी के अंदर कहीं नकारात्मकता का विचार तो नहीं जा रहा? यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश में विश्व संवाद केंद्र शिमला ने पहली बार 2023 में सोशल मीडिया मीट नाम से एक प्रयोग किया जिसमें हिमाचल के कंटेंट क्रिएटर को इसमें आमंत्रित किया गया था। इस



कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत मुख्यातिथि थीं। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर को संदेश दिया कि आपके द्वारा किए गए सकारात्मक निर्णय से नकारात्मकता खुद समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विचारों से लेकर सामाजिक सरोकार को लेकर अपनी सकारात्मक भागीदारी निभाने में तत्पर हैं और यह प्रदेश का पहला मंच है जिसमें मीडिया क्रिएटर को एकीकृत कर उन्हें परस्पर विचार-विमर्श व सहयोग का यह तंत्र एक मील का पत्थर साबित होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से देश हित में हुई घटनाओं को अपने पोर्टल या पेज पर स्थान देने का आग्रह किया था, ताकि लोगों को इन घटनाओं की क्लेरिटी रहे और लोग अन्य अफवाहों से बचे रहें। अब इसी कड़ी में रविवार 13 जुलाई को 2 वर्ष बाद इस मीट का आयोजन शिमला में हुआ। इस दौरान इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि चंद्रप्रकाश ने कहा कि आज सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को समृद्ध संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। यह आयोजन राज्य की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सामाजिक मूल्यों के प्रचार के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के करीब 150 सक्रिय उपयोगकर्ता शामिल हुए। इस दौरान इन सभी इन्फ्लूएंर्स के साथ समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में यह भी किया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है और संघ द्वारा समाज हित में पांच अहम बिंदुओं पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने समाज में पंच परिवर्तन विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वत्व का भाव एवं नागरिक कर्त्तव्य पर भी काम करने की आज नितांत आवश्यकता है। यहां सभी कंटेंट निर्माताओं से यह आग्रह किया गया कि वे सभी सकारात्मक कंटेंट तैयार करें और समाज में सकारात्मकता एवं जागरूकता लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल मीडिया के जिम्मेदार और रचनात्मक उपयोग के माध्यम से सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक संरक्षण को प्रोत्साहित करना था। सोशल मीडिया मीट 2025 न केवल एक संवाद का मंच साबित हुआ, बल्कि यह राज्य के युवाओं में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और तकनीक के सकारात्मक उपयोग की भावना को भी सशक्त करने वाला कदम बना है। इस बार शिमला में आयोजित सोशल मीडिया मीट में प्रदेश की सबसे कम उम्र की ब्लॉगर सुहानी शर्मा ने भाग लिया।

नौ साल की सुहानी ने अपने परिचय में कहा कि आज की पीढ़ी धीरे-धीरे अपने बुजुर्गों से दूरी बना रही है, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बच्चे और बुजुर्ग दोनों ही देखभाल के अधिकारी होते हैं, क्योंकि दोनों ही जीवन के उस पड़ाव पर होते हैं जहां उन्हें विशेष स्नेह और सहयोग की आवश्यकता होती है। सुहानी का ब्लॉग मुख्य रूप से संयुक्त परिवार प्रणाली और बुजुर्गों की देखभाल पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि वह हर ब्लॉग में अपने दादा-दादी को साथ लेकर ब्लॉगिंग करती हैं, ताकि समाज में बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया जा सके। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स आज के युग में विचार-निर्माता बन चुके हैं। उनके पास जनमानस तक पहुंचने की अभूतपूर्व क्षमता है। यदि वे अपने प्रभाव का उपयोग सकारात्मक दिशा में करें तो वे समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं—एक ऐसा समाज जो जागरूक, नैतिक, प्रगतिशील और समरस हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# फलों से लदे सेब के हरे-भरे पेड़ काटना कितना न्यायपूर्ण ?

सेब के पेड़ भूख को मिटाने, दर्द उखाड़ने वाले, पीड़ा हरने वाले या बीमारी से दूर रखने वाले, क्या सच में अपनी इन बातों में खरे उतरे हैं या समाज के लिए भूख बढ़ाने वाले, मृगतृष्णा की ओर समाज को धकेलने वाले, लालच के पाश में जकड़ने वाले या माया की माया से मिलाने वाले, दिग्भ्रमित समाज को और दिग्भ्रमित करने वाले साबित हुए जो देवदार, कायल के वृक्षों की चीखों को समेटे बस पग-पग बढ़ाते पाप का झाड़ बन गए, जहां सत्य व धर्म की चीखों को दरकिनार कर बस पल-पल वृक्ष संहार या जीव हत्या का तांडव होता रहा। यह तांडव कोई एक दिन, एक वर्ष या एक दशक नहीं हुआ, बल्कि धीरे-धीरे चीख पुकारों के बीच दशकों होता रहा और किसी को भी दया नहीं आई, चाहे जनता हो या सरकार या गरीब हो या साहूकार, क्योंकि कटने वाला जीव तो था पर बेजुबान। हां, परमात्मा भी सदियों दौलत की खनक के घूंट पिलाता रहा इस सबके बदले में, मौसम में बदलाव के संकेत भी देता रहा, मगर धीरे धीरे। पर वक्त सब मूक होकर देखता रहा, देखता रहा, कोई तो आएगा परिवर्तन की दिशा बदलने। पर आया भी तो आया न्याय का झंडा उठाए, न्याय का देवता कहलाने वाला न्यायालय।



रीना भारद्वाज
स्वतंत्र लेखिका

आता भी क्यों न, बंजर की पैदावार ने मस्तिष्क पॉल्यूट या तबाह कर सोचने की शक्ति छीन ली, तभी तो समाज के कुछ लोगों की भूख दौलत आने के बाद और बढ़ने लगी ,जिससे समाज का कुछ तबका ब्याज पर पैसे देकर अपने ही समाज के कुछ लोगों को जो मजबूर हों एक लाख के एक साल में एक करोड़ तक बनाने लगे, जो यह भूल गए थे इनका कमाया यह धन बंजर भूमि की उस जमीन का है जिस पर इन सब लोगों का भी अधिकार बनता है, बने भी क्यों न, बंजर सरकारी जमीन की कमाई जो थी। ऐसी कमाई पर फिर से और गैरकानूनी कमाई जो अपने साथ अनगिनत तरीके लेकर हिमाचल के धार्मिक, शांतिपूर्ण रवैये की ज्यामिति ही बदलने में लग गई।



बदले भी क्यों न, यह बदलाव जो गैरकानूनी की जड़ पकड़ कर बड़ा हो ,कैसे सात्विकता की लौ लाता जिसमें कई जीवों की चींख भी तो थी। अरे कहते हैं तू न मोखा लो, तैरे मोखा लो कुखी र जाअ अर्थात जो तूने किया है उसका फल तेरी संतान भुगतेगी। हो भी क्यों न, अरे कितनों को दान किया है ऐसी कमाई का अंश, क्या किसी मजबूर की मदद की, क्या किसी बेसहारों का सहारा बने, क्या दान की लौ जलाई या अनाथ के जीवन में संगीत बने, नहीं न, बल्कि दौलत की बढ़ती भूख को बढ़ाते गए और स्व में जीते रहे।

अपने बच्चों के लिए खुशहाली की जगह पर्यावरण परिवर्तन का झुनझुना पकड़ा गए। अब न्याय का फैसला आया तो बड़बड़ा गए और न्याय की मांग में अन्याय जान गए। जो पेड़ तब कटे थे अन्याय की धार पर, वह पेड़ आज भी कट रहे हैं क्या न्याय की धार पर। भले ही आज सेब के हों। पर कटने का फैसला सही था या बंटने का फैसला और सही होता, क्योंकि इंसानी फितरत है काटना मंजूर है पर बांटना नहीं। एक तरफ सजा जिनको देनी है उनको यह ज्यादा बढ़ी लगती और जो समाज वर्ग आज तक इस सुख से वंचित रहा उन्हे भी बंजर से अपने हिस्से का कुछ सुकून मिलता, इस फले फूले पेड़ पाकर, चाहे सौ सौ पौधे ही मिलते, साथ ही सरकार को भी जी भरकर टैक्स लेने का मौका मिलता। जाने न्याय के देवते ने कटना क्यों चुना, जबकि कटना तो हल हो ही नहीं सकता। किसी भी चीज का हल तो बंटना ही होता है। इससे एक तो जिनके भाग्य में सरकारी जमीन का सुख नहीं था, वह भी कुछ साल कुछ प्रसाद पा लेते दूसरा सत्य की लौ में सत्य का दीपक जलाए थोड़ी प्रकृति को सेब के पेड़ों की आक्सीजन भी मिलती, क्योकि पर्यावरण परिवर्तन के लिए देवदार के वृक्ष के पहिए मिलने को समय की आवश्यकता है। अंत में तो सत्यमेव जयते।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप नाले में लुढ़की, चालक घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना के तहत निहरी में पिकअप जीप के नाले में लुढ़कने से चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए निहरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज प्राथमिकी में कपिल कुमार पुत्र सीता राम निवासी गांव दशाहल डाकघर व तहसील निहरी ने कहा है कि गीता राम पुत्र झुम्मू राम निवासी गांव चिरल के साथ वह वाड़ा गांव से अपने घर दशाहल जा रहा था। शनिवार रात वह अपने घर के निकट उतर गया। वाड़ा गांव से थोड़ा आगे जाते ही गीता राम पिकअप जीप सहित दशाहल नाले में करीब 250 फीट नीचे गिर गया। इसके कारण गीता राम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से निहरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया बीएसएल थाना में जीप चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है।

### महिला से मारपीट पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना बीएसएस कालोनी में महिला के साथ मारपीट करने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में राजमणि पत्नी रोशन लाल निवासी गांव फलिउर डाकघर मझौली ने कहा है कि भीम सिंह पुत्र हिम्मत सिंह ने गत दिन उसका रास्ता रोका और चेहरे पर थप्पड़ मारे। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### बेरोजगारों को जॉब ट्रेनी के नाम पर ठगने का कांग्रेस सरकार का नया जाल: चौहान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अजय चौहान ने जॉब ट्रेनी मामले पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि यह हिमाचल प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को ठगने का एक नया जाल है, नौकरियों का मुद्दा ना उठे इसके लिए यह सरकार के लिए एक साल का जीवनदान है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल युवाओं को ठगने और शोषित करने का काम करती आ रही है। चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की लाइब्रेरी में अनेकों युवा एग्जाम की तैयारी करते हैं पर अगर एग्जाम आते हैं तो वह रद्द हो जाते हैं या उनका परिणाम रुक जाता है। यह वही सरकार है जिन्होंने नौकरी देने वाले संस्थान बंद कर दिए और एक ही अधिसूचना से हिमाचल प्रदेश के 1.50 लाख पदों को समाप्त कर दिया, रोजगार के अवसर एवं साधन भी समाप्त कर दिए। ना आउटसोर्स पॉलिसी बनी ना नौकरी देने का कोई रास्ता खुला।

### प्राकृतिक खेती करने के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आतमा मंडी द्वारा परियोजना निदेशक डॉ राकेश पटियाल की अगुवाई में सुंदरनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सेरी कोठी और मलोह के भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के अंतर्गत आने वाले किसानों के लिए कृषक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 70 किसानों ने भाग लिया। सुंदरनगर के इन किसानों को जिला बिलासपुर के किसानों द्वारा तैयार प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन प्लॉट का भ्रमण करवाया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित व इस भ्रमण से प्राकृतिक खेती का व्यवहारिक रूप से ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस भ्रमण कार्यक्रम में मंडी जिला के उपपरियोजन निदेशक डॉ हितेंद्र ठाकुर, डॉ संजय कुमार, खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### भागवत अमृतवाणी से भक्त हुए भावविभोर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सिद्ध कोठी बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी और ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कथा व्यास जगदीश शर्मा ने सात दिनों तक भागवत पुराण की अमृतवाणी से भक्तों को भावविभोर किया। दीनानाथ पुजारी ने बताया कि समापन की रात्रि को माहूंनाग भजन मंडली तरौर ने भजन संध्या में अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के उपरांत मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### मस्तराम को गुर्जर कल्याण परिषद की कमान

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल राज्य गुर्जर कल्याण परिषद बल्ह ब्लॉक की एक बैठक परिषद के जिला अध्यक्ष तिलक राज राव की अध्यक्षता में नेरचौक में आयोजित की गई। बैठक में परिषद के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा की गई। साथ ही ब्लाक कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से संपन्न हुए ब्लाक स्तर के इन चुनावों में मस्तराम को प्रधान जबकि कमल किशोर को महासचिव का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा वरिष्ठ उप प्रधान बलवंत, कोषाध्यक्ष जगदीश, महालेखाकार बृजलाल, मुख्य सलाहकार खेमचंद, सहसचिव योगेंद्र पाल जबकि प्रेस सचिव भूपेंद्र पाल को मनाया गया। इस अवसर पर नागेश्वर कुमार, कश्मीर सिंह नरेश, परम देव, रूप सिंह कटारिया व जीवन यादव सहित परिषद के कई पदाधिकारी व वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे।

### 'माये तू दर्श दिखा जावीं' भजन रिलीज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माता चिंतापूर्णी के पावन नवरात्रों के उपलक्ष में एक भावपूर्ण भजन 'माये तू दर्श दिखा जावीं' रिलीज कर दिया गया है। इस भजन को ऊना के उभरते युवा गायक अक्षित शर्मा ने अपने यूट्यूब चैनल 'सिंगर अक्षित शर्मा' पर प्रस्तुत किया है। इस भक्ति गीत की खास बात यह है कि इसमें जोगिंद्रनगर की मात्र 5 वर्षीय बाल कलाकार आशवी ने माता रानी के स्वरूप को जीवंत किया है। मासूम चेहरे और सजीव अदाकारी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। भजन को अक्षित शर्मा ने अपनी भावनात्मक और मधुर आवाज में गाया है। संगीत राहुल जालंधरी ने दिया है, जबकि बोल रजत मीधा द्वारा लिखे गए हैं। इस पूरे वीडियो का निर्देशन साहिल शर्मा ने किया है, जो अपने सशक्त निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। अक्षित शर्मा ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके गुरु पंजाब के प्रसिद्ध भजन गायक मणि लाडला जी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद उन्हें निरंतर मिलता रहा है। यह भजन यूट्यूब पर भक्तों से खूब सराहना बटोर रहा है और माता रानी की भक्ति में डूबे श्रद्धालु इसे भावपूर्ण अर्पण मानकर सुन रहे हैं।

---

**नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम के साथ किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा**

# सराज क्षेत्र में ही एक हजार करोड़ का नुकसान

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दिल्ली से आई अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम के साथ सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और उन्हें त्रासदी से हुए नुकसान के बारे में अवगत कराया। आपदा से नुकसान के मूल्यांकन के क्रम में नेता प्रतिपक्ष और केंद्रीय टीम सबसे पहले बगस्याड़ पहुंची, इसके बाद थुनाग, देजी गांव, लंबाथाच, पांडव शिला, जंजैहली का दौरा किया। इसके बाद टीम के साथ बैठक में उन्होंने विस्तार से नुकसान के बारे में बताया। जिससे केंद्रीय टीम को व्यापक पैमाने पर त्रासदी और उसके बाद की परिस्थितियों का अंदाजा हो सके। उन्होंने कहा कि इस आपदा की वजह से सिर्फ सराज विधानसभा क्षेत्र में ही 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। वर्तमान में बिजली आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति और सड़कों की बहाली का काम अस्थाई तौर पर ही हो पाया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इसी तरह नाचन, धर्मपुर और करसोग विधानसभा क्षेत्र में भी भारी नुकसान हुआ है। इन क्षेत्रों में आपदा राहत के साथ-साथ पुनर्वास की ठोस योजना बनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने टीम से अनुरोध किया कि इन क्षेत्रों के पुनर्वास के लिए विशेष पुनर्वास योजना बनाने के साथ ही इन क्षेत्रों में बार-बार आपदा क्यों आ रही है इसके लिए भी गहन शोध और अध्ययन किया जाए। जिससे आपदा के कारणों का पता चल सके और उनके निवारण की व्यापक योजना भी बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा से नुकसान के मूल्यांकन और उसकी भरपाई करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उन्होंने इस बाबत आग्रह किया था। अति शीघ्र मूल्यांकन के लिए केंद्रीय टीम भेजने के लिए केंद्र सरकार का उन्होंने आभार भी व्यक्त किया।



अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम व जयराम ठाकुर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए।

**केंद्रीय दल ने कहां-कहां किया दौरा**

**केंद्रीय** दल ने बगस्याड़ व साथ लगते शरण गांव में लोगों के घरों व अन्य संपत्ति को हुए नुकसान का जायजा लिया तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा अन्य क्षतिग्रस्त ढांचों का निरीक्षण भी किया। ग्राम पंचायत मुराह के फनयार में भारी भूस्खलन से हुए नुकसान तथा ढांगु धार में छड़ी खड्ड पर बनी पेयजल योजना को हुई क्षति की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद केंद्रीय दल ने थुनाग बाजार में घरों, दुकानों व विभिन्न संस्थानों को हुए नुकसान का जायजा लिया। साथ ही भारी बाढ़ से थुनाग बाजार एवं वहां की आर्थिकी पर पड़े प्रभावों की जानकारी भी प्राप्त की। केंद्रीय दल देजी गांव में बाढ़ में बह गई सड़क व अन्य सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान का जायजा लिया। केंद्रीय दल ने लम्बाथाच में शैक्षणिक संस्थानों को हुए नुकसान, पांडवशिला व कुथाह में सड़कों तथा अन्य सार्वजनिक व निजी संपत्ति को हुए नुकसान तथा बुंगैलचौक में सड़क अधोसंरचना, स्थानीय बाजार सहित अन्य आधारभूत ढांचे को हुए नुकसान का गहनता से निरीक्षण किया।

### मंडी जिला में 708 करोड़ से अधिक का नुकसान अनुमानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला में बरसात के मौसम में बादल फटने, बाढ़ एवं भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन करने पहुंचे केंद्रीय दल ने डीआरडीए सभागार में जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में उप सचिव कंदर्प वी. पटेल ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर हिमाचल व विशेषकर मंडी जिला एवं प्रभावित लोगों के साथ पूरी संवेदनाएं हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला में इस बरसात के मौसम में आरंभिक तौर पर 708 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान निजी एवं सार्वजनिक संपत्ति को आंका गया है। बादल फटने एवं बारिश व भूस्खलन से थुनाग उपमंडल में लगभग 394 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

---

# एनएच निर्माण कंपनी को बचाने में जुटे भाजपा नेता: माकपा

## कहा-4 साल की चुप्पी के बाद अब दिखावा, पाढ़छू पुल हादसे पर सांसद अनुराग पर उठाए सवाल

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग 003 (अटारी-लेह वाया हमीरपुर-सरकाघाट-धर्मपुर-मंडी) का निर्माण कार्य चार साल पहले शुरू हुआ था। उस समय हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर केंद्र में मंत्री थे और अब भी सांसद हैं। माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लगी गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी की गुणवत्ता पर सांसद ने चार साल तक चुप्पी साधे रखी।

उन्होंने कहा कि 23 जून को पाढ़छू पुल गिरने के बाद अनुराग ठाकुर ने 25 जून को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख जांच की मांग की, 13 जुलाई को पुल का निरीक्षण किया और 15 जुलाई को समीरपुर में कंपनी व मौर्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर सुधार के निर्देश दिए। भूपेंद्र सिंह का आरोप है कि अब अनुराग ठाकुर द्वारा मीडिया में प्रचारित की जा रही खबरें सच्चाई से कोसों दूर हैं और जनता को गुमराह करने के लिए चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि फेज-1 (हमीरपुर से पाढ़छू पुल तक) का ठेका गावर को दिया गया था, जिसने यह काम सूर्या कंपनी को सबलेट किया था। लेकिन सितंबर 2023 में सूर्या से काम वापस लेकर गावर ने खुद काम संभाल लिया। ऐसे में यह कहना कि सूर्या का ठेका सांसद की शिकायत पर रद्द हुआ, पूरी तरह गलत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में गावर कंपनी वर्षों से घटिया काम कर रही थी और जब जनता और किसान सभा के दबाव में विरोध तेज हुआ और पुल गिर गया, तभी कार्रवाई की जा रही है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि चोलथरा, सरकाघाट, अवाहदेवी जैसे क्षेत्रों में सड़कों की हालत बहुत खराब है और चोलथरा में तो बाईपास सड़क भाजपा नेत्री के घर को बचाने के लिए बदली गई थी। अब जब सड़क और पुल टूट चुके हैं, तो अधिकारी भाजपा नेताओं के घर बैठकर मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं।

**त्रासदी से स्याठी के बेघर लोग राहत को तरसे**

**भूपेंद्र** ने सांसद ठाकुर पर यह भी आरोप लगाया कि 30 जून को धर्मपुर की त्रासदी के दो सप्ताह बाद वे स्याठी पहुंचे, जहां स्कूली बच्चों को अपने फोटो वाले बैग और राहत सामग्री देकर लौट गए। उन्होंने सांसद निधि से आर्थिक मदद देने की बजाय केवल कोरे आश्वासन दिए। स्याठी गांव के बेघर लोगों के पुनर्वास को लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर जिम्मेदारी डाल दी, जबकि वन संरक्षण कानून 1980 के तहत हिमाचल की 68 प्रतिशत भूमि केंद्र सरकार के अधीन है। ऐसे में यह उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे केंद्र से भूमि आवंटन करवाएं। भूपेंद्र सिंह ने यह भी सवाल उठाया कि पाढ़छू पुल गिरने और अवैध डंपिंग से हुए नुकसान के लिए जिम्मेदार कंपनी पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी सरकार जनता को दे।



### सुंदरनगर पॉलिटेक्निक कॉलेज की पूर्व छात्र संघ ने सराज भेजी राहत सामग्री




**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सुंदरनगर के पूर्व छात्र संघ ने जिला मंडी के सराज में प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों के लिए राहत सामग्री की पहली खेप थुनाग भेजी है। इसमें 300 जीआई शीट्स, 80 तिरपाल और लगभग 300 सैनिटरी किट शामिल है।

सुंदरनगर पॉलिटेक्निक पूर्व छात्र संघ के संस्थापक एवं प्रधान ई. नरेंद्र प्रार्थी ने बताया कि पूर्व छात्र संघ हमेशा सामाजिक कार्यों में सबसे आगे रहता है। इससे पहले भी सुंदरनगर पॉलिटेक्निक पूर्व छात्र संघ ने नेरचौक मेडिकल कॉलेज के लिए 25 लाख रुपए की एंबुलेंस दान की थी। इसके अतिरिक्त संघ गरीब पॉलीटेक्निक छात्रों को छात्रवृत्ति व अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी नियमित रूप से योगदान देता है और भविष्य में भी यह क्रम जारी रखेगा। उन्होंने सुंदरनगर पॉलिटेक्निक पूर्व छात्र संघ कार्यकारी निकाय के सदस्यों का सामाजिक कार्यों में साथ देने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

---

### ग्राम सुधार कमेटी मझारनू के अजित प्रधान और राज कुमार बने उपप्रधान



ग्राम सुधार कमेटी मझारनू की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान सदस्य।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**ग्राम** सुधार कमेटी मझारनू की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को समिति के वरिष्ठ सदस्य श्याम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुल 120 सदस्यों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अजित रावत को कमेटी का प्रधान, राज कुमार को उपप्रधान, अजय ठाकुर को सचिव तथा चमन लाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा प्रदीप कुमार व प्रेम सिंह को मुख्य सलाहकार, जबकि सोमेंद्र ठाकुर को प्रेस सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में संदीप रावत, विकास ठाकुर, भादर सिंह, परस राम, अजीत सिंह, धनी राम, राम चंद्र, कृष्ण देव, अभिषेक ठाकुर और पवन विष्ट को चुना गया। बैठक के दौरान ग्रामीण विकास, जल निकासी, स्वच्छता और सड़क मरम्मत जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### कंसा चौक में शिव महापुराण कथा 24 को

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** कंसा चौक के शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के पावन अवसर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 24 जुलाई को दस बजे शेषनाग मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें क्षेत्र की अनेक महिलाएं और श्रद्धालु भाग लेंगे। शिव महापुराण की इस दिव्य कथा का वाचन बृंदावन से पधारे पूज्य शिवम् कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से होगा। महाराज जी प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक श्रद्धालुओं को शिव महिमा का रसपान कराएंगे। कथा के पश्चात प्रतिदिन रात 8 बजे से 10 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे भक्तगण आध्यात्मिक वातावरण में डूबकर भगवान शिव की भक्ति में लीन हो सकें। यह पावन कथा 1 अगस्त को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी।

# भर्ती नियमों में अनैतिक बदलाव करना युवाओं के साथ भद्दा मजाक: रजत

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** सरकारी नौकरी के लिए भर्ती नियमों में बदलाव को लेकर प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। धर्मपुर विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी रजत ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर बेरोजगार युवाओं के लिए भर्ती नियमों में 'अनैतिक बदलाव' कर उनके भविष्य के साथ 'घिनौना खिलवाड़' करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सरकारी नौकरी को शुरुआती 2 वर्षों तक प्रशिक्षण आधार (ट्रेनिंग बेसिस) पर करने और उसके बाद दोबारा परीक्षा (री-एग्जामिनेशन) लेकर नियमित करने के संशोधित नियम लागू किए हैं। इसे उन्होंने बेरोजगार युवाओं के साथ 'भद्दा मजाक' करार दिया। उन्होंने कहा कि इन संशोधित नियमों से सरकार की मंशा स्पष्ट हो गई है कि अपनी प्रतिभा और उच्च शिक्षा के आधार पर नौकरी पाने वाले युवाओं को पहले 2 वर्षों के दौरान ही नौकरी से हटाने की तलवार लटका रही है।

उन्होंने याद दिलाया कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रतिवर्ष 1 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बावजूद रोजगार के नाम पर युवाओं को कुछ नहीं मिला है। अब 'बेतुके नियम' लागू करके सरकार ने अपनी प्रतिभा के दम पर नौकरी पाने वाले युवाओं को 2 वर्षों के प्रशिक्षण काल के दौरान नौकरी से हटाने का रास्ता तैयार कर दिया है। इससे बेरोजगार युवाओं का सरकारी नौकरियों के प्रति मोह भंग होगा और उनके भविष्य की चिंता बढ़ जाएगी।



**प्रोबेशन में संशोधन से कर्मियों पर संकट**

**रजत** ठाकुर ने बताया कि सरकारी भर्ती नियमों में पहले से ही 2 वर्षों के लिए प्रोबेशनरी पीरियड (परिवीक्षा अवधि) का प्रावधान है, लेकिन सुक्खू सरकार के इस बेतुके संशोधन के फरमान से अब 2 वर्षों तक प्रशिक्षण आधार पर नौकरी करने वाले कर्मियों पर नौकरी से बाहर करने की तलवार लटक गई है। साथ ही, उन्हें इस अवधि के दौरान सरकारी सेवा के लाभ भी नहीं मिलेंगे।

---

# आपदा पीड़ितों व बीमार युवक की मदद को आगे आए सकलानी

## जोगिंद्रनगर विकास मंच ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता, सरकार से पुनर्वास की मांग

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विकास मंच के संस्थापक एवं प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता केके सकलानी रविवार को जोगिंद्रनगर के चौंतड़ा में स्थित सामुदायिक भवन पहुंचे, जहां निक्का मरोला गांव के लगभग 30 परिवार हाल ही में हुए भूस्खलन के बाद अस्थायी रूप से रह रहे हैं। सकलानी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को नजदीक से जाना और मंच की ओर से 31,000 रुपए की राहत राशि प्रदान की।

प्राकृतिक आपदा के कारण निक्का मरोला गांव में कई घरों और खेतों को भारी नुकसान हुआ है। जमीन धंसने और लगातार बारिश के चलते लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। वर्तमान में ये सभी प्रभावित परिवार प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए चौंतड़ा सामुदायिक भवन में शरण लिए हुए हैं। हालांकि, अस्थायी व्यवस्था के बावजूद पीड़ितों को रोजमर्रा की कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केके सकलानी ने प्रभावितों से बातचीत करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय लोगों को अकेला छोड़ना अमानवीय होगा। सरकार को चाहिए कि जिन लोगों की जमीन और घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं, उन्हें वैकल्पिक स्थानों पर भूमि आवंटित की जाए ताकि वे नए सिरे से अपना जीवन शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विकास मंच भविष्य में भी पीड़ितों की हर संभव सहायता करता रहेगा।

चौंतड़ा से लौटने के बाद केके सकलानी बदेहड़ गांव के 20 वर्षीय युवक पंकज से मिलने जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल पहुंचे। पंकज बीते कुछ वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और उसका परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। उसके पिता का निधन छह वर्ष पहले हो गया था और घर में कमाने वाली एकमात्र सदस्य उसकी मां हैं, जो मजदूरी कर किसी तरह गुजारा कर रही हैं।

सकलानी ने अस्पताल में पंकज की माता से मुलाकात कर परिवार की स्थिति जानी और मंच की ओर से 5100 रुपए की सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पंकज के आगे के इलाज का पूरा खर्च जोगिंद्रनगर विकास मंच वहन करेगा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के चिकित्सक डॉ. तेनजिंग से पंकज की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। सामाजिक सरोकार की इस पहल में जोगिंद्रनगर विकास मंच के सभी सदस्य मौजूद रहे।




जोगिंद्रनगर के चौंतड़ा में आपदा प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद राहत राशि दी।

### संदोआ गांव की आशा कुमारी बनीं नर्सिंग ऑफिसर, एम्स दिल्ली में संभाला कार्यभार

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** उपमंडल गोहर की ग्राम पंचायत शाला के गांव संदोआ की होनहार बेटी आशा कुमारी ने नर्सिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। आशा कुमारी ने देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर 16 जुलाई को कार्यभार ग्रहण किया। आशा कुमारीने बताया कि एम्स दिल्ली में चयनित होना उनका सपना था, जो अब साकार हो चुका है।



ग्रामीण परिवेश से निकलकर उन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शैक्षणिक यात्रा की बात करें तो उन्होंने अपनी दसवीं की पढ़ाई ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल चैलचौक से व जमा दो की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैलचौक से पूरी की। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नाहन से जीएनएम की शिक्षा प्राप्त की और फिर पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ से पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने न केवल एम्स दिल्ली की परीक्षा में सफलता प्राप्त की, बल्कि चंडीगढ़ मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की परीक्षा को भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। इसके साथ ही, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित नर्सिंग ऑफिसर परीक्षा में भी उनका चयन हुआ है।

---

# राज्य स्तरीय कुराश स्पर्धा में बल्ह के लक्की ने जीता स्वर्ण, नेशनल के लिए हुआ चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** जिला की बल्ह घाटी के लक्की ने राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। कैडेट अंडर-17 की प्रतियोगिता में लक्की ने यह स्वर्ण पदक जीता है। इसके साथ ही लक्की का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया है।

लक्की बल्ह उपमंडल के तहत पड़ने वाले छोटे से गांव तमरोह का निवासी है। इससे पहले भी वह दो बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुका है। पिछले साल भी लक्की ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था। लक्की ने बताया कि वह 2021 से कुश्ती और 2023 से कुराश प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहा है। अब उसका पहला लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करना ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए उसका चयन हो सके। लक्की ने बताया की उसकी इस मेहनत के पीछे उसके माता-पिता, गुरू बलबीर चिल्ला और कोच विशाल का बहुत बड़ा योगदान है, जिससे वह आज तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का हिस्सा बनने जा रहा है। बता दें कि बीती 15 से 17 जुलाई तक सोलन के नौणी विश्वविद्यायल में राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न वर्गों में प्रदेश भर के सैंकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। मंडी जिला से कुल 95 खिलाड़ियों ने भाग लेकर कुल 44 पदक अपने नाम किए हैं।



राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में पदक के साथ लक्की व अन्य खिलाड़ी।

---

**नौकरी** मंडी जिला में मुख्यमंत्री के दूरदर्शी निर्णय से तकनीकी संस्थानों में प्रशिक्षण गुणवत्ता में भी आ रहा सुधार

# अढ़ाई साल में 4414 आईटीआई प्रशिक्षुओं को मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**आधुनिक** तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने के प्रदेश सरकार के प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। मंडी जिला के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में अध्ययनरत व पूर्व में पास आउट 4,414 से अधिक युवाओं को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से देश की अग्रणी कंपनियों में रोजगार मिला है।

मंडी जिला में गत अढ़ाई साल के आंकड़े आधुनिक तकनीकी शिक्षा में दक्ष युवाओं में एक नई उम्मीद जगा रहे हैं। जनवरी, 2023 से जून, 2025 तक आईटीआई जोगिंद्रनगर में 450 प्रशिक्षुओं को जबकि आईटीआई मंडी में कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 3,938 युवाओं को चुना गया। वर्ष 2023 में आईटीआई मंडी में 876, वर्ष 2024 में 1477 तथा वर्ष 2025 में 1585 प्रशिक्षुओं का चयन हुआ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पीडब्ल्यूडी) सुंदरनगर से भी हाल ही में 16 प्रशिक्षुओं का चयन नामी कंपनी में हुआ है। टीवीएस मोटर कंपनी, नालागढ़ (सोलन) द्वारा आयोजित इस विशेष कैंपस प्लेसमेंट अभियान में संस्थान के कुल 27 दिव्यांग प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। आईटीआई कोटली से हाल ही में स्विंग टेक्नोलॉजी ट्रेड की 10 प्रशिक्षु छात्राओं का चयन नामी कंपनी में हुआ है।

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने युवाओं के कौशल में निखार लाते हुए हर एक युवा को रोजगार देने के लिए तकनीकी संस्थानों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने, प्रशिक्षण उपकरणों को आधुनिक बनाने व निजी कंपनियों के साथ साझेदारी को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। इसके तहत विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों व तकनीकी शिक्षा विभाग के सहयोग से मंडी जिले को कौशल विकास और रोजगार में अग्रणी बनाया जा रहा है।



आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षु।

**प्रशिक्षुओं ने जताई खुशी, सरकार को कहा थैंक्स**

**आईटीआई** जोगिंद्रनगर के प्रशिक्षु अक्षय ठाकुर, अरुण कुमार व नमीश ने कहा कि उनकी अपने ही संस्थान से जॉब प्लेसमेंट पर वे खुश हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें एआर इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जॉब ऑफर लेटर दिए गए। इसमें 13,500 प्रतिमाह वेतन के साथ अन्य भत्ते भी शामिल हैं। आईटीआई मंडी में टर्नर ट्रेड के ट्रेनी कमलेश, राहुल और बैल्डर ट्रेनी हितेश ने बताया कि हाल ही में चंडीगढ़ और बद्दी की कंपनियों में हमारा कैम्पस प्लेसमेंट हुआ है तथा अच्छी सैलरी मिलेगी। इसके लिए हम सरकार व आईटीआई प्रिंसिपल का धन्यवाद करते हैं जिनके प्रयासों से ट्रेनिंग के दौरान ही नौकरी का ऑफर मिला है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिकायत निवारण समिति में सदस्य की नियुक्त पर जनता खुश

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** जिला ऊना से आयुष को जिला शिकायत निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस नियुक्ति पर आयुष ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का विशेष धन्यवाद किया है। साथ ही मुख्यमंत्री के ओएसडी रितेश कपरेट और एनएसयूआई ऊना के जिला अध्यक्ष चंद ठाकुर का भी आभार व्यक्त किया है, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से यह उपलब्धि संभव हो सकी। नवनियुक्त सदस्य ने कहा कि यह अवसर न केवल उनके लिए गर्व की बात है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

### मणिमहेश लंगर कमेटी बग्गा में लगाएगी लंगर

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** शिव भक्तों का स्वर्ग कही जाने वाली पवित्र मणिमहेश यात्रा में शिवभक्तों की सेवा में इस बार भी मणिमहेश लंगर कमेटी बग्गा में लंगर का संचालन करेगी। सोलह अगस्त से 31 अगस्त तक चलने वाली पवित्र मणिमहेश यात्रा के दौरान मणिमहेश लंगर कमेटी के सेवक 23 अगस्त से बग्गा में लंगर का संचालन करेंगे जोकि निरंतर 31 अगस्त तक चलेगा। मणिमहेश लंगर कमेटी का यह उन्नीसवां वार्षिक लंगर होगा। आठ दिवसीय लंगर को लेकर लंगर कमेटी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। इस बार भी बग्गा में आयोजित होने वाले लंगर में शिवभक्तों को तरह-तरह के लजीज व्यंजन परोसे जाएंगे। मणिमहेश लंगर कमेटी के प्रधान व नगर पंचायत गगरेट के पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गगरेटवासियों की ओर से लगातार अठारह वर्षों से चंबा के बग्गा में मणि महेश यात्रा के दौरान लंगर की व्यवस्था की जाती है। इस बार लगने वाला आठ दिवसीय लंगर उन्नीसवां लंगर होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत टटेहड़ा के उपप्रधान अनिल कुमार नीटू, अमित सूद, मुनीष कालिया, राजू गर्ग, नगर पंचायत गगरेट के प्रधान अनिल कुमार नीलू, बिट्टू जसवाल, पप्पल, विकास सोनी भी मौजूद रहे।

### इन्नर व्हील क्लब ऊना की रमा कंवर बनीं सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष




**अनंत ज्ञान, ऊना।** धर्मशाला के प्रतिष्ठित होटल धौलाधार हाइट्स में आयोजित इन्नर व्हील जिला 3070 के वार्षिक जिला अवार्ड फंक्शन में इन्नर व्हील क्लब ऊना को वर्ष 2024-25 के दौरान किए गए शानदार कार्यों के लिए तीन महत्वपूर्ण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। क्लब की निवर्तमान अध्यक्ष रमा कंवर को 2024-25 वर्ष के दौरान उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण एवं वर्ष भर के दौरान किए समाज सेवा के 30 से अधिक सेवा प्रकल्पों के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष' के सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में रमा कंवर को उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों और समर्पित सेवा भावना के लिए सराहते हुए प्रमाणपत्र भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त रमा कंवर को क्लब की सिग्नेचर परियोजना के तहत भी सम्मानित किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत दिव्यांग व्यक्तियों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। क्लब की कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा को भी 'सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष' के सम्मान से नवाजा गया।

### गायक दीपक सोनी को किया सम्मानित



**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अब।** गांव पंजोआ लाडोली की माटी से निकले युवा और प्रतिभाशाली गायक दीपक सोनी को उनके उत्कृष्ट गायन और सांस्कृतिक योगदान के लिए इंजीनियर राम पाल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एक विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। दीपक सोनी ने हाल ही में अपनी सधी हुई आवाज और पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति से न सिर्फ गांव बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी गायकी में पंजाबी संस्कृति की झलक और भावनाओं की गहराई देखी जा सकती है। इंजीनियर राम पाल ने दीपक को शॉल और टोपी देकर सम्मानित किया।

### जॉब ट्रेनी पॉलिसी युवाओं के साथ एक धोखा : डॉ. सुमित



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** डॉ. सुमित पुन्याल ने हिमाचल प्रदेश में लागू की गई नई जॉब ट्रेनी पॉलिसी को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा, इस नई नीति के माध्यम से सरकार नौजवानों को स्थायी रोजगार से वंचित कर अस्थायी मानदेय आधारित नौकरियों में धकेल रही है, जहां उन्हें न तो कर्मचारी अधिकार प्राप्त होंगे, न पेंशन, न सेवा सुरक्षा। ट्रेनी का दर्जा देकर सरकार उन्हें एक लाचार और असहाय श्रमिक की स्थिति में खड़ा कर रही है, जो पूरी तरह अनुचित है। डॉ. पुन्याल ने कहा 'यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस सरकार, जो स्थायी नौकरियों का वादा कर सत्ता में आई थी, अब युवाओं को संविदा और ट्रेनिंग के नाम पर ठग रही है। उप मुख्यमंत्री स्वयं कई मंचों से यह कह चुके हैं कि युवाओं को 58 वर्ष तक की स्थायी सरकारी नौकरी दी जाएगी। परंतु आज उनकी कथनी और करनी में स्पष्ट विरोधाभास दिख रहा है।' डॉ. पुन्याल ने कहा कि रोजगार के नाम पर उन्हें सस्ती श्रमशक्ति की तरह इस्तेमाल करना केवल एक छल है। उन्होंने कहा कि-यह नीति युवाओं के भविष्य के साथ एक खतरनाक प्रयोग है।

### दविंद्र कुमार ने बूथ कमेटियों संग की बैठक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने तनोह पंचायत के ग्राम केंद्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बूथों कैहलवीं, तनोह, त्यासर, बंजाल, राजली-1 एवं राजली-2 के बूथ अध्यक्षों, पालकों, कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने बूथ कमेटी की बैठकें आयोजित कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और आगामी विस चुनावों के लिए रणनीति तय करने पर बल दिया। बैठक में भाजपा नेता दविंद्र कुमार भुट्टो ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अढ़ाई वर्षों में सुक्खू सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है। प्रदेश आज कर्ज में डूबा हुआ है, विकास कार्य ठप पड़े हैं और जनता बुरी तरह से त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार केवल घोषणाएं करने में व्यस्त रही, जबकि धरातल पर कोई काम नहीं हुआ।

# बीपीएल सर्वे को लेकर ग्रामीणों में रोष

## नई गाइडलाइनों को बताया गरीब विरोधी, सर्वे में पंचायत सदस्यों की अनदेखी पर जताई नाराजगी

हीना पठानिया, अनंत ज्ञान


ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित लोग बीपीएल सर्वे को लेकर रोष जाहिर करते हुए।

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत भैरा में आज ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों, सदस्यों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव जरनैल सिंह द्वारा पंचायत क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई तथा बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) सर्वे के ताज़ा निष्कर्षों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

पंचायत सचिव ने बताया कि सरकार की नई गाइडलाइनों के तहत हुए बीपीएल सर्वेक्षण में पंचायत भैरा से केवल एक व्यक्ति को ही बीपीएल श्रेणी में पात्र पाया गया है। जबकि इससे पहले लगभग 100 परिवार इस सूची में शामिल थे। इस नई सूची को सुनकर ग्रामीणों में भारी असंतोष देखने को मिला।

ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने सरकार की नई बीपीएल नीति को गरीब विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के तहत भी गांव के सभी जरूरतमंदों को साल में 100 दिन का रोजगार नहीं मिल पाता, ऐसे में सिर्फ पक्का कमरा या बिजली कनेक्शन होने मात्र से किसी गरीब को 'अमीर' मान लेना नाइंसाफी है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि कोई मजदूर कर्ज लेकर एक कमरा बनाता है, तो उससे उसकी गरीबी खत्म नहीं हो जाती।

ग्रामीणों ने इस बात पर भी कड़ी आपत्ति जताई कि बीपीएल सर्वे पंचायत सचिव, पटवारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तो किया गया, लेकिन पंचायत सदस्यों और प्रधान को इसमें शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि गांव की वास्तविक सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों को सबसे बेहतर होती है। ऐसे में उन्हें सर्वे से बाहर रखना पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

**सरकारी सर्वे में पंचायत के प्रतिनिधियों की भागीदारी हो सुनिश्चित**

बीपीएल सर्वे में पंचायत प्रतिनिधियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि जरूरतमंदों की पहचान के लिए स्थानीय परिस्थितियों और रोजगार की वास्तविक स्थिति को आधार बनाया जाए, सरकार अपनी नई बीपीएल नीति पर पुनर्विचार करे, जिन लोगों की सूची से नाम हटाए गए हैं, उन्हें अपील का स्पष्ट और पारदर्शी अवसर दिया जाए।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान अंजना ढिल्लो, उपप्रधान सुरेंद्र सिंह, ऑब्जर्वर अशोक कुमार, वार्ड पंच बक्शीश सिंह, सुमन लता, शशि बाला, अंजू बाला, श्यामा देवी, संदेश कुमार, जीवन कुमार व पूर्व उपप्रधान गुरदयाल सिंह ढिल्लों सहित अनेक पंचायत सदस्य, ग्रामीण महिलाएं व बुजुर्ग उपस्थित रहे।

ग्राम सभा में आम सहमति से यह भी प्रस्ताव रखा गया कि भविष्य में किसी भी सरकारी सर्वे या योजना के क्रियान्वयन में पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचे।

# सतगुरु अभेदानंद महाराज जी के 26वें महानिर्वाण दिवस पर करवाया महायज्ञ

अनंत ज्ञान, हरोली

हरोली विधानसभा क्षेत्र के बीटन स्थित समाधि वाली कुटिया में आयोजित श्री श्री 1008 सतगुरु अभेदानंद महाराज जी के 26वें महानिर्वाण दिवस महायज्ञ में आज उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत महापुरुष एवं स्थानीय जनता उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ने सतगुरु अभेदानंद महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महाराज जी का जीवन समाज को सत्य, सेवा और संयम का मार्ग दिखाने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनका आध्यात्मिक योगदान अविस्मरणीय है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पवित्र भूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है और यहां निरंतर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, जिससे जनमानस का जुड़ाव ईश्वर से बना रहता है। उन्होंने बताया कि उन्हें देश के प्रमुख संतों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और उनके अमृत वचनों से प्रेरणा मिली है।

उप मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जब उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करवाया, तो न केवल विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश से लोगों ने सहभागिता की, जो जनता की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। क्षेत्रीय विकास को लेकर चल रहे कई महत्वपूर्ण कामों का जिक्र किया, जिनमें बीटन में अस्पताल निर्माण के लिए राशि स्वीकृति, पंचायत और तालाबों के लिए करोड़ों की राशि, खेल मैदान का निर्माण जो बहुत जल्द तैयार हो जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने समाधि वाली कुटिया को 10 लाख की राशि देने की घोषणा की।


अभेदानंद महाराज जी के महानिर्वाण दिवस महायज्ञ में उपस्थित मुकेश अग्निहोत्री।

# दून के विधायक रामकुमार चौधरी ने चिंतपूर्णी मंदिर में की पूजा-अर्चना

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** दून के विधायक रामकुमार चौधरी ने रविवार को मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई और हवन कुंड में आहुतियां डाली। इस अवसर पर पंडित सुमित कालिया और पुजारी बारी दार सभा के प्रधान रविंदर शिंदा ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई।

विधायक रामकुमार चौधरी ने पारंपरिक वैदिक मंत्रों के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया और हवन कुंड में आहुतियां डालीं। इस दौरान उन्होंने मां चिंतपूर्णी से आशीर्वाद और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

वहीं बताते चले उनकी मां चिंतपूर्णी के दरबार में गहरी आस्था है वह लगातार मां के दरबार में आते रहते हैं और हवन पूजन करवाते रहते हैं।


राम कुमार चौधरी और उनके स्वजन।

# बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए भेजी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, ऊना

स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट चिंतपूर्णी ने मंडी में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री एकत्रित करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि दानी सज्जनों और समाजसेवकों के सहयोग से एकत्रित की गई राहत सामग्री को मंडी भेज दिया गया है।

राहत सामग्री में भोजन, पेयजल, चिकित्सा सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं, जो प्रभावित लोगों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य प्रभावित लोगों को आवश्यक सामग्री और समर्थन प्रदान करके उनकी कठिनाइयों को कम करना है। स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट की यह पहल समाज सेवा और मानवता की भावना को प्रतिबिंबित करती है।

ट्रस्ट का मानना है कि संकट के समय में एकजुट होकर सहायता प्रदान करना हमारा सामाजिक कर्तव्य है। ट्रस्ट ने सभी सहयोगियों, दानदाताओं और समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने इस राहत प्रयास में योगदान दिया है और अपनी समर्थन की भावना दिखाई है।

ट्रस्ट आगे भी समाज सेवा के कार्यों में निरंतर प्रयासरत रहेगा और संकट के समय में लोगों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहेगा।

राहत सामग्री की गाड़ी को मंडी के लिए रवाना करने के अवसर पर सप्त देवी मंदिर अलोह के महंत सूर्यानाथ जी ने झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट चिंतपूर्णी के अध्यक्ष गौरव कुमार और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सप्त देवी मंदिर अलोह के महंत सूर्यानाथ झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना करते हुए।

# मनोज कुंवर बने रोटरी जिला 3070 के आरसीसी निदेशक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी इंटरनेशनल जिला 3070 के अंतर्गत रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए रोटरी क्लब पालमपुर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन मनोज कुंवर को जिला निदेशक-रोटरी कम्युनिटी कोर (आरसीसी) नियुक्त किया गया है। जिला गवर्नर रोटेरियन रोहित ओबेरॉय ने बताया कि मनोज कुंवर रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3070 के 116 रोटरी क्लबों में रोटरी कम्युनिटी कोर (आरसीसी) की गतिविधियों की देखरेख करेंगे, जिसमें जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में जिला 3070 में आरसीसी आंदोलन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।



इस अवसर पर मनोज कुंवर ने जिला गवर्नर रोहित ओबरॉय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा जिले में आरसीसी आंदोलन को नई ऊर्जा देकर अधिक से अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त समुदाय तैयार करेंगे। मनोज कुंवर ने बताया कि जिला 3070 रोटरी इतिहास में रोटरी कम्युनिटी कोर विशेष स्थान रखता है क्योंकि यही वह धरती है, जहां से पूरी दुनिया में रोटरी कम्युनिटी कोर आंदोलन की शुरुआत हुई। वर्ष 1986 में तत्कालीन आरआई अध्यक्ष एमएटी कपारस द्वारा यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया और हमारे जिले के ऊना जिले के ईसपुर गांव में, रोटरी क्लब ऊना के तत्कालीन अध्यक्ष स्व. रोटेरियन कुंवर हरि सिंह के नेतृत्व में विश्व का पहला आरवीसी स्थापित हुआ।

इस ऐतिहासिक पहल को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली और पूर्व आरआई अध्यक्ष रोटेरियन राजा साबू स्वयं ईसपुर पहुंचे और परियोजनाओं में विजिट किया। रोटरी कम्युनिटी कोर गैर-रोटेरियन स्वयंसेवकों को रोटरी क्लबों से जोड़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आजीविका और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में स्थायी बदलाव लाने और समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम है।

# मानसी राणा, सलमान तथा ओम राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में लेंगे भाग

अनंत ज्ञान, बंगाणा

हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा 21 से 22 जुलाई को दा लॉरेंस स्कूल सनावर में सोलन में करवाई जा रही राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में शाईन स्विमिंग पूल अंब के प्रशिक्षु मानसी राणा, सलमान मोहम्मद एवं ओम कुमार भाग लेंगे।



चयनित टीम के खिलाड़ी प्रशिक्षकों के साथ।

शाईन स्विमिंग पूल कुठेडा खैरला अंब के प्रबंधक रशीद मोहम्मद ने बताया की शाईन स्विमिंग पूल कुठेडा खैरला अंब के प्रशिक्षु सलमान खान एवं ओम कुमार का चयन हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर से प्रयासों से राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए किया गया है।

राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में महिला वर्ग में मानसी राणा, पुरुष वर्ग में सलमान मोहम्मद एवं ओम कुमार 50 मीटर फ्रीस्टाइल एवं 100 मी ब्रेक स्ट्रोक में भाग लेंगे। गौरतलब है की शाईन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब द्वारा पिछले दिनों निशुल्क 10 दिनों का कोचिंग कैंप लगाया गया था, जिसमें लगभग 45 स्विमिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

उसके उपरांत सिलेक्शन ट्रायल में मानसी राणा, सलमान मोहम्मद एवं ओम कुमार का चयन किया गया। मानसी राणा, सलमान खान एवं ओम कुमार ने अपने चयन का श्रेय अपने माता-पिता, शाईन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब के प्रबंधक रशीद मोहम्मद, कोच संदीप कुमार एवं हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर सहित टीम सदस्यों को दिया।

# कुटलैहड़ के 533 परिवारों को पहुंचा दी 62.36 लाख की आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान, बंगाणा



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अपने पहले वर्ष के कार्यकाल में मानवीय संवेदनशीलता और सेवा भाव का परिचय देते हुए कुटलैहड़ के कुल 533 जरूरतमंद परिवारों को 62,36,700 की सहायता प्रदान की है। यह आर्थिक सहयोग विभिन्न माध्यमों से जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री राहत कोष से लेकर व्यक्तिगत सहायता तक शामिल है। इस जनसेवा अभियान के तहत क्षेत्र की जनता को राहत पहुंचाने का प्रयास विधायक ने लगातार जारी रखा है।

कुटलैहड़ स्थित उनके कार्यालय जोगी पंगा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 38 परिवारों को 3,34,700 की आर्थिक सहायता के चैक वितरित किए गए। कार्यक्रम में सादगी के साथ इन परिवारों को राहत राशि प्रदान की गई, जिससे इनकी आकस्मिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा, कुटलैहड़ की जनता ने मुझे जो सेवा का अवसर दिया है, मैं और मेरा परिवार सदैव इसके लिए ऋणी रहेंगे। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा द्वारा कुटलैहड़ की जनता में 198 परिवारों को 16,82,700 की सहायता दी गई। 167 परिवारों को 17,82,000 की राशि प्रदान की गई। 130 परिवारों को 10,17,000 की सहायता राशि सौंपी गई। मुख्यमंत्री राहत कोष से 38 परिवारों को 17,55,000 की आर्थिक सहायता दी गई। ताजा वितरण में 38 परिवारों को 3,34,700 के चैक सौंपे गए। इस प्रकार कुल 533 परिवारों को 62,36,700 की आर्थिक सहायता दी है, जो सामाजिक सुरक्षा और आपात सहायता में एक सराहनीय कदम है।

# पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल का निधन

अनंत ज्ञान, ऊना


पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल की फाइल फोटो।

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले से पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके पैतृक गांव के श्मशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि पूर्व विधायक गणेश दत्त ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत कर विधानसभा की दहलीज को पार भी किया था।

वे चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 1985 में कांग्रेस की टिकट पर विधायक चुने गए थे। भरवाल न केवल एक राजनेता थे, बल्कि ओबीसी-एससी समाज की आवाज भी थे। वे ओबीसी-एससी कल्याण मंडल हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष भी रहे। गणेश दत्त भरवाल का जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान को समर्पित रहा। उनका राजनीतिक करियर भले ही एक बार विधानसभा पहुंच कर सीमित रहा हो, लेकिन उनका सामाजिक योगदान कभी नहीं रुका। वे अंतिम समय तक स्थानीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे। रविवार को उनके पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र डॉ. कपिल देव भरवाल ने मुखाग्नि दी।

## पूर्व विधायक गणेश दत्त को विवेक शर्मा ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल के निधन पर उनकी अंतिम यात्रा में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा भी इस दुखद क्षण में शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने भरवाल परिवार से मिलकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और गहरी संवेदना प्रकट की। विधायक विवेक शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय गणेश दत्त भरवाल एक सच्चे जनसेवक थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा में समर्पित किया।

वह सरल स्वभाव, मजबूत विचार और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित भावना के प्रतीक थे। उनके कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए, जो आज भी लोगों की यादों में जीवित हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे और उन्होंने नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। गणेश दत्त भरवाल की सादगी, विनम्रता और सेवा भावना को हमेशा याद रखा जाएगा।

**श्रद्धा** | श्रद्धालुओं की लगी लंबी लाइनें, मेले से पहले ही मेले जैसा माहौल

# चिंतपूर्णी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

रविवार को चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें माता रानी के दर्शन करने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं की डबल लाइन पुराना बस स्टैंड तक पहुंच गई थी, लेकिन बादल छाए रहने के कारण मौसम सुहाना बना रहा, जिससे श्रद्धालुओं को लाइन में खड़े रहने में कोई परेशानी नहीं हुई।

### श्रावण अष्टमी मेले की तैयारी पूरी

**श्रावण** अष्टमी मेले 25 जुलाई से शुरू होने जा रहे हैं, लेकिन उससे पहले ही श्रद्धालुओं की भीड़ चिंतपूर्णी में जुटनी शुरू हो गई है। विभिन्न लंगर संस्थाएं भी मंदिर में लंगर परोस रही हैं, जिससे मेले से पहले ही मेले जैसा माहौल बनना शुरू हो गया है।



रविवार को चिंतपूर्णी मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु।

### मंदिर प्रशासन की व्यवस्था

**तंत्र** प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को सुचारू रूप से दर्शन करवाने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। रस्सियों का प्रयोग करके लाइन में अनधिकृत प्रवेश को रोका जा रहा है, और होमगार्ड एवं एक्स सर्विसमैन कड़ी नजर बनाए हुए हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### श्रद्धालुओं की भावना

**श्रद्धालुओं** में माता रानी के प्रति गहरी आस्था और उत्साह देखा जा रहा है। वे लाइन में खड़े होकर माता के दर्शन करने के लिए उत्सुक हैं और मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना कर रहे हैं।

# अंबोटावासियों ने भेजी आर्थिक सहायता


बाढ़ पीड़ितों को पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के माध्यम से आर्थिक सहायता भेजते हुए लोग।

अनंत ज्ञान, गगरेट

बाढ़ पीड़ितों के लिए उपमंडल गगरेट की ग्राम पंचायत अंबोटा से भी मदद के हाथ उठे हैं। ग्राम पंचायत अंबोटा का विभिन्न धार्मिक संगठनों व गांववासियों ने सत्तर हजार रुपए की सहायता राशि एकत्रित कर सिराज घाटी के लोगों के पुनर्वास के लिए प्रदेश भाजपा सचिव व पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के माध्यम से भेजी है।

मंडी की सिराज घाटी में आई प्राकृतिक आपदा के चलते सिराज घाटी का दौरा कर वापिस आए पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने जब अंबोटा के गांववासियों को वहां पर आई प्रलट का आंखों देखा वर्णन बताया तो कई आंखें नम हो गईं। गांव की सुंदरकांड कमेटी व अंबिका मंदिर यज्ञ कमेटी के सानिध्य में गांववासियों ने इस त्रासदी में मारे गए लोगों की आत्मिक शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की और सुंदरकांड कमेटी ने इक्कीस हजार रुपए, अंबिका मंदिर यज्ञ कमेटी ने ग्यारह हजार रुपए व समस्त गांववासियों के सहयोग से करीब सत्तर हजार की सहायता राशि पूर्व विधायक राजेश ठाकुर को सौंपी है। राजेश ठाकुर ने कहा कि अंबोटावासियों की दया भावना व परोपकार की नियत देखकर उनका सिर भी श्रद्धा से अंबोटा गांववासियों के आगे झुक गया है। उन्होंने गांववासियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दी गई पाई-पाई का सद्पयोग सिराज घाटी के लोगों के पुनर्वास पर ही खर्च होगा। इस दौरान सुंदरकांड कमेटी की शालिनी सूद, शालिनी शर्मापूनम ठाकुर, सुधा रानी, अंजू पराशर, किशोर चंद पराशर, ठाकुर हरदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# एक माह से सैंज में समस्याओं का अंबार सरकार व प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा में : अमर

**अनंत ज्ञान, सैंज**

पिन पार्वती नदी के सहायक जीवा नाला में गत माह आई प्राकृतिक बाढ़ के चलते सैंज बाजार तथा आसपास के क्षेत्रों में हुए भारी नुकसान एवं जन समस्याओं को लेकर भाजपा मंडल सैंज सोमवार को प्रदेश सरकार तथा स्थानीय प्रशासन के खिलाफ एक प्रदर्शन करने जा रहा है तथा इस विरोध-प्रदर्शन में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी मुख्य रूप से शामिल होंगे।

भाजपा सैंज मंडल के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि पिछले एक माह से सैंज में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन सरकार व स्थानीय प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा में है। भाजपा घाटी के लोगों की कठिनाइयों और भावनाओं की कद्र करती है तथा सोई हुई सरकार को जगाने के लिए तहसील मुख्यालय सैंज में एक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि

### भाजपा सैंज मंडल आज करेगा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

बड़ी चिंता का विषय है कि प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन अभी तक 15 पंचायतों के मुख्यालय सैंज बाजार को आपस में कनेक्ट नहीं कर सका है।

घाटी की कई सड़कें अभी तक बंद पड़ी हैं। इस कारण किसानों व बागवानों को अपने उत्पाद मंडियों तक पहुंचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। सैंज घाटी के कई बस रूट पिछले एक महीने से बंद हैं, जबकि संबंधित विभाग कुंभकरण की निद्रा में सोया हुआ है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भाजपा प्रदेश सरकार व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। तदोपरांत तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि भारी संख्या में इस प्रदर्शन में भाग लें।

## भाजपा से रूष्ट नेताओं ने शुरू की नए संगठन बनाने के लिए बैठकें

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**

**बंजार।** बंजार भाजपा में असंतुष्ट भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अलग से संगठन बनाने को लेकर रणनीति तैयार करना शुरू कर दी है। बंजार विधानसभा क्षेत्र के रूपी ,सैंज, बंजार, तीर्थन जोन के पूर्व में रहे पार्टी व पंचायतीराज के, पूर्व प्रधान, उपप्रधान, समीति सदस्यों, विभिन्न मोर्चां के पूर्व पदाधिकारियों ने इसको लेकर बैठकें भी शुरू कर दी हैं।

इसी कड़ी में बैठक बंजार विधानसभा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष चूनी लाल ठाकुर की अध्यक्षता में तीर्थन जोन के कार्यकर्ताओं के साथ गुशैणी में हुई। इसमें पूर्व में पार्टी के महासचिव रहे मोती राम ठाकुर, सैंज शांघड से दीपक नेगी, सिराज से पदम सिंह ,अश्वनी कुमार सैंज, खेम राज बंजार, पूर्व प्रधान मशियार शिव राम, वरिष्ठ पार्टी में कार्यकर्ता देवी सिंह पेखड़ी, कपाल ठाकुर, कमाल ठाकुर, राकेश कुमार शर्ची, हेमराज, देव राज, जीत राम, राजेंद्र सिंह ठाकुर, टिक्कम दरोगा कण्ढीधार, पंचायत तारा चंद, निकाराम तुंग, गौतम ठाकुर, चुनी लाल ठाकुर शिल्ही आदि ने बैठक में भाग लिया। इन पार्टी से असंतुष्टों का कहना है कि पार्टी में पुराने कार्यकर्ता चेहरों की अनदेखी हो रही है। इसको कतई सहन नहीं किया जाएगा तथा आगामी पंचायतीराज चुनावों में यह रूपी सिराज सैंज विकास मंच हर असंतुष्टों को साथ लेकर प्रदेश सरकार की जन विरोधी नितियों को घरद्वार जाकर विरोध करेगी। बंजार विधानसभा क्षेत्र में विकास की ठप पड़ी गति को रफ्तार देने के लिए जन सहयोग से आंदोलन कर सोई हुई सरकार को जगाएगी। इन नेताओं का कहना है यह बैठकें गडसा, बजौरा, जिभी, मंगलौर व लारजी में भी तय तारीख को होंगी। इसके लिए जल्द घोषणा कर दी जाएगी। लारजी में पूरे विधानसभा क्षेत्र की विशेष बैठक होगी। इसमें नई कार्यकारिणी संगठन व विकास मंच का नाम करण तय होगा। पंचायत समिति सदस्य प्रधान उप प्रधान जिला परिषद सदस्य भी इन्हीं जिताऊ उम्मीदवार को खड़ा कर आगे लाया जाएगा।

# आखिर कौन हैं बिजली महादेव रोपवे मुद्दे के दोगले लोग

## कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर का बड़ा बयान आज करेंगे खुलासा

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**




**कुल्लू।** बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे निर्माण का विरोध जहां दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। वहीं, इस गंभीर मुद्दे पर अब कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने एक बड़ा बयान सोशल मीडिया के माध्यम से जारी किया है।

उन्होंने फेसबुक में लिखा है कि सोमवार 21 जुलाई को बिजली महादेव रोपवे मुद्दे को लेकर वह दोगले लोगों का खुलासा करेंगे। उन्होंने लोगों से उनके फेसबुक अकांउट से जुड़े रहने की भी अपील की है। उनके इस बयान ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर कौन हैं दोगले लोग। सनद रहे कि बिजली महादेव रोपवे का जहां शुरू से ही विरोध हो रहा है और इसको लेकर कई विरोध प्रदर्शन भी हुए, लेकिन उसके बावजूद रोपवे का निर्माण कार्य जारी रहा। हालांकि, कुछ समय के लिए विरोध की रफ्तार थम सी गई थी, लेकिन अभी हाल ही में बिजली महादेव के समीप जंगल में भारी संख्या में हुए पेड़ों के कटान के बाद लोगों में और अधिक रोष व्याप्त हो गया है, अब बिजली महादेव रोपवे निर्माण को लेकर विरोध के स्वर और तेज हो गए हैं। कुल्लू ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेशभर में इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। कुल्लू में खराहल घाटी सहित जिले के विभिन्न गांवों में जन जागरण अभियान चलाकर रोपवे का विरोध लगातार जारी है।

रोजाना जगह-जगह इस मुद्दे को लेकर बैठकें हो रही हैं और लोगों से विरोध की अपील करने के साथ ही इस रोपवे के बनने से होने वाले नुकसान बारे भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं, 25 जुलाई को रोपवे के विरोध को लेकर कुल्लू में उग्र आंदोलन की तैयारी भी चल रही है। स्थानीय जनता ही नहीं, बल्कि कई वरिष्ठ नेता भी इस मुद्दे पर खुलकर सामने आए हैं और रोपवे का विरोध कर रहे हैं। वहीं, कई भाजपा नेता भी बिजली महादेव रोपवे का विरोध कर रहे हैं।

25 जुलाई को होने वाले विरोध-प्रदर्शन की तैयारी जोर-शोर से चली है। ऐसे में कुल्लू के विधायक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल में रोपवे के मुद्दे को लेकर दोगले लोगों का खुलासा करने का जो बयान डाला है उसने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर सोमवार को कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर इस गंभीर मुद्दे पर क्या खुलासा करेंगे। लिहाजा, एक ओर बिजली महादेव रोपवे का विरोध जारी है। वहीं, दूसरी ओर विधायक का यह बयान सामने आना सभी के लिए पहेली बन गया है।

## देवता नारसिंह मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा तांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देवता नारसिंह वीर मंदिर पंडित बेहड (सुल्तानपुर) में चल रही भागवत कथा संपन्न हो गई है। कथा का रविवार को हवन में पूर्णाहुति डालते ही समापन हुआ। पांच दिनों तक मंदिर व आसपास का क्षेत्र भक्तिमय रहा। रोजाना मंदिर में भतन-कीर्तन का दौर जारी रहा। इसमें क्षेत्र की महिलाओं की भूमिका अहम रही। महिलाओं ने भागवत कथा और भजन-कीर्तन में अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाई। दोपहर के समय कथा वाचक अजय मादगिल ने कथा का वाचन किया और प्रभु के विभिन्न रूपों पर व्याख्यान दिया। वहीं, अंतिम दिन रविवार को भी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से शाम तक मंदिर में श्रद्धालु देवता नारसिंह के समक्ष शीश नवाने पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवता नारसिंह के दर्शन किए और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में दोपहर को भंडारे का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पांच दिनों तक भगवत कथा का खूब आनंद लिया। कथा वाचन से माहौल भक्तिमय बना रहा।

## ग्रामीण सड़कों को खोलने के लिए बजट जारी करे सरकार : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि सरकार अभी हाल ही में बंजार विधानसभा में बाढ़ व भूस्खलन से अवरुद्ध हुई पंचायत लिंक सड़कों की जल्द बहाली के लिए राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) से तात्कालिक वित्तीय सहायता करे।



रविवार को जारी एक प्रेस वार्ता में शौरी ने कहा कि प्रत्येक प्रभावित पंचायत को 10 लाख का अग्रिम अनुदान दिया जाना चाहिए, ताकि जेसीबी, डोजर व मजदूर तैनात कर जल्द यातायात बहाल हो सके। सेब-बागवानों के नुकसान को देखते हुए संपर्क मार्गों को उच्च प्राथमिकता पर खोला जाए। पंचायत स्तर पर बनाई गई सड़कें ग्रामीण क्षेत्र में परिवहन का

### पंचायत सड़कों के बंद होने से फल-सब्जी ढुलाई ठप

प्रमुख माध्यम है। सरकार विभाग के माध्यम से पंचायतीराज के माध्यम से निकाली गई अवरुद्ध सड़कों की सूची राज्य सरकार को भेजें, जिससे निधि निर्गमन में विलंब न हो। विधायक शौरी ने कहा कि गांवों की जीवनरेखा मानी जाने वाली पंचायत सड़कों के बंद होने से फल-सब्जी ढुलाई ठप है। एसडीआरएफ का उद्देश्य ही आपदा-बाधित ढांचे की तुरंत मरम्मत है, अत: सरकार को अविलंब बजट जारी करना चाहिए यदि 15 दिन में ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो क्षेत्र की जनता के साथ लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

## ब्यास नदी में मिला महिला का शव

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली में बीते दिन एक महिला ने ब्यास नदी में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसका शव पतलीकूहल में बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान वैश्व वरी उर्फ रीना पुत्री ओम प्रकाश के रूप में बताई जा रही है। महिला बंजार उपमंडल के गांव गोड़ीयाड़ डाकघर डेऊथा जिला कुल्लू की निवासी थी। इन दिनों महिला मनाली के अंलेऊ गांव में किराये पर रह रही थी। उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया। ब्यास का तेज बहाव होने के कारण शव को ढूंढने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मनाली पुलिस के थाना प्रभारी मुनिश राज के अनुसार ब्यास नदी में महिला के शव की तलाश लगातार जारी थी। सभी विभाग को भी अलर्ट कर दिया था, साथ ही नदी किनारे चौकसी भी बढ़ा दी गई थी। थाना प्रभारी मुनिश राज ने बताया कि रविवार को महिला का शव पतलीकूहल के साथ लगते जटेहड़ बिहाल के गो सदन से शव बरामद कर लिया गया है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए मनाली हॉस्पिटल भेजा गया है और आज शव को विच्छेदन करवाया जाएगा।

## कुफरीधार में शोंचा मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी क्षेत्र की कमाद पंचायत में स्थित कुफरीधार में पारंपरिक शोंचा मेला धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ आरंभ हुआ।

इस मेले का शुभारंभ स्थानीय पंचायत प्रधान रीमा ठाकुर ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। मेला देवी माता प्रकोट, देवता गड़ूमी नाग और देवता सराजपाल की पावन उपस्थिति में आयोजित हुआ। शुरुआत में मेला कमेटी की ओर से तीनों देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समूचा वातावरण देव वाद्ययंत्रों और लोकधुनों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक पोशाकों में देवताओं का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेले की रौनक को और बढ़ाया। महिला मंडल सराली, कमाद और डगसारी की ओर से प्रस्तुत लोकनृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, देवभूमि बंजार से आई कनिश्का और प्रिया ने अपने शानदार डांस से मेले में खास रंग भर दिए। प्रधान ने इस मौके पर कहा कि, गांवों के मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं और युवा पीढ़ी को इससे जुड़ना चाहिए। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को मेले की शुभकामनाएं दीं। मेला कमेटी द्वारा प्रधान सहित उनकी टीम को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही देवी माता प्रकोट के कारदार कर्मचंद, देवता सराजपाल के कारदार शेर सिंह और देवता गड़ूमी नाग के कारदार लीला चंद को भी सम्मानित किया गया। मेले के दौरान बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। देवलुओं और महिला मंडलों ने बारिश के बीच भी आनंद लेते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मेला कमेटी से रफ्तार सिंह, अजय, दीवान सहित कई सदस्य सक्रिय भूमिका में नजर आए।

## 24 ग्राम चिट्टे सहित जम्मू-कश्मीर के दो युवक काबू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के पतलीकूहल में पुलिस टीम ने 24 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब 15 मील पुल के पास शिव बावड़ी इलाके में नियमित गश्त पर थी। इस दौरान टीम ने जम्मू से मनाली की ओर जा रही एक स्विफ्ट कार (जेके 02बीके-0106) को जांच के लिए रोका। कार में 2 युवक सवार थे, जो कि पुलिस को देखकर घबरा गए। पुलिस ने शक के आधार पर जब उनकी तलाशी ली, तो उनके कब्जे से चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने इनके कब्जे से 24 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इसकी कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान दिलबाग सिंह (35) निवासी मकान नंबर 387/ए, अप्पर बेली चाराना सतवारी, अलोरा (जम्मू-कश्मीर) और गुरमीत सिंह (43) निवासी मकान नंबर 21, केसी कॉलोनी, त्रिकुटा नगर (जम्मू-कश्मीर) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी इंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसकी जांच मुख्य आरक्षी संजय कुमार को सौंपी गई है। उधर, एसपी कुल्लू कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चिट्टा कहां से आया और इसे आगे किसे बेचा जाना था।

## गुशैणी-पेखड़ी सड़क खस्ताहाल लोगों को झेलनी पड़ रही दिक्कत

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार लोक निर्माण विभाग के तहत गुशैणी पेखडी 9 किलोमीटर सड़क जगह-जगह गड्ढों से भरी पड़ी है।

इस कारण वाहन चालकों को अपनी जान को जोखिम में डालकर गाड़ी बचा-बचाकर चलानी पड़ रही है। ग्रामीण वार्ड सदस्य पेखडी शारदा देवी, मनिहार वार्ड सदस्य प्रताप सिंह, लाल सिंह, देवी सिंह पूर्व वार्ड सदस्य पेखड़ी, पूर्व सदस्य मनहार ऐलू राम आदि का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के जेई, एसडीओ गाड़ी में बैठकर आ जाते हैं, लेकिन सड़क में गड्ढे, खड्डों पर उनकी नजर नहीं पड़ती। इन लोगों का कहना है यह समस्या पिछले दो साल से चली आ रही है, लेकिन प्रशासन के अधिकारी मौके पर आंख मूंद कर चले जाते हैं। लोगों का कहना है अधिकारी न फोन उठाते हैं और न ही समस्या का कोई हल करते हैं। वहीं, सड़क में नालियां न होना विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही है। इससे लोगों द्वारा दी हुई गिफ्ट डीड निजी भूमि व फसल बर्बाद हो रही है। लोगों ने सीधे-सीधे इस नुकसान के जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन के अधिकारी को ठहराया व कहा कि सड़क के लिए जमीन को यह गरीब, किसान, बागवान विभाग के नाम करने के लिए बड़े-बड़े वादे कर जाते, लेकिन जब सड़क निजी भूमि से निकल जाती, तो प्रशासन के अधिकारी आंखें बंद कर निकल जाते हैं। लोगों ने प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य से ऐसे अधिकारियों पर नकेल कसने की मांग उठाई है तथा लापरवाह अधिकारियों की जवाब तलबी देने की बात कही है। लोगों का कहना है कि अब किसान-बागवानों की नाशपाती सेब का सीजन चल पड़ा है इसलिए बरसात के चलते सड़क में नालियों का होना जरूरी है। लोक निर्माण विभाग उपमंडल बंजार के अधिशाषी अभियंता चमन लाल ठाकुर ने इस बारे जल्द मशीन भेज कर ड्रेन बनाने तथा गड्ढों-खड्डों को भरने की बात कही है।

## नप मनाली में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

### मालरोड को चकाचक करने के बाद अब सियाली महादेव मार्केट में पार्क का निर्माण

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में विकास कार्य व सौंदर्यीकरण लगातार जारी है, जब से नगर परिषद की बागडोर अध्यक्ष मनोज लारजे के हाथ में आई है, तब से शहर के सौंदर्यकरण का कार्य तेज हो गया है।

माल रोड को चकाचक करने के बाद अब सियाली महादेव मार्केट में पार्क का निर्माण किया जा रहा है। लोगों की राय के बाद खाली जगह पर पार्क बनाने का कार्य शुरू हो गया है। पार्क बनने के बाद यहां लोगों के बैठने की सुविधा हो सकेगी, साथ ही वाहन खड़े नहीं होंगे। इससे लोगों को चलने-फिरने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सियाली महादेव मंदिर के समीप ही कुछ जगह खाली पड़ी है। यहां पर कभी दुकानों का सामान रखा जाता है, तो कभी बाकिन खड़ी की जाती है। इससे पैदल चलने वाले लोगों



नगर परिषद मनाली में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लेते नगर परिषद अध्यक्ष।

को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद ने यहां पार्क बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। चारों तरफ दीवार देने के बाद आकर्षक रेलिंग लगाई जाएगी। पार्क में पत्थर लगाए जाएंगे और लोगों को बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे। इसके अलावा हरी घास और फूलों की कयारियां पार्क के सौंदर्य को ओर बढ़ाएगी। नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज लारजे ने बताया कि पार्क बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ लोगों ने विकास के इस कार्य को रोकने का भी प्रयास किया, लेकिन प्रशासन की मौजूदगी में निशानदेही के बाद काम फिर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग शहर के विकास में लगातार अड़ंगा अटकाने का प्रयास कर रहे हैं, जो जनहित में नहीं है। शहर का विकास हर हाल में होगा, उसे रोकने नहीं दिया जाएगा। नियमों के तहत सहजता के विकास कार्य करवाए जाएंगे।

## 26 को काजा में होगी मोटरसाइकिलों की नीलामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** पुलिस विभाग स्पीति स्थित काजा द्वारा तीन मोटरसाइकिलें इसमें टीवीएस मोटरसाइकिल (विक्टर), एलएमएल बीमर व एलएमएल फ्रीडम मोटरसाइकिल की नीलामी 26 जुलाई को प्रात: 11:30 बजे पुलिस स्टेशन काजा के परिसर में की जाएगी। यह जानकारी पुलिस उपअधीक्षक काजा अजय भारद्वाज ने दी। उन्होंने इच्छुक पार्टी/बोलीदाताओं से आग्रह किया है कि वह उपरोक्त तिथि, समय व स्थान पर पहुंच कर नीलामी प्रक्रिया में भाग लें। इन मोटरसाइकिलों को पुलिस स्टेशन काजा के परिसर में किसी भी दिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि खरीदने वाले व्यक्ति को नीलाम हुए मोटरसाइकिलों को तीन दिनों के भीतर कार्यालय परिसर से उठाना होगा। नीलामी की पुरी राशि उसी समय जमा करनी होगी। नीलामी समिति के पास नीलामी को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7807831748 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता खुद को ठगा सा कर रही महसूस : इंदु

**अनंत ज्ञान, बंजार**

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री पूर्व उपाध्यक्ष इंदु पटियाल ने कहा कि चुनावों में प्रत्याशी बड़े-बड़े वादे और उन्हें पूरा करने के दावे करते हैं और जनता प्रभावित होकर अपना विधायक, सांसद या अन्य पंचायतीराज और नगर निकायों के लिए प्रतिनिधि चुनती है, जब वही प्रतिनिधि चुने जाने के बाद अपने दिए आश्वासनों से मुंह फेर ले तो आप स्वयं समझिए कि कितनी पीड़ा होती है।



उन्होंने कहा कि ऐसा ही कुछ हुआ मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ, जिनके साथ भाजपा ने चुनावों से पहले बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद सब कुछ भूल गए। उन्होंने कहा कि हिमाचल 2023 से आपदा से गुजर रहा है और सांसद कंगना रनौत हर त्रासदी में नदारद पाई जाती हैं। चाहे निरमंड के समेज गांव के जमींदोज होने की घटना हो, बंजार के तांदी गांव में अग्निकांड, सैंज बाजार की बाढ़ से क्षति, अनेक सड़कों, पुलों के ध्वस्त होने से जनता प्रभावित हो। वर्तमान में मंडी सराज के अनेक गांव भूस्खलन की चपेट में आने से बेघर हो गए हैं, लेकिन सांसद के मन में जन संवेदनाओं की कोई उमंग नहीं उठती। हर बार उन्हें कुंभकर्णी निद्रा से जगाने के लिए विपक्ष को कसरत करनी पड़ती है और वह अपने हाव-भाव दिखा कर लौट जाती हैं। हद तो तब होती है, जब सांसद कभी कहती हैं कि उनका मानदेय बहुत कम है, तो कभी कहती हैं कि उनके पास कैबिनेट नहीं है और कभी कहती हैं कि उन्हें सांसद बन कर मजा नहीं आ रहा है।

**आत्मनिर्भर** महिलाओं ने आपसी सहयोग से शुरू की मशरूम की पैदावार

## मशरूम उत्पादन को बनाया रोजगार का जरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के गोहरमा गांव की महिलाएं मशरूम उत्पादन को जरिया बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं।

घाटी के एक छोटे से गांव गोहरमा के जरीम सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने आपसी सहयोग से लाहौल में मशरूम की पैदावार शुरू कर दी है, जहां लाहौल जैसे कबाइली क्षेत्र के लिए मशरूम को दूसरे जिले से मंगवाना पड़ता था। वहीं, अब मशरूम गोहरमा गांव में ही उपलब्ध होगा। जरीम हेल्प ग्रुप की प्रधान मान दासी ने बताया कि मैंने बजौरा और सोलन से इस का प्रशिक्षण लिया है। उसके बाद मान दासी ने गांव गोहरमा में आकर ग्रुप बनाया और अन्य महिलाओं के साथ मिल कर मशरूम तैयार किया। अभी इस ग्रुप में 10 महिलाएं जुड़ी हैं, जिन्हें इस कारोबार से रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। मान दासी ने बताया कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाना है। अभी यह ग्रुप एक छोटे से निजी मकान में मशरूम तैयार कर रहा है। इस कार्य से गांव की अन्य महिलाओं को भी घर बैठे रोजगार मिल रहा है और मशरूम तैयार होते ही घाटी के लोग इसे वहीं गांव में आकर खरीद रहे हैं और इसे काफी पसंद किया जा रहा है।



गोहरमा गांव की महिलाओं की ओर से तैयार की गई मशरूम की खेती।

यह मशरूम महिलाओं द्वारा गेहूं के भूसे को खाद में तब्दील कर एक माह में तैयार किया जा रहा है। मान दासी ने बताया कि एक किलो बीज से लगभग चार से पांच किलो मशरूम तैयार किया जा रहा है। उधर, सीएसआईआर निदेशक मशरूम रिसर्च सोलन के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मशरूम की लगभग साठ से सत्तर प्रजाति दुनिया में उपलब्ध है। भारत में अधिकतर 16 से 18 प्रकार का मशरूम पैदा किया जाता है। इनमें से बटन मशरूम, ढींगरी मशरूम और मिल्की मशरूम अधिकतर बाजार में बिकता है। विभिन्न प्रकार के मशरूम के लिए विभिन्न तापमान की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि मशरूम तैयार करने के लिए 16 से 18 डिग्री तापमान प्रयोग किया जाता है।

## भाजपा हर बूथ में लगाएगी 11 पौधे : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बने हुए 11 साल पूरे हो गए हैं। 11 साल पूरे होने पर भाजपा हर बूथ में 11 पौधे लगाएगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा हर साल 15 जुलाई से 15 अगस्त तक पौधरोपण अभियान चलाती है। इस बार भी यह अभियान शुरू हो गया है। इस अभियान के तहत रविवार को मनाली के वन बिहार में 150 पौधे लगाए गए। इस अभियान में नगर परिषद मनाली सहित, शहरी भाजपा, युवा मोर्चा महिला मोर्चा व मनाली शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पत्रकारों से बातचीत में गोविंद ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। भाजपा चुनाव व वोट तक ही सीमित नहीं रहती है। कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है। उन्होंने कहा कि आज 100 पौधे लगाए गए, जबकि आने वाले रविवार को सभी के सहयोग से 200 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाली बिखेरने का काम करेगी। ठाकुर ने कहा कि प्रकृति हमें



अमूल्य निधि देती है। हमारा भी कर्तव्य है कि बदले में हम कुछ दें, इसलिए हेम पेड़ लगाने के बाद उसकी देख-रेख करना भी आवश्यक है, जब तक कि वह पेड़ अपना मूल स्वरूप प्राप्त नहीं कर लें। इस पौधरोपण अभियान में वन्य प्राणी विभाग मनाली के अधिकारी व वन रक्षक भी मौजूद रहे। उन्होंने लोगों को पौधरोपण की सही विधि बताई और खुद भी पौधे लगाए। पौधरोपण में 80 वर्षीय महिला पूर्व पार्षद पुष्पा तलवार ने भी पौधा लगाकर सभी को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने घाटी के लोगों से आग्रह किया कि बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल व संरक्षण की भी शपथ लें। इस दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार व भाजपा शहरी अध्यक्ष अजय अबरोल ने पौधरोपण में भाग लेने वाली सभी महिलाओं, युवाओं व शहर वासियों का आभार जताया।


## लुहरी-जाजर-दलाश मार्ग पर सफर हुआ जोखिम भरा

### लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार को दिए कार्रवाई के निर्देश

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** लुहरी-जाजर-दलाश सड़क पर इन दिनों सफर जोखिम से खाली नहीं है। खासकर जाजर के समीप सड़क के किनारे दरकी पहाड़ी स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन चुकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पहाड़ी में दरारें साफ दिखाई दे रही हैं और कई भारी भरकम पत्थर लटके हुए हैं, जो कभी भी नीचे गिर सकते हैं।

स्थानीय निवासी जाफर, मंजीत सिंह और आशीष ने बताया कि जाजर से दलाश की ओर करीब 200 मीटर आगे यह संवेदनशील हिस्सा है। यहां से गुजरते वाहन चालकों को हर वक्त दुर्घटना की आशंका सताती रहती है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग न केवल रोजमर्रा के आवागमन का अहम हिस्सा है, बल्कि सेब सीजन शुरू होने के कारण इन दिनों मालवाहक गाड़ियों की संख्या भी काफी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि ऐसे में यदि समय रहते पहाड़ी का खतरा न हटाया गया, तो बड़ी अनहोनी से



जाजर के समीप दरकी पहाड़ी, जो कि अब खतरा बनी हुई है।

इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, इस बारे में जब लोक निर्माण विभाग, दलाश उपमंडल के सहायक अभियंता ज्ञान भारती से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि यह मार्ग फिलहाल ठेकेदार के अधीन कार्यरत है और उसे खतरे वाले हिस्से को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग ने यह भी आश्वासन दिया है कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सलोगड़ा डंपिंग साइट को 6 माह में क्लियर करने का लक्ष्य

## डीसी ने किया कूड़ा निष्पादन मशीन का निरीक्षण, लोगों को बदबू से मिलेगी निजात

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** नेशनल हाईवे-5 पर स्थित नगर निगम सोलन की डंपिंग साइट पर पड़े लिगेसी वेस्ट (पुराना कूड़ा) को हटाने के लिए 6 माह का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अब नया टेंडर किया गया है।

डंपिंग साइट पर पड़े पुराने कूड़े की बदबू से स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। इसको लेकर स्थानीय लोग विरोध भी जता चुके हैं। इतना ही नहीं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भी कई बार इसका संज्ञान ले चुकी है। इसको लेकर नगर निगम पर जुर्माना लगाया गया पर लाखों रुपए खर्च कर समस्या का समाधान नहीं हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब प्रशासन और नगर निगम इस समस्या के समाधान को लेकर एक्शन में है। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा और नगर निगम आयुक्त एकता कापटा ने मौके का निरीक्षण किया। साथ ही यहां कूड़ा निष्पादन के लिए ठेकेदार की तरफ से लगाई गई मशीनरी की कार्य प्रणाली को समझा।


सलोगड़ा डंपिंग साइट में लगी मशीन का निरीक्षण करते डीसी और आयुक्त नगर निगम।

### व्यवस्था जल्द सुधरने की उम्मीद

**शहर** से प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े के निष्पादन की व्यवस्था जल्द सुधरने की उम्मीद जगी है। नगर निगम ने सलोगड़ा स्थित डंपिंग साइट में कूड़ा निष्पादन के लिए नए वेंडर के साथ ठेका किया है और इस वेंडर ने इस स्थान पर एक अत्याधुनिक मशीन को इंस्टॉल किया है। इससे कूड़ा निष्पादन में तेजी आएगी और इस डंपिंग साइट के आसपास रह रहे लोगों को दुर्गंध से आजादी मिलेगी। डंपिंग साइट से अभी करीब 6000 टन पुराना कूड़ा उठाया जाना बाकी है। इसका निष्पादन कर पूरे क्षेत्र में गंदगी मुक्त कर यहां पौधरोपण किया जाएगा।

> **सलोगड़ा** डंपिंग साइट में कूड़ा निष्पादन के लिए नए वेंडर के साथ टेंडर किया गया है। वेंडर साइट पर नई अत्याधुनिक मशीन इंस्टॉल कर रहा है। मशीन इंस्टॉल होते ही तेजी से कूड़ा निष्पादन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिससे लोगों को समस्या से निजात मिलेगी। साइट पर शेड बनाने की भी योजना है, ताकि कूड़ा खुले में न पड़ा रहे।
>
> **एकता कापता कमिश्नर, नगर निगम सोलन।**

### कूड़े के ढेर से निकलने वाली दुर्गंध से जीना भी मुहाल

**नगर** निगम शहरभर से डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित करता है और उसे सलोगड़ा स्थित डंपिंग साइट पहुंचाता है। हालांकि, आरंभ से ही यह डंपिंग साइट और यहां पर बढ़ रहे कूड़े के ढेर न केवल निगम, बल्कि वहां रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। इस डंपिंग साइट के चलते कई मर्तबा निगम को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का जुर्माना भी भुगतना पड़ा है। इसके अतिरिक्त इन कूड़े के ढेर से निकलने वाली दुर्गंध से लोगों का जीना भी मुहाल हुआ है। इसको लेकर लोगों ने निगम को नोटिस दिया है। हालांकि, अब इस समस्या से पार पाने के लिए नगर निगम ने संज्ञान ले लिया है। बीती 30 अप्रैल को पिछले वेंडर का टेंडर समाप्त होने के बाद अब निगम ने एक नए वेंडर से करार किया है और उसे अब इस डंपिंग साइट में कूड़ा निष्पादन का जिम्मा संभालना होगा। इस मशीन में एक घंटे में औसतन 30 टन कूड़ा प्रोसेस किया जा सकता है। शहर में प्रतिदिन औसतन 23 से 28 टन कूड़ा निकलता है। वहीं, साइट पर पिछले कई वर्षों का हजारों टन कूड़ा भी पड़ा है। इस अत्याधुनिक मशीन और इसकी कार्य क्षमता को देखते हुए निगम को उम्मीद है कि जल्द ही साइट में लगे कूड़े के ढेर से छुटकारा मिल पाएगा।

## सामाजिक समरसता मंच का समारोह 7 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सामाजिक समरसता मंच का वार्षिक समारोह आगामी 7 सितंबर को राजगढ़ में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महान विभूतियों को मंच की ओर से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी सामाजिक समरसता मंच के अध्यक्ष अरविंद राय ने मंच की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सामाजिक समरसता मंच का गठन किया गया है। इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों को जनसहयोग से किया जाएगा। उन्होंने मंच के सदस्यों से आग्रह किया कि जिन व्यक्तियों ने समाज के लिए कोई उत्कृष्ट कार्य किया है अथवा विभिन्न सामाजिक कार्यों में अपना रचनात्मक सहयोग दिया गया है, ऐसे व्यक्तियों के नाम जल्द ही मंच के समक्ष लाए जाएं। इसका अंतिम निर्णय मंच की आगामी 20 अगस्त को होने वाली बैठक में किया जाएगा। अरविंद राय ने बताया कि 7 सितंबर को होने वाले वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिम्मा रमेश धीमान, सुशील भृगु और रतन धीमान को सौंपा गया है।

## टेलीफोन तारों की चोरी के मामले में वांछित आरोपी देहरादून से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला पुलिस द्वारा भगौड़े अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है, जो लगातार जारी है।

इसी कड़ी में 20 जुलाई को पुलिस थाना कंडाघाट द्वारा भगौड़े अपराधियों को पकड़ने के लिए गठित टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक भगौड़े अपराधी गणेश सहानी पुत्र सुबाई सहानी निवासी गांव डीही डाकखाना भैरों तहसील लहरिया सराय जिला दरभंगा बिहार उम्र 36 वर्ष को देहरादून उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस मामले की जांच के दौरान पाया गया कि उक्त भगौड़े अपराधी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ कंडाघाट क्षेत्र में बीएसएनएल की 50 मीटर टेलीफोन की तारों की चोरी को अंजाम दिया था, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान उक्त मामले में 2 आरोपियों ( गणेश सहानी व धरमेंदर कुमार)



को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा किया गया था। मामले के ट्रायल के दौरान न्यायालय द्वारा आरोपी गणेश सहानी को न्यायालय में पेश होने के लिए बार-2 आदेश दिए जा रहे थे, लेकिन फिर भी यह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर न्यायालय द्वारा आरोपी गणेश सहानी को उद्घोषित अपराधी करार दिया गया था। उक्त आरोपी की पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन यह आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-2 अपने ठिकाने बदल रहा था। गिरफ्तार भगौड़े अपराधी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंथलीघाट में बस-पिकअप की टक्कर, एक घायल

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर कंडाघाट उपमंडल के कैंथलीघाट में प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस और पिकअप में भीषण टक्कर होने से पिकअप चालक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह सात बजे हुई। निगम की बस ढली शिमला से लाहनी बोराड़ और पिकअप शिमला की तरफ जा रही थी कि दोनों की कैंथलीघाट में टक्कर हो गई। इसमें पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई और इसका चालक घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए शोघी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे आईजीएमसी शिमला भेजा गया। घटना की डीएसपी सोलन अनील दौलटा ने पुष्टि की है। इस मामले में कंडाघाट पुलिस कार्रवाई और जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पिकअप तेज गति से गलत दिशा में आकर बस से टकराई।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, अर्की।** ठग्राम पंचायत भूमती के गांव सोयली में वन महोत्सव के अंतर्गत जंगल प्लास्ता में वार्ड सदस्य मुकेश कौंडल के नेतृत्व में लगभग दो एकड़ भूमि पर पौधरोपण किया गया। इसमें लगभग विभिन्न प्रजातियों जैसे आंवला, जामुन, दाड़ू व शीशम के 900 पौधे लगाए गए। वार्ड सदस्य मुकेश कौंडल ने बताया कि यह पौधरोपण महिला मंडल सोयली, देवधर युवक मंडल सोयली व देवधार सुधार समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। वार्ड सदस्य ने कहा कि ये सभी पौधे बरसात के मौसम में लगते हैं। इनकी देखभाल समय-समय पर सभी ग्रामीणों व सभी सदस्यों द्वारा की जाएगी।

## सीएचसी में सुविधाएं बढ़ाने को लेकर सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

जिला परिषद वार्ड दाड़लाघाट के अंतर्गत करीब 20 पंचायतों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक अर्की संजय अवस्थी की अध्यक्षता में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से शिमला में मिला।

इस मुलाकात में उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि करीब आठ वर्षों से तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाड़लाघाट को सभी सुविधाओं सहित सुचारु रूप से संचालित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से पुरजोर आग्रह किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए शिमला, सोलन, बिलासपुर या अर्की जाना पड़ता है। इससे उन्हें काफी परेशानी होती है।



स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और उन्हें अपने घर के पास ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस मुद्दे पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि एक महीने के अंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाड़लाघाट को सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाना है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर गुरदासु राम, मोहन सिंह ठाकुर, लाला शंकर दास अरोड़ा, वेदप्रकाश शुक्ला, जय सिंह ठाकुर, सोहन लाल ठाकुर, मनोज गौतम आदि सहित करीब 150 लोग मौजूद रहे।

## सेरा से शिव शक्ति कांवड़ दल हरिद्वार के लिए रवाना



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

उपमंडल दाड़लाघाट के तहत पंचायत कोटलू के गांव सेरा से शिव शक्ति कांवड़ दल हरिद्वार के लिए रवाना हुआ।

इस अवसर पर ग्रामीणों और सेवादल के सदस्यों ने स्थानीय मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कावड़ दल जत्थे में शामिल श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में डूबकर हरिद्वार से जल लेकर वापस आएंगे और अपने गांव के शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इस मौके पर संजीव ठाकुर, हिमांशु ठाकुर, रूपेश कुमार, राकेश शर्मा, मनोज शर्मा, दिनेश ठाकुर, योगराज शर्मा, खेमराज शर्मा, कमल ठाकुर, सुनील कुमार, परव शर्मा, संजू कुमार, मनीष कुमार और कृष्ण चंद ठाकुर मौजूद रहे।

## जटोन बैराज से गिरि नदी में छोड़ा पानी

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** जटोन बैराज में तैनात कर्मचारियों ने सुबह 6:20 पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सूचना दी कि जलस्तर खतरे की सीमा के करीब पहुंच चुका है। इसके मात्र 10 मिनट बाद सुबह 6:30 बजे बैराज से पानी छोड़ दिया गया। गिरि नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से आसपास के क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लोग नदी किनारे न जाएं, क्योंकि तेज बहाव और जलस्तर में अचानक वृद्धि से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। साथ ही, बारिश के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन की आशंका भी बनी हुई है, जो जनसुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। गिरि नदी में जलस्तर बढ़ने की मुख्य वजह सिरमौर और इसके ऊपरी इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश है। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं।

## डॉ. राजेश को हिमाचल दवा निर्माता संघ की कमान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल दवा निर्माता संघ अर्थात (एचडीएमए) का डॉ. राजेश गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष, मुनीश ठाकुर को महासचिव, संजय शर्मा को मीडिया प्रवक्ता और वित्त सचिव तथा सतीश सिंघल को दोबारा से चेयरमैन बनाया गया।


संघ की नई टीम राज्य प्रधान राजेश गुप्ता के साथ अधिवेशन के बाद सामूहिक रूप से चंडीगढ़ में।

इसके अलावा 56 सदस्यीय कार्यकारिणी भी बनाई गई। संघ का पंचवर्षीय साधारण अधिवेशन चंडीगढ़ स्थित होटल हयात में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें बीबीएन परवाणू, सोलन, कालाअंब, पांवटा साहिब, टाहलीवाल, ऊना, संसार पुर टेरेस, राजा का बाग आदि प्रदेश के विभिन्न स्थानों के सदस्यों ने हिस्सा लिया और कमेटी का पांच वर्ष के लिए गठन किया। यूनिक्स बायोटेक झाड़माजरी के राकेश बिहारी गुप्ता को पैटर्न इन चीफ का पद सौंपा गया, जबकि को-चेयरमैन में हरीश गोयल, परमजीत अरोड़ा, संजय सिंगला कालाअंब, सुधीर शर्मा, संसारपुर टेरेस, सुमित गुप्ता, अशोक गोयल पांवटा साहब बनाए गए, जबकि राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष में इंनोवा कबटैब के मनोज अग्रवाल, सीएस पुष्करणा कालाअंब, अजय भाटिया पांवटा साहिब बनाए गए। राज्य उपाध्यक्ष में डॉक्टर संदीप विज्ञ, सुरजीत अरोड़ा, संजय आहूजा, अश्वनी सिंगला, विवेक सिंह, निर्मल राणा, विक्रम साहनी को बनाया गया।

सयुंक्त सचिव में विशाल चड्ढा टहलीवाल, विकास गांधी, मोहित मित्तल, राहुल बंसल एवं अन्य को मिलाकर बद्दी, बरोटीवला, नालागढ़, सोलन, परवाणू, कालाअंब, पांवटा साहब, ऊना, टहलीवाल, संसारपुर टेरेस, राजा का बाग से हिमाचल दवा निर्माता संघ के सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारी दी गई।

अधिवेशन में 225 सदस्य उपस्थित हुए और हिमाचल प्रदेश राज्य औषधि नियंत्रक डॉक्टर मनीष कपूर, केंद्रीय उपड्रग कंट्रोलर बद्दी जोन के डिप्टी ड्रग कंट्रोलर डॉक्टर सुशांत शर्मा, हरियाणा के डिप्टी ड्रग कंट्रोलर ललित गोयल, पंजाब के डिप्टी ड्रग कमिश्नर अमित दुग्गल ने भी विचार रखते हुए और विभिन्न नियमों और संशोधनों की जानकारी दी और दवा निर्माण में उच्च गुणवत्ता की अपील की। जन विश्वास बिल पर एडवोकेट संजय जैन ने और ललित गोयल ने लेबल और पैकेजिंग पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## भर्ती नियमों में बदलाव करके बेरोजगार युवाओं के साथ किया घिनौना खिलवाड़: मेलाराम शर्मा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर बेरोजगार युवाओं के लिए भर्ती नियमों में अनैतिक बदलाव कर उनके भविष्य के साथ घिनौना खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शुरू के दो वर्षों तक सरकारी नौकरी प्रशिक्षण आधार पर करने और उसके बाद पुनः परीक्षा देकर नियमित करने के संशोधित नियमों को बेरोजगार युवाओं के साथ भद्दा मजाक किया है। उन्होंने कहा कि इन संशोधित नियमों से सरकार की मंशा साफ हो गई है कि अपनी प्रतिभा और उच्च शिक्षा के आधार पर नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को पहले 2 वर्ष के दौरान ही बाहर का रास्ता दिखाने की तलवार लटका रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले सत्ता में आने के लिए इस सरकार ने प्रतिवर्ष 1 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के दौरान अभी तक रोजगार के नाम पर प्रदेश के युवाओं को ठेंगा दिखाया है और अब बेतुके नियम लागू करके अपनी प्रतिभा के दम पर नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को दो वर्षों के प्रशिक्षण के दौरान नौकरी से हटाने का रास्ता तैयार कर दिया है। इन नियमों के अनुसार यदि कोई युवा अपनी योग्यता और प्रतिभा के बलबूते सरकारी नौकरी प्राप्त करता है, तो उसे दो वर्षों तक सरकारी नियमों के कोई लाभ नहीं मिलेंगे और न ही वेतन वृद्धि होगी। इससे बेरोजगार युवाओं का सरकारी नौकरियों के प्रति न केवल मोह भंग होगा, बल्कि उनके भविष्य की चिंता और बढ़ गई है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि सरकारी भर्ती नियमों में पहले ही दो वर्षों के लिए प्रोफेशनल पीरियड का प्रावधान है।

## सत्य साईं समिति ने हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 हाउसिंग कॉलोनी में सत्य साईं सेवा समिति ने प्रेम तरू कार्यक्रम के तहत रविवार को रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 में पुराना गोल टैंक के समीप विभिन्न सजावटी पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद राजीव कौड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने मिलकर पौधरोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साईं सेवा समिति के सदस्य डॉ. देविंद्र गुप्ता ने कहा कि सत्य साईं बाबा की 100वीं जयंती पर प्रदेश भर में इस तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें भरपूर मात्रा में दिया है, ऐसे में हमारा फर्ज है कि इसका संरक्षण किया जाए। धरती हरि-भरी रहेगी,



पौधरोपण के दौरान सत्य साईं सेवा समिति और रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के सदस्य।

तो स्वच्छ पर्यावरण, भरपूर पानी के साथ तापमान भी सामान्य रहेगा।

वहीं, पार्षद राजीव कौड़ा ने साईं सेवा समिति, कमल ऑर्चर्ड वेलफेयर सोसायटी और आरडब्लूएस के सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में हर वर्ष वनमहोत्सव के तहत पौधरोपण किया जाता है। ऐसे में जो पौधे रोपे गए हैं, उनका संरक्षण भी सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर सेवा समिति से जुड़े सुरेश गार्गीया ने सभी का धन्यवाद किया।

## देशराज ठाकुर बने प्रदेश हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष



हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी सोलन के बड़ोग में।

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**कसौली।** हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के चुनाव सोलन के बड़ोग में संपन्न हुए।

इसमें सोलन के देशराज ठाकुर को अध्यक्ष, कुल्लू जिले के अजयप्रताप कालरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंडी के अशोक कुमार, सिरमौर के वीरेंद्र कुमार शर्मा, सोलन के राजेश शर्मा और शिमला की कमलेश शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त सोलन जिले के इंजीनियर कमल पाल तथा शिमला जिले के इंजीनियर राजेश ठाकुर को एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया। महासचिव पद पर बिलासपुर के नंदकिशोर तथा हमीरपुर जिले के जग सिंह ठाकुर निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। मंडी जिले के अशोक गौतम, कुल्लू के अनुज चौधरी, बिलासपुर के विवेक पठानिया, हमीरपुर के अजय रिंटू शर्मा तथा शिमला की शिवानी नेगी को संयुक्त सचिव चुना गया। कार्यकारी सदस्यों में कांगड़ा के पुनीत कुमार, किन्नौर के नितेश नेगी तथा सिरमौर के आदर्श ठाकुर को निर्विरोध चुना गया। इसके अतिरिक्त नवनियुक्त कार्यकारिणी ने प्रदेश में हैंडबॉल खेल के उत्थान के लिए विभिन्न उपसमितियों का भी गठन किया। एथिक्स कमीशन का अध्यक्ष हमीरपुर से तेज प्रकाश चोपड़ा को नियुक्त किया गया। टेक्निकल कमेटी के अध्यक्ष डॉ. प्रवेश मोंटी शर्मा, संयोजक प्रोफेसर लोकेश शर्मा तथा सह-संयोजक कांगड़ा के संदीप मित्तल को नियुक्त किया गया। एथलीट कमिशन का अध्यक्ष बिलासपुर के राजेश शर्मा को, संयोजक सिरमौर के हुकुमचंद को तथा सह-संयोजक ऊना के देवन शर्मा को नियुक्त किया गया।

**परेशानी** एसडीएम कार्यालय के अनुसार उपमंडल में करीब साढ़े 13 हजार से ज्यादा वाहन पंजीकृत

## 7 वर्षों से अधर में राजगढ़ के पार्किंग का निर्माण कार्य

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** बीते सात वर्षों से राजगढ़ में पार्किंग का निर्माण कार्य अधर में लटका पड़ा है।

हैरानी की बात है कि पार्किंग निर्माण बारे न ही यहां के जन प्रतिनिधि ने कभी इसकी सुध ली है और न ही स्थानीय नगर पंचायत ने सात वर्षों में कोई प्रभावी कदम उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा वर्ष 2018 में राजगढ़ प्रवास के दौरान पार्किंग निर्माण की घोषणा की गई और प्रथम चरण में इस पार्किंग के लिए 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। पच्छाद उपचुनाव से पहले सांसद सुरेश कश्यप ने आनन-फानन में 27 फरवरी 2019 को पार्किंग की आधारशिला रख दी। तदोपरांत वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के समीप आते ही नगर पंचायत ने पार्किंग के लिए पहाड़ की कटिंग का कार्य आरंभ कर दिया था और चुनाव संपन्न होते ही कार्य बंद कर दिया गया। इस प्लॉट तैयार करने का टैंडर छह लाख में दिया गया था और आज






बीते सात वर्षों से राजगढ़ में पार्किंग का निर्माण कार्य अधर में लटका पड़ा, पार्किंग का शिलान्यास और अधूरा पड़ा निर्माण कार्य।

भी प्लाट अधूरा पड़ा है। राजगढ़ में पार्किंग की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है।

विभिन्न क्षेत्रों से लोग सरकारी अथवा निजी कार्य से राजगढ़ आते हैं और उन्हें अपनी गाड़ियां शहर से दो किलोमीटर दूर कहीं सड़क के किनारे खड़ी करनी पड़ती हैं। यही नहीं शहर में ऑटो की भी कोई व्यवस्था नहीं है, ताकि लोग ऑटो का इस्तेमाल करके विभिन्न कार्यालयों का कार्य करवा सकें। एसडीएम कार्यालय राजगढ़ के अनुसार उपमंडल में करीब साढ़े 13 हजार से ज्यादा विभिन्न श्रेणियों के वाहन पंजीकृत हैं। इनमें सर्वाधिक हल्के वाहनों की संख्या करीब छह हजार है। नगर पंचायत को अस्तित्व में आए करीब तीस वर्ष हो चुके हैं, लेकिन नगर पंचायत आज तक शहर की सफाई और पार्किंग की स्थायी व्यवस्था नहीं कर पाई है। इसके चलते लोगों द्वारा नगर पंचायत की कार्यशैली पर कई सवाल उठाए हैं। नगर पंचायत के अजय गर्ग ने बताया कि राजगढ़ में पार्किंग निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। दूसरी ओर सहायक अभियंता लोनिवि राजगढ़ हेमेंद्र शर्मा ने बताया कि पार्किंग के निर्माण के लिए 12 करोड़ की डीपीआर तैयार करके विभाग के उच्चाधिकारियों को स्वीकृति के लिए भेजी गई है। पार्किंग के लिए करीब ढाई बीघा भूमि उपलब्ध है, जिस पर बहुमंजिला पार्किंग निर्मित करने की योजना है। इसमें दुकानों के अलावा करीब तीन सौ हल्के वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था की जाएगी।

## नौणी विवि व महिंद्रा समिट के बीच शोध व प्रशिक्षण के लिए समझौता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने महिंद्रा समिट एग्री साइंसेज लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया।

इस साझेदारी का उद्देश्य बागवानी, वानिकी एवं संबंधित क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान, ज्ञान आदान-प्रदान और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना है। महिंद्रा समिट एग्री साइंसेज लिमिटेड एग्रीबिजनेस क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है, जो फसल सुरक्षा, बीज उत्पादन, सूक्ष्म सिंचाई और कृषि उत्पादों के निर्यात में विशेषज्ञता रखती है। यह समझौता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल और महिंद्रा समिट एग्री साइंसेज लिमिटेड के सीईओ संदीप गदरे के बीच इस सप्ताह संपन्न हुआ। इस अवसर पर विवि के निदेशक अनुसंधान डॉ. संजीव चौहान, विभागाध्यक्ष, संयुक्त निदेशक और महिंद्रा समिट के प्रतिनिधि सागर दरोच (डीजीएम - उत्तर एवं पूर्व भारत) व ललित कालिया (एसोसिएट फील्ड बायोलॉजिस्ट) उपस्थित रहे।

यह साझेदारी दोनों संस्थानों के बीच विशेषज्ञता, ज्ञान और संसाधनों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेगी। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के माध्यम से एग्रीबिजनेस क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। समझौते के तहत संयुक्त कार्यशालाएं, संगोष्ठियां और सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। दोनों संस्थाएं मिलकर बागवानी, वानिकी और संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं और चयनित विषयों में छात्रों को पीएचडी शोध कार्य करेंगी।


एमओयू के दौरान नौणी यूनिवर्सिटी के वीसी और महिंद्रा समिट एग्री के प्रतिनिधि।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स की स्वास्थ्य जांच करवाएगी हरियाणा सरकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करवाने का फैसला किया है। छात्रों को बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर छात्रों, शिक्षकों व मिड-डे-मील वर्कर के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। साथ ही छात्रों को संतुलित आहार के बारे जागरूक किया जाएगा। मौलिक शिक्षा निदेशक की ओर से राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएम पोषण के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच और आईएफए एवं कृमिनाशक दवाइयों का वितरण किया जाए। साथ ही मानसून सीजन में छात्रों को सही खानपान के लिए जागरूक करने और स्कूल में खाना बनाने वाली रसोई की सफाई व रख-रखाव ठीक करने के निर्देश दिए गए। निदेशक की ओर से हिदायत दी गई है कि स्कूलों में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एनीमिया, आईएफए संतुलित आहार के महत्व और स्वच्छता के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएं। शिक्षकों को आईएफए और कृमिशनाक के बारे जागरूक करें, ताकि छात्र उनका सेवन करें, इन्हें फेंके नहीं। निर्देश में कहा गया कि पीएम पोषण अभियान के अंतर्गत डीईओ स्कूल स्तर पर कार्यान्वयन, शिक्षक प्रशिक्षण के साथ स्थानीय चुनौतियों के समाधान और स्कूली छात्रों की भागीदारी को लेकर कार्ययोजना तैयार करेंगे। यही नहीं योजना के तहत भोजन तैयार करने वाले रसोइया व सहायकों के स्वास्थ्य की भी जांच कराई जाएगी। स्वास्थ्य जांच के दौरान सीडब्ल्यूएसएन छात्रों का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### माफिया से सख्ती से निपटे या कुर्सी छोड़े भाजपा: सुरजेवाला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा है कि प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार या तो माफिया के विरुद्ध सख्ती दिखाए अन्यथा कुर्सी को छोड़ दे। रविवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि गीता की उपदेशस्थली हरियाणा को माफिया और क्राइम लैंड बना दिया गया है। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाए कि सरकार के संरक्षण में माफिया को बढ़ावा मिल रहा है। प्रदेश के लोगों में आज बिगड़ी कानून व्यवस्था और लगातार बढ़ रहे अपराध की वजह से खौफ का माहौल है। व्यापारियों व राजनेताओं से ही नहीं बल्कि आम लोगों से भी फिरौती मांगी जा रही है। उन्होंने कहा कि कनाडा, दुबई व आस्ट्रेलिया सहित कई देशों से हरियाणा में गैंग को कंट्रोल कर रहे गैंगस्टरों के नाम का खुलासा करते हुए रणदीप ने कहा कि पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुई उत्तरी भारत के राज्यों की बैठक में खुद प्रदेश सरकार ने स्वीकार किया था कि हरियाणा में 80 गैंग एक्टिव हैं। एक सवाल के जवाब में सुरजेवाला ने कहा कि अगर सरकार सख्ती से काम करे और बोल्ड फैसले ले तो पुलिस को कार्रवाई करने में जरा भी देरी नहीं लगेगी।

### गुरुग्राम में 7 साल के बच्चे का अपहरण कर की हत्या

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** यहां सात साल के एक बच्चे का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गई। हत्यारे बच्चे के शव को कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे के किनारे फेंककर चले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृत बच्चे की पहचान आशीष के रूप में हुई है। उसके माता-पिता मूल रूप से राजस्थान के अलवर जिले के रहने वाले हैं। वर्तमान में फतेहपुर गांव में किराए के मकान में रह रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक दंपत्ति प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। महिला दिन की शिफ्ट में कंपनी में जाती है और उनके पति रात की शिफ्ट में जाता है। शनिवार को महिला अपने बच्चे आशीष को उसके पिता के पास छोड़कर नौकरी पर गई थी। इसके बाद जब शाम को वह घर लौटी तो बेटा आशीष घर पर नहीं था। करीब दो घंटे तक दोनों मिलकर बच्चे की तलाश करते रहे, लेकिन बच्चा कहीं पर भी नहीं मिला। पिता नाइट शिफ्ट में ड्यूटी पर चले गए। जब सुबह वह ड्यूटी से लौटे तो देखा कि उनका बेटा घर नहीं आया था। उन्होंने बच्चे की फिर से तलाश शुरू की और रविवार की सुबह पुलिस को बच्चे के गुम होने की सूचना दी। रविवार दोपहर को राहगीरों ने केएमपी एक्सप्रेस-वे के पास सुनसान जगह पर बच्चे का शव पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी। तावडू थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर शव मिला। मौके पर बिलासपुर थाने की पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लिया और उसकी पहचान के लिए दंपत्ति को सूचना दी। सूचना के बाद माता-पिता मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव की पहचान अपने बच्चे के रूप में की। पुलिस ने संदेह जताया कि बच्चे की हत्या करके शव को यहां पर फेंका गया है।

# तीसरी बार बनाई है नॉन-स्टॉप सरकार काम में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर : मुख्यमंत्री

## विपक्ष के दुष्प्रचार से घबराएं नहीं बल्कि तथ्यों के आधार पर उनको दें जवाब

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य के लोगों ने प्रदेश में तीसरी बार नॉन-स्टॉप सरकार बनाई है, काम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विपक्ष के दुष्प्रचार से घबराएं नहीं बल्कि तथ्यों के आधार पर उनको जवाब दें।

मुख्यमंत्री रविवार को यहां संत कबीर कुटीर में पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे। ये लोग पिछड़ा वर्ग के लिए सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करने आए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में पिछड़ा वर्ग के बैकलॉग को 'योग्य उम्मीदवार नहीं' मिलने का बहाना बनाकर खाली छोड़ दिया जाता था, जबकि वर्तमान सरकार ने पिछड़ा वर्ग से प्रोफेसर, डॉक्टर, इंजीनियर तक भर्ती करके दिखा दिया है कि इस वर्ग के लोग हमेशा से ही योग्य रहे हैं, लेकिन पहले की सरकारों की नियत सही नहीं थी। पिछड़ा वर्ग द्वारा उनको सम्मान के तौर पर पगड़ी पहनाये जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पगड़ी के मान-सम्मान को हमेशा ऊंचा रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी से समय-समय पर गाइडेंस लेते रहते हैं और पूरे प्रदेश में एक समान विकास करवाने की नियत रखते हैं।

सैनी ने यह भी कहा कि वे राज्य में पढ़ाई और नौकरी का माहौल बदल रहे हैं, मेरिट के आधार पर भर्ती की जा रही है। सिस्टम को बदल रहे हैं। उन्होंने 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी की परीक्षा के प्रबंधों की जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षार्थियों के लिए घर से परीक्षा केंद्र तक लाने और वापस ले जाने के लिए बसों का निशुल्क प्रबंध किया जा रहा है, ताकि युवाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। लड़कियों के साथ घर के एक सदस्य को भी जाने की अनुमति दी गई है।

लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के मेहनतकश लोग हैं, इनमें कोई न कोई हुनर है। इस वर्ग के लोगों के साथ पूर्व की सरकारों में भेदभाव होता रहा है, लेकिन वर्तमान सरकार वंचितों और पिछड़ा वर्ग के लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर क्रीमी लेयर की आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करने पर मुख्यमंत्री सैनी का आभार जताया। राजयसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने मुख्यमंत्री आवास पर पिछड़ा वर्ग के लोगों की भारी संख्या को महाकुंभ बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से खुश होकर पिछड़ा वर्ग के लोग महापुरुषों की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में भी महाकुंभ की तरह उमड़ पड़ते हैं।

# सेक्टर-42 में लगाया फ्री मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

वार्ड नंबर 24 के अधीन आते सेक्टर-42 के कम्युनिटी सेंटर में रविवार को एमबीजी हेल्थकेयर फाउंडेशन और ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन की तरफ से फ्री मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित किया गया। यह कैंप चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी के सहयोग में आयोजित किया गया।

विख्यात ऑर्थोपेडिशियन डॉ. गुरविंदर सिंह बल और बल परिवार की ओर से सरदार बलकार सिंह बल की प्रेमपूर्ण स्मृति और पुण्य तिथि पर फ्री शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टर्स, ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविंदर सिंह बिल्ला जी सहित आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी और वार्ड निवासी मौजूद रहे।

बंटी ने बताया कि इस फ्री मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप शिविर की प्रमुख विशेषताएं हड्डियों एवं जोड़ों की जांच, नेत्र जांच एवं मुफ्त चश्मा वितरण, जनरल मेडिसिन व मधुमेह (डायबिटीज) की जांच, डेंटल (दंत) जांच, फिजियोथैरेपी सलाह, बीपी, शुगर की निशुल्क जांच की। यह सभी सेवाएं एमबीजी पेन फ्री क्लिनिक, चंडीगढ़ (यूटी) के सौजन्य से प्रदान की गई। जिसमें डॉ. गुरविंदर सिंह बल, डॉ. कोमल बल, एमएस (ऑप्थल्मोलॉजी) सीनियर नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. तुषार धीर, एमडी (मेडिसिन) मधुमेह एवं दीर्घकालिक रोगों के विशेषज्ञ, डॉ. रूपिंदर, दंत चिकित्सक और डॉ. सविता, न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट जाने-माने विशेषज्ञ डॉक्टरों का योगदान रहा।

ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविंदर सिंह बिल्ला ने आमजन के लिए लगाए गए इस कैंप की सराहना की और कहा कि इस तरह के कैंप आम लोगों विशेषकर सीनियर सिटीजन के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं, जो हॉस्पिटल की लंबी लाइन में लगने में असमर्थ होते है।

इस शिविर के दौरान एक ऐसे जरूरतमंद मरीज का चयन किया गया, जो हिप जॉइंट की गंभीर समस्या से पीड़ित है। उस मरीज का टोटल हिप रिप्लेसमेंट ऑपरेशन ईश्वर की कृपा से पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा। जो कि स्व. सरदार बलकार सिंह बल की पुण्य स्मृति को समर्पित रहेगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थोपेडिक सहित अन्य बीमारियों से जूझ रहे लोगों को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना था। शिविर में 200 से अधिक मरीजों की विभिन्न बीमारियों से संबंधित रोगों की जांच की गई।

## दावा : कानून व्यवस्था मजबूत व अपराधों में आई कमी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा में कांग्रेस के आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी का दावा किया जाने के बाद सरकार ने राज्य की क्राइम रिपोर्ट पेश करते हुए दावा किया है कि राज्य में कानून व्यवस्था मजबूत है और आपराधिक घटनाओं में भारी कमी दर्ज की गई है। एसटीएफ हरियाणा ने वर्ष 2023 से अब तक 433 मोस्ट वांटेड, 248 गैंगस्टर और गैंग सदस्य व 792 जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

**हरियाणा सरकार की नशा माफिया और गैंगस्टरों पर कड़ी कार्रवाई**

सरकारी प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि अपराध दर को लेकर दिए गए कांग्रेस के बयान भ्रामक व तथ्यहीन हैं। कांग्रेस जनता में भय का माहौल पैदा करने और गुमराह करने का काम कर रही है। विपक्ष के नेता यदि एक बार पुलिस विभाग के वर्ष 2004 से 2014 तथा 2014 से 2024 के जारी किए गए तथ्यात्मक आंकड़े देख लेते तो शायद वे इस तरह की बयानबाजी नहीं करते। सरकारी प्रवक्ता ने हरियाणा राज्य क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़े साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2004-14 के बीच अपराधों में औसतन वार्षिक वृद्धि अधिकतम 18.69 प्रतिशत रही थी, जबकि 2014 से 2024 के बीच स्नैचिंग को छोड़कर अधिकतर मामलों में यह वृद्धि माइनस में रही, जो कांग्रेस के 10 वर्षों के समय हमेशा प्लस में रही थी। प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2004 में हत्या के 733 मामले दर्ज हुए थे जो वर्ष 2014 में बढ़कर 1106 मामले हो गए और इस प्रकार इनमें वार्षिक वृद्धि 3.81 प्रतिशत दर्ज की गई। वर्ष 2014 में अत्याधिक 1106 मामले थे, तो वर्ष 2024 में 966 दर्ज किए गए जिसकी वार्षिक वृद्धि प्रतिशता -1.22 रही।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 और 2024 के वार्षिक आंकड़ों की तुलना से भी स्पष्ट है कि मामलों में कमी आई है। डकैती के मामलों में 31.98 प्रतिशत, बलात्कार के प्रयास के मामलों में 53.82 प्रतिशत की गिरावट, छेड़छाड़/यौन उत्पीड़न के मामलों में लगभग 35 प्रतिशत संगठित डकैती मामलों में 38.17 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 31.97 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई।

## सिरसा में साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने साइबर फ्रॉड मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिरसा साइबर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने रविवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय व अमित कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मनप्रीत सिंह निवासी पनिहारी की शिकायत में पुलिस ने साइबर ठगी का मामला दर्ज किया था। मनप्रीत ने बताया कि अज्ञात लोगों ने उसके बैंक खाते से एक लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए।

पुलिस ने जांच की तो पता चला कि रुपए लेखराज यादव के खाते में ट्रांसफर हुए हैं, जिस पर पुलिस ने उससे पूछताछ की। लेखराज ने खुलासा किया कि उसने यह बैंक खाता और एटीएम अमित कुमार को बेचा था। अमित ने भी यह बैंक खाता और एटीएम लालच में अजय को 20 हजार रुपए में बेच दिया। जिस पर पुलिस ने अमित को भी काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और ठगी के अन्य मामलों में भी पूछताछ की जाएगी।

## ओलंपिक भवन में अब हरियाणा के भीम अवार्डी खिलाड़ियों के भी लगेंगे फोटो

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा ओलंपिक संघ ने प्रदेश के नये खिलाड़ियों को पुराने और नामचीन खिलाड़ियों से रू-ब-रू करवाने का बीड़ा उठाया है। पंचकूला के सेक्टर-3 स्थित हरियाणा ओलंपिक भवन में बनी फोटो गैलरी में अब हरियाणा का नाम रोशन करने वाले भीम अवार्डी खिलाड़ियों के फोटो लगाए जाएंगे।

इस ओलंपिक भवन में अभी तक 126 खिलाड़ियों के फोटो लगाए जा चुके हैं। पहले चरण में उन खिलाड़ियों को शामिल किया है, जो पदमश्री, खेल रत्न, द्रोणाचार्य और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। दूसरे चरण में भीम अवार्डी खिलाड़ियों के फोटो ओलंपिक भवन में लगाए जाएंगे। ओलंपिक संघ ने खिलाड़ियों की जानकारी व फोटो जुटाने में कड़ी मेहनत की है। हरियाणा ओलंपिक संघ 1967 से लेकर अभी तक के अधिकांश अवार्डी खिलाड़ियों के फोटो लगाने में कामयाब रहा है। बड़ी बात यह है कि इनमें से कई खिलाड़ियों का डेटा खेल विभाग के पास भी नहीं है, लेकिन फिर भी एचओए ने यह जानकारी जुटाने में सफलता हासिल की है।

हरियाणा के ओलंपिक भवन में पुराने और अवार्डी खिलाड़ियों के फोटो इसीलिए लगाए गए हैं, ताकि यहां आने वाले नए व युवा खिलाड़ी उनसे प्रेरणा ले सकें। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके कपिल देव, वालीवॉल के दलेल सिंह, भीम सिंह, महावीर सिंह, नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, गीतिका जाखड़, योगेश्वर दत्त आदि खिलाड़ी लिस्ट में शामिल हैं।

### दक्षिण कोरिया में बारिश से 14 लोगों की मौत

**एजेंसी, सियोल।** दक्षिण कोरिया में भारी बारिश से 14 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लापता हैं। आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि रविवार को भारी बारिश के दौरान मकान ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सियोल के उत्तर-पूर्व में स्थित गैप्योंग शहर में एक अन्य व्यक्ति उफनती नदी में बह जाने से मृत पाया गया। मंत्रालय ने कहा कि शनिवार को दक्षिणी शहर सानचियोंग में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अचानक बाढ़ आने से आठ लोग मृत पाए गए तथा छह अन्य लापता बताए गए। (अनंत ज्ञान)

### ईरान की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी में लगी आग

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिम में स्थित सबसे पुरानी और सबसे बड़ी रिफाइनरी में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सरकारी ईरानी अखबार के अनुसार अबादान रिफाइनरी की एक मरम्मताधीन इकाई में लीक हुए पंप के कारण शनिवार को आग लग गई। इसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई। दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया और परिचालन प्रभावित नहीं हुआ। ईरान के संसद के उपाध्यक्ष अली निकजाद ने रविवार को पुष्टि की कि कुछ श्रमिक भी घायल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन में कई फिलिस्तीन समर्थक गिरफ्तार



**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले कई लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है। प्रतिबंधित समूह- फलस्तीन एक्शन के समर्थन में लंदन की सड़कों पर उतरे आक्रोशित लोग कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। ब्रिटिश पुलिस ने जिस फलस्तीनी अधिकार संगठन का समर्थन करने के आरोप में प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है, इसे प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार गैरकानूनी घोषित कर चुकी है। सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तीसरे सप्ताहांत भी जारी रहा। तख्तियां लहराते हुए प्रदर्शनकारी लंदन, मैनचेस्टर, एडिनबर्ग, ब्रिस्टल, लंदनडेरी और ट्रूरो में जमा हुए। बता दें कि बीते 20 जून को ऑक्सफ़ोर्डशायर के ब्रिज नॉर्टन में प्रदर्शनकारियों और कार्यकर्ताओं ने रॉयल एयर फ़ोर्स बेस में घुसकर हमला कर दिया था। इसके बाद सरकार ने फिलिस्तीन एक्शन नाम के संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया। सरकार के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने दो विशाल टैंकर विमानों के जेट इंजनों पर लाल रंग छिड़क दिया था। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# सेना की बहादुरी का श्रेय न ले केंद्र सरकार : उद्धव ठाकरे

**एजेंसी, मुंबई**



शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सवाल उठाया कि जब सेना ने साहस दिखाया, तो फिर सरकार ने उनके कदम क्यों रोके? क्या सरकार किसी दबाव में थी? उन्होंने कहा कि सेना की बहादुरी का श्रेय किसी सरकार को नहीं जाना चाहिए। उद्धव ने ये बातें पार्टी के मुखपत्र 'सामना' को दिए इंटरव्यू में कहीं। दरअसल, विपक्ष के सभी नेता 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर का मुद्दा उठाने वाले हैं। भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर भी विपक्ष सरकार से जवाब चाहती है।

**सवाल-आर्मी ने साहस दिखाया, तो केंद्र ने उनके कदम क्यों रोके**

ट्रंप ने दो दिन पूर्व ही दावा किया था कि इस युद्ध में कम से कम 5 जेट मार गिराए गए थे। हालांकि ये जेट विमान किस देश के थे, इसका खुलासा नहीं किया। इसको लेकर राहुल ने एक्स पर पोस्ट किया था, 'मोदी जी, 5 जहाजों का सच क्या है? देश को जानने का हक है।' उद्धव के शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' को दिए इंटरव्यू का पहला पार्ट शनिवार को जारी हुआ था। इसमें उन्होंने हिंदी- मराठी विवाद पर अपनी बात रखी थी। (अनंत ज्ञान)

## ठाणे में एयरहोस्टेस के साथ सहकर्मी ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**एजेंसी, ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक 23 वर्षीय एयरहोस्टेस के साथ उसके सहकर्मी ने अपने घर पर कथित तौर पर दुष्कर्म किया। रविवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर, पुलिस ने मीरा रोड इलाके के निवासी आरोपी को 29 जून को हुए हमले के सिलसिले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक धीरज कोली ने बताया कि 25 वर्षीय आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 351(2) (आपराधिक धमकी) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। (अनंत ज्ञान)

# इसराइली सेना ने मध्य गाजा को खाली करने का दिया आदेश

**एजेंसी, तेल अवीव**



इसराइली सेना ने मध्य गाजा को खाली करने का आदेश जारी कर दिया है। मध्य गाजा उन इलाकों में शामिल है, जहां इसराइल के सैनिकों ने ज्यादा कार्रवाई नहीं की है। इससे दीर अल बलाह और राफा और खाना यूनिस के बीच संपर्क टूट गया है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब इसराइल और हमास कतर में युद्धविराम को लेकर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों का कहना है कि फिलहाल कोई सफलता नहीं मिली है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि गाजा में इसराइली सैन्य अभियानों से हमास पर बातचीत करने का दबाव पड़ेगा।

**हमास पर बातचीत करने का दबाव**

हालांकि अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। गाजा के जिस इलाके में निकासी का आदेश दिया गया है, वहां कई अंतरराष्ट्रीय संगठन भी स्थित हैं, जो लोगों को सहायता वितरित करने का प्रयास कर रहे हैं। संगठनों ने इसराइल की निकासी चेतावनियों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। (अनंत ज्ञान)

# एयर क्रैश मामला : सरकार को एएआईबी पर पूरा भरोसा : नायडू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अहमदाबाद में बीते 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर चर्चा जारी है। इसी बीच केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने रविवार को एयर इंडिया 171 विमान हादसे को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि एएआईबी पूरी जिम्मेदारी से और अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत जांच कर रही है।

राम मोहन नायडू ने एएआईबी रिपोर्ट को लेकर विदेशी मीडिया के दावों पर भी निशाना साधा। उन्होंने खासकर पश्चिमी मीडिया को आगाह किया कि वे अफवाहें फैलाने और बिना पुष्टि वाली खबरें छापने से बचें। नायडू ने कहा कि हमें एएआईबी पर पूरा भरोसा है।

उन्होंने ब्लैक बॉक्स को भारत में ही डिकोड कर एक बेहतरीन काम किया है। जब तक अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कोई भी निष्कर्ष निकालना सही नहीं है। बता दें कि हाल ही में कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि विमान के उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद पायलट ने गलती से फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद कर दिए, जिससे कॉकपिट में घबराहट फैल गई। इस पर एएआईबी ने कड़ा ऐतराज जताया था। (अनंत ज्ञान)

## एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स लाई ओडिशा में जलाई गई नाबालिग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ओडिशा में आग से झुलसी किशोरी को एम्स भुनवेश्वर से एयरलिफ्ट कर राष्ट्रीय राजधानी लाया गया और दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। बालंगा थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों ने शनिवार को 15 वर्षीय लड़की के ऊपर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया था, जिससे वह 70 फीसदी झुलस गई थी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस घटना पर दुख जताया। सोशल मीडिया में माझी ने लिखा, पीड़िता को सर्वोत्तम उपचार के लिए दिल्ली के एम्स में एयरलिफ्ट किया गया है। राज्य सरकार इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करेगी। मैं भगवान जगन्नाथ से लड़की के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। (अनंत ज्ञान)

# जम्मू-कश्मीर में अब तुष्टिकरण से नहीं नीति से कायम हो रही शांति : डॉ. जितेंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अनुच्छेद 370 हटाए जाने की छठी वर्षगांठ से पहले केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अब जम्मू-कश्मीर में शांति तुष्टिकरण की नीति से नहीं, बल्कि मजबूत और स्पष्ट नीति से लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने एक बड़ा बदलाव लाया है, जिसमें अब अलगाववादियों को भी झुकना पड़ा है। एक विशेष वीडियो इंटरव्यू में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों में देश के साथ मानसिक और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'पहले वहां के नागरिक खुद को अलग मानते थे क्योंकि उन्हें बचपन से ऐसी सोच में ढाला गया था। अब उनमें देश के प्रति अपनापन और आत्मीयता की भावना आई है।' (अनंत ज्ञान)



**जम्मू-कश्मीर की बेटियों से अब नहीं होता भेदभाव**

डॉ. जितेंद्र ने कहा कि अनुच्छेद 370 की वजह से कई भारतीय कानून जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं होते थे, जिससे वहां के लोगों को कई अधिकार नहीं मिलते थे। जम्मू-कश्मीर की बेटियों को पहले संपत्ति में अधिकार नहीं मिलता था अगर वे राज्य के बाहर शादी करती थीं। अब यह भेदभाव खत्म हो गया है।

**5 अगस्त, 2019 में क्या हुआ था?**

**केंद्र** सरकार ने 5 अगस्त,2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जे से मुक्त किया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, में बांट दिया था।

**चिंता** — चीन के कदम से भारत और बांग्लादेश में बढ़ने लगीं चिंताएं

# चीन ने ब्रह्मपुत्र पर शुरू किया बांध निर्माण

**एजेंसी, बीजिंग**



चीन ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा डैम बनाना शुरू कर दिया है। शनिवार को चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग ने इसकी शुरुआत की। इसकी कुल लागत करीब 167.8 अरब डॉलर (लगभग 12 लाख करोड़ रुपए) बताई गई है। यह डैम अरुणाचल प्रदेश की सीमा से सटे न्यिंगची शहर में बनाया जा रहा है। इसे लेकर भारत और बांग्लादेश दोनों ने गहरी चिंता जताई गई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक परियोजना में पांच सीढ़ीदार (कैस्केड) जलविद्युत स्टेशन होंगे। इससे हर साल 300 अरब किलोवॉट-घंटे से अधिक बिजली पैदा होगी। इस बिजली से 30 करोड़ लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। अभी दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत पॉवर स्टेशन 'थ्री गॉर्जेस' डैम चीन के हुबेई प्रांत में यांग्जी नदी पर बना हुआ है। इसकी सलाना क्षमता 88 अरब किलोवाट प्रति घंटा है। (अनंत ज्ञान)

**दुनिया का सबसे बड़ा डैम होगा**

**भारत के विरोध की वजह**

**ब्रह्मपुत्र** नदी पर बनने वाला बांध तिब्बत पठार के पूर्वी छोर पर हिमालय की विशाल घाटी में बनाया जाएगा। इस इलाके में अक्सर भूकंप आते हैं। बांध के बनने से ईकोसिस्टम पर दबाव पड़ सकता है जिससे कई हादसे हो सकते हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य और बांग्लादेश पहले से ही भयंकर बाढ़ की घटनाओं का सामना कर रहे हैं और जलवायु परिवर्तन के कारण उन्हें और अधिक चुनौतियों जैसे- भूस्खलन, भूकंप और बाढ़ आदि का सामना करना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस बांध के बनने से भारत की चिंता बढ़ गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 3 जनवरी को एक प्रेस ब्रीफिंग में इस बांध को लेकर आपत्ति जताई थी।

## सीरिया में सांप्रदायिक हिंसा में 940 की मौत

**एजेंसी, स्वेदा।** सीरिया के द्रूज बहुल स्वेदा क्षेत्र में शनिवार को सांप्रदायिक हिंसा तेज हो गई। कई दिनों की हिंसा के बाद इस्लामिक नेतृत्व वाली सरकार सीजफायर लागू करने में नाकाम रही। हिंसा की शुरुआत द्रूज समुदाय और बेदुईन जनजातियों के बीच झड़पों से हुई। रॉयटर्स के मुताबिक अभी तक हताहतों की पुष्टि नहीं हुई है। सरकार ने दक्षिणी क्षेत्र में सुरक्षा बल तैनात किए थे, लेकिन हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही। शनिवार देर रात, गृह मंत्रालय ने दावा किया कि स्वेदा शहर में झड़पें रोक दी गईं और बेदुईन जनजातीय लड़ाकों को हटा दिया गया। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में स्वेदा के आसपास हुई झड़पों में कम से कम 940 लोग मारे गए हैं। सरकार ने तनाव कम करने के लिए सेना भेजी, लेकिन द्रूज लड़ाकों के साथ उनकी भी झड़प हो गई। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### मैनचेस्टर टेस्ट मैच से पहले ऋषभ पंत ने जमकर बहाया पसीना



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने अपनी चोट को लेकर एक बड़ा इशारा दिया है। रविवार को उन्होंने एक 31 सेकंड का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उन्हें बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी करते हुए देखा जा सकता है। पंत की ये वीडियो 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले आई है। इसमें वो फुटबॉल खेलते, फील्डिंग ड्रिल करते और नेट्स में बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं। हालांकि, फुटबॉल खेलने का वीडियो लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का है। सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने कहा कि पंत मैनचेस्टर में बल्लेबाजी करेंगे और उनकी चोट उन्हें टेस्ट से बाहर नहीं रखेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पंत ने तीसरे टेस्ट में दर्द के साथ बल्लेबाजी की थी और अब उनकी उंगली बेहतर हो रही है। पंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- अगर शांति की कोई आवाज होती, तो वो यही होती। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले दिन पंत को बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी। जसप्रीत बुमराह की गेंद को रोकने की कोशिश में उनके हाथ में चोट लगी। पंत को बुमराह के 34वें ओवर में चोट लगी। उन्होंने गेंद को रोकने के लिए डाइव लगाई थी। गेंद उनके हाथ से लगकर निकली और इंग्लैंड के बल्लेबाजों जो रूट और ओली पोप ने दो रन दौड़ लिए।इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद पूरे मैच में उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। (अनंत ज्ञान)

### आईपीएल के बाद विराट कोहली की टीम ने जीता ई1 सीरीज का खिताब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आरसीबी टीम ने हाल ही में 18 साल बाद पहली आईपीएल ट्रॉफी जीती, उन्होंने पंजाब किंग्स को फाइनल में हराकर खिताब जीता था। बतौर प्लेयर विराट कोहली की ये पहली आईपीएल ट्रॉफी थी, अब कुछ समय बाद कोहली की टीम ने एक और बड़ा खिताब जीता है। हालांकि, यह उन्होंने बतौर क्रिकेटर नहीं बल्कि टीम के मालिक के तौर पर जीता है। विराट कोहली टीम ब्लू राइजिंग के सह-मालिक हैं। भारतीय क्रिकेटर की इस टीम में आदी के मिश्रा के साथ हिस्सेदारी है। उनकी इस टीम ने मोनाको में ई1 सीरीज का खिताब जीता। ब्लू राइजिंग ने लेब्रोन जेम्स, टॉम ब्रैडी, मार्क एंथनी, डिडिएर ड्रोग्बा, राफेल नडाल और मार्सेल क्लेयर जैसे दिग्गजों के मालिकाना हक वाली टीमों को हराकर अपना पहला खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

### एना के आगे मॉडल्स भी फेल

**सर्बिया।** सर्बिया की टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविक भी खूबसूरती में किसी से पीछे नहीं हैं। वह दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। उनकी सुंदरता के आगे कई मॉडल्स फेल हैं। वह अपने आक्रामक खेल के लिए जानी जाती हैं।



### इंडिया-ए में खेल चुके हैं कंबोज, पेसर आकाश दीप और अर्शदीप के चोटिल होने के बाद हुआ बदलाव

# भारत-इंग्लैंड के चौथे टेस्ट से पहले अंशुल कंबोज की टीम इंडिया में एंट्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। भारत सीरीज में 1-2 से पीछे है। आकाश दीप कमर में दर्द से जूझ रहे हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में खेले थे, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने अभी तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है। टेस्ट सीरीज से पहले खेले गए इंग्लैंड लायंस और इंडिया-ए सीरीज में कंबोज शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, आकाश दीप की उपलब्धता पर अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं है, जबकि अर्शदीप के मैनचेस्टर टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध होने की संभावना कम है, इसलिए सिलेक्टर्स ने कंबोज को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। (अनंत ज्ञान)

### अंशुल ने रणजी ट्रॉफी की एक पारी में 10 विकेट झटके

**टेस्ट** सीरीज से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया-ए के लिए दो मैचों में शानदार प्रदर्शन के बाद 24 साल के कंबोज टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने नॉर्थेम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिए थे। पिछले साल लाहली में केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने के बाद कंबोज सुर्खियों में आए थे। वह बंगाल के प्रेमांसु चटर्जी (1956-57) और राजस्थान के प्रदीप सोमसुंदरम (1985-86) के बाद रणजी ट्रॉफी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल तीसरे गेंदबाज हैं।





### प्रैक्टिस करते समय चोटिल हुए अर्शदीप

**अर्शदीप** सिंह वीरवार को चौथे टेस्ट के लिए प्रैक्टिस करते समय बॉलिंग के दौरान वे गेंद रोकने की कोशिश में खुद को इंजर्ड कर बैठे। टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच टेन डोश्चेट ने बताया था कि बॉलिंग के दौरान अर्शदीप के हाथ में कट लग गया। यह कट कितना गहरा है, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। अगर उन्हें हाथ में टांके लगाने की जरूरत पड़ी तो उनका प्रैक्टिस करना भी मुश्किल हो जाएगा।

### मैनचेस्टर पहुंची भारतीय टीम

**भारत** और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमें रविवार को मैनचेस्टर पहुंच गईं। उससे पहले टीमें लंदन के बेकनहम में ही प्रैक्टिस कर रही थीं। लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में तीसरा टेस्ट खेला गया था। जिसे इंग्लैंड ने 22 रन से जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। भारत ने दूसरा टेस्ट जीता था। टीम इंडिया चौथा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-2 से बराबरी करना चाहेगी।



# भारत और पाकिस्तान के बीच डब्ल्यूसीएल का मुकाबला रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) का मुकाबला रद्द कर दिया गया है। आयोजकों ने यह फैसला भारतीय खिलाड़ियों के नाम वापस लेने के बाद लिया है। डब्ल्यूसीएल ने भी इस संबंध में बयान दिया है। इस मैच को लेकर भारतीय प्रशंसकों में काफी नाराजगी थी। इतना ही नहीं, शिखर धवन, सुरेश रैना और हरभजन सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के इस मैच का बहिष्कार करने की खबरें भी सामने आई थी। शिखर धवन ने भी एक्स पर इस मैच को लेकर रोष जताया था। उन्होंने लिखा, जो कदम मैंने 11 मई को लिया, उस पर आज भी वैसे ही खड़ा हूं। मेरा देश मेरे लिए सब कुछ है और देश से बढ़कर कुछ नहीं होता। जय हिंद। (अनंत ज्ञान)

**भारतीय खिलाड़ियों ने किया था बहिष्कार**




### सोशल मीडिया पर फैंस ने जताया था रोष

**पहलगाम** हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। इस टूर्नामेंट से सुरेश रैना, शिखर धवन और हरभजन सिंह ने नाम वापस लिया था। हालांकि, सोशल मीडिया पर भी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर काफी रोष जताया जा रहा था। आखिरकार आयोजकों ने इस रद्द करने का फैसला किया। युवराज सिंह की अगुवाई वाली टीम का इस टूर्नामेंट में यह पहला मुकाबला था। भारतीय टीम में शिखर धवन, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और अंबाटी रायुडू जैसे बल्लेबाज शामिल हैं।

### आयोजकों ने मांगी माफी

**डब्ल्यूसीएल** ने बयान में बताया कि हाल ही में दोनों देशों के बीच वॉलीबॉल मैच के बाद भारत-पाकिस्तान मुकाबले का कार्यक्रम रखा गया था। हालांकि, मैच रद्द करने का फैसला लिया गया है। डब्ल्यूसीएल भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगता है। सूत्रों के अनुसार, कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलने के पक्ष में थे।

### आईसीसी ने डेवलपमेंट अवॉर्ड्स 2024 के वैश्विक विजेताओं का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को आईसीसी डेवलपमेंट अवॉर्ड्स 2024 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा की है। 'डेवलपमेंट अवॉर्ड्स' 2002 में शुरू किए गए थे, जिनका उद्देश्य आईसीसी के एसोसिएट सदस्य देशों की नई सोच और पहलों को सम्मान देना है। आईसीसी के अनुसार 2024 के अवॉर्ड्स में कुल सात श्रेणियां हैं। इस बार आईसीसी एक्स रेक्सोना क्रियो फेस्टिवल ऑफ द ईयर अवार्ड नामक नई कैटेगरी जोड़ी गई है। भूटान, इंडोनेशिया, नामीबिया, नेपाल, स्कॉटलैंड, तंजानिया, अमेरिका और वानुअतु अवार्ड पाने वाले आठ सदस्य देश हैं। आईसीसी ने बताया कि क्रिकेट नामीबिया को आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर चुना गया है। क्रिकेट नामीबिया ने अपने एशबर्टन क्वाटा मिनी-क्रिकेट कार्यक्रम के लिए यह अवार्ड जीता है। इस बार आईसीसी फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर का खिताब दो विजेताओं को दिया गया। भूटान क्रिकेट काउंसिल बोर्ड और वानुअतु क्रिकेट एसोसिएशन को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यूएसए क्रिकेट को आईसीसी एसोसिएट मेंबर्स मेंस टीम परफॉर्मेंस ऑफ द ईयर चुना गया। क्रिकेट स्कॉटलैंड को आईसीसी एसोसिएट मेंबर्स वुमेंस टीम परफॉर्मेंस ऑफ द ईयर से नवाजा गया है। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन को आईसीसी डिजिटल फैन एंगेजमेंट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला है। इसके अलावा पर्सटुआन क्रिकेट इंडोनेशिया को आईसीसी क्रिकेट 4 गुड सोशल इम्पैक्ट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है, जबकि आईसीसी एक्स रेक्सोना क्रियो फेस्टिवल ऑफ द ईयर का अवार्ड तंजानिया क्रिकेट एसोसिएशन को मिला है। (अनंत ज्ञान)

### वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 आज

# ऑस्ट्रेलिया ने प्लेइंग-11 का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**




मैट शॉर्ट के कैरेबियाई टी20 दौरे से बाहर होने के बाद, जेक फ्रेजर-मैकगर्क वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच में पारी की शुरुआत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। यह मैच भारतीय समय के अनुसार, सोमवार सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर सबीना पार्क में खेला जाएगा। फ्रेजर-मैकगर्क को कैरेबियाई दौरे के लिए देर से बुलाया गया है। शुरुआत में मैकगर्क को 16 सदस्यीय टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन इसके बाद उन्हें स्पेंसर जॉनसन की जगह टीम में बुलाया गया।

इस मुकाबले के साथ ऑलराउंडर मिचेल ओवेन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू करने जा रहे हैं। वह मध्यक्रम में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज खेलनी है, जिससे पहले जमैका में ट्रेनिंग के बाद मैट शॉर्ट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। ऐसे में उन्हें वापस ऑस्ट्रेलिया लौटना पड़ गया। कमिंस समेत कई वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम

वहीं, दूसरी ओर टिम डेविड को आईपीएल-2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते हुए हैमस्ट्रिंग की चोट लगी। वह इससे उबर रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच में कूपर कोनोली सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड, एलेक्स कैरी के साथ पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दिया है।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने कहा कि हम हमेशा यही सोचते हैं कि ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य सीरीज जीतना है। यही हमारी टीम का कल्चर है। हम इसी सोच के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। इस सीरीज में कुछ खिलाड़ियों को मौके मिलेंगे। कुछ मुख्य खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# गंभीर की कोचिंग से खुश नहीं हरभजन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। टीम इंडिया सीरीज में अभी 1-2 से पीछे चल रही है। गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम टेस्ट फॉर्मेट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हार मिली थी। ऐसे में गंभीर की टेस्ट कोचिंग पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि भारत को टेस्ट और वनडे-टी20 क्रिकेट के लिए अलग-अलग कोचिंग के विकल्प पर विचार करना चाहिए। गौतम गंभीर ने 2024 के टी20 विश्व कप के बाद भारत के कोच का पद संभाला था। उनके कार्यकाल में वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैचों में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। गंभीर की कोचिंग में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती। साथ ही उनके कार्यकाल के दौरान टीम ने कोई टी20 सीरीज नहीं गंवाई।

हरभजन ने सुझाव दिया कि लाल गेंद और सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अलग-अलग कोचों का इस्तेमाल करना गलत नहीं है, क्योंकि खिलाड़ी और टीमें अलग-अलग होती हैं। पूर्व स्पिनर ने कहा कि इस विकल्प से कोचों समेत सभी का काम का बोझ कम होगा। हरभजन ने कहा कि मुझे लगता है कि अगर इसे लागू किया जा सकता है, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### गंभीर का रिपोर्ट कार्ड

**गंभीर** की कोचिंग में भारतीय टीम ने 13 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले जीते हैं। 2 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। वनडे में भारत ने 11 मैचों में 8 जीत, दो हार और एक टाई का रिकॉर्ड बनाया। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो गंभीर का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। बांग्लादेश को हराने के बाद भारत को न्यूजीलैंड ने घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप किया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने गंभीर के नेतृत्व में 13 में से केवल 4 टेस्ट जीते हैं, जिनमें से 8 हारे हैं और एक ड्रॉ रहा है।

### फ्लॉप होने के बावजूद नायर को टीम में मिली जगह

# करुण नायर की दो साल बाद घर वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

करुण नायर को 2022 सीजन में कर्नाटक की टीम से ड्रॉप कर दिया गया था। उन्हें किसी भी फॉर्मेट में मौका नहीं मिल रहा था। 10 दिसंबर 2022 को नायर ने एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने लिखा- डियर क्रिकेट मुझे एक और मौका दे दो। यहां नायर को विदर्भ का साथ मिला। उन्होंने 2023 में कर्नाटक को छोड़कर विदर्भ के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलने का फैसला किया। यहीं से करुण नायर का करियर पूरी तरह पलट गया।



विदर्भ के लिए खेलते हुए करुण नायर का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने रणजी ट्रॉफी से लेकर विजय हजारे ट्रॉफी में रनों की बरसात कर दी। इस दौरान विदर्भ ने 2023-24 रणजी सीजन का फाइनल खेला। फिर 2024-25 सीजन को जीतने में सफल रही। विजय हजारे ट्रॉफी में नायर ने के पिछले सीजन में नायर ने 8 पारियों में 5 शतक की मदद से 779 रन ठोके। पूरे टूर्नामेंट में वह सिर्फ दो बार ही आउट हुए। इस प्रदर्शन के बाद उन्हें आईपीएल में मौका मिला और टीम इंडिया में भी एंट्री हो गई। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक वापस लौट रहे नायर

**जिस** टीम की वजह से करुण नायर को इतनी सफलता मिली। अब उन्होंने उस विदर्भ टीम का साथ छोड़ने का फैसला किया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक करुण नायर अगले सीजन में कर्नाटक के लिए फिर से खेलते नजर आएंगे। नायर अभी भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। नायर ने निजी कारणों से विदर्भ को छोड़कर फिर से कर्नाटक के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने का फैसला लिया है।

# मुरली श्रीशंकर ने 7 .75 मीटर की लगाई सर्वश्रेष्ठ छलांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**




पुर्तगाल एथलेटिक्स मीट में पहला स्थान भारत के लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने मीटिंग माया सिदादे दो देसपोर्टो 2025 में देश का नाम रोशन किया है। यह एक वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर का ब्रॉन्ज-लेवल मुकाबला था, जिसमें श्रीशंकर ने 7.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर पहला स्थान हासिल किया है।

श्रीशंकर ने प्रतियोगिता की शुरुआत 7.63 मीटर की छलांग से की। इसके बाद उन्होंने दूसरे राउंड में 7.75 मीटर की छलांग लगाई, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 7.69 मीटर की छलांग लगाई और चौथा प्रयास फाउल रहा। उन्होंने पांचवें प्रयास में 6.12 मीटर और आखिरी राउंड में 7.58 मीटर की छलांग लगाई। पोलैंड के पिओत्र टारकोव्स्की दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के क्रिस मिटरव्स्की ने तीसरा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

### घुटने की चोट के कारण खेल से रहे दूर

**बता** दें कि मुरली श्रीशंकर घुटने की चोट के चलते लंबे समय तक खेल से दूर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की है। मुरली श्रीशंकर को अप्रैल 2024 में घुटने में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा नहीं ले सके। उन्होंने 8.37 मीटर की छलांग के साथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2023 में रजत पदक जीतते हुए ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। 2023 का सीजन श्रीशंकर के लिए मिला-जुला रहा।

**महिला क्रिकेट**

### वनडे सीरीज 1-1 से बराबर, चेस्टर-ले-स्ट्रीट में होगा निर्णायक मुकाबला

# लॉर्ड्स में इंग्लैंड ने भारत को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी, लॉर्ड्स**

लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे वनडे में इंग्लैंड वूमेंस टीम ने भारत को 8 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लिश टीम ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। बारिश की वजह से मैच देर से शुरू हुआ और दोनों टीमों के लिए ओवर घटाकर 29-29 कर दिए गए।

भारत ने निर्धारित 29 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 143 रन बनाए। वहीं, बारिश की वजह से इंग्लैंड को 24 ओवर में 115 रन का टारगेट दिया गया। इंग्लैंड ने 21 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 116 रन बना कर टारगेट को हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। भारत का पहला विकेट 6 रन गिरा। दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर एम अर्लाट ने प्रतीका रावल को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। रावल ने 10 गेंदों का सामना कर 3 रन बनाए। उसके बाद स्मृति मंधाना और हरलीन देओल ने भारतीय पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को 10वें ओवर में सोफी एकलेस्टोन ने तोड़ा। उन्होंने 46 के स्कोर पर देओल को अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर आउट किया।



शॉट खेलती इंग्लैंड की बल्लेबाज एमी जोंस।

देओल ने 24 गेंदों का सामना कर 16 रन बनाए। इसके बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। हालांकि, मंधाना एक छोर पर डटी रही, लेकिन दूसरे छोर से एक्लेस्टोन ने हरलीन के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत (7) को भी चलता किया। जेमिमा रोड्रिग्स (3) और रिचा घोष (2) भी जल्दी पवेलियन लौट गई। जिससे भारतीय टीम का स्कोर एक विकेट पर 46 रन से पांच विकेट पर 72 रन हो गया। मंधाना ने 51 गेंदों पर 42 रन बनाए। उसके बाद दीप्ति शर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने इस दौरान अरुंधति रेड्डी (14) के साथ सातवें विकेट के लिए 26 रन की साझेदारी की। दीप्ति ने 34 गेंदों पर नाबाद 30 रन की पारी खेल भारत का स्कोर 29 ओवर के बाद 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन तक पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड ने आसानी से जीता मैच

**शुरुआत** में इंग्लैंड को 29 ओवर में 144 रन का लक्ष्य प्राप्त करना था, लेकिन फिर से बारिश होने के कारण लक्ष्य को संशोधित कर 24 ओवर में 115 रन कर दिया गया, तब 18.4 ओवर में इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 102 रन था। इंग्लैंड को एमी जोंस और टैमी ब्यूमोंट ने इंग्लैंड को तेज शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 10 ओवर में 54 रनों की साझेदारी की। ब्यूमोंट ने 35 गेंदों में 34 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल थे, लेकिन उन्हें स्नेह राणा ने आउट कर दिया। कप्तान नैट स्किवर-ब्रंट ने भी उपयोगी 21 रन जोड़े, लेकिन उन्हें भारत की क्रांति गौड़ ने बोल्ड कर दिया।